रांची

सोमवार, 23 जून, 2025

आषाढ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2082

स्थापित : 1991, संस्थापक : बलबीर दत्त

वर्ष : 34, अंक : 217

पृष्ठ : 12, मूल्य : 3.00


# देशप्राण

सच की ताकत

देशप्राण ESTD. 1991 सत्यस्य शक्तिः सर्वोपरि


contact@deshpran.in | Desh Pran | Desh Pran | Desh Pran | @deshpran | @deshpran | Desh Pran | www.deshpran.com


### सुविचार

जिस व्यक्ति में जीतने का जुनून होता है उसे कोई नहीं हरा सकता वो कही ना कही से लड़ कर आगे बढ़ जाता है।

### इतिहास के पन्नों में

23 जून



**स्मृति दिवस**

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी**

जन्म– 6 जुलाई 1901 ई.
मृत्यु– 23 जून, 1953 ई.

श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद और चिन्तक होने के साथ–साथ भारतीय जनसंघ के संस्थापक भी थे। उन्हें आज भी एक प्रखर राष्ट्रवादी और कट्टर देशभक्त के रूप में याद किया जाता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। संसद में उन्होंने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को ही अपना प्रथम लक्ष्य रखा था। संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा था कि राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है। भारतीय इतिहास में उनकी छवि एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व वाले ऐसे इनसान की है, जो अपनी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी अनेक भारतवासियों के आदर्श और पथप्रदर्शक हैं।

### ईरान-इजराइल युद्ध से भारत को तेल की टेंशन नही!

# रूस कर रहा है तेल की आपूर्ति

**✦ अमेरिका के विरोध की भारत ने कभी नहीं की परवाह**



**नई दिल्ली, 22 जून (हि.स.):** ईरान और इजराइल इस समय युद्ध में बुरी तरह से फंसे हुए हैं। अब तो अमेरिका ने भी ईरान-इजराइल युद्ध में इंट्री मार ली है। जब से ईरान और इजराइल में युद्ध शुरू हुआ है तब से यह आशंका जतायी जा रही है कि कच्चे तेल के दाम बढ़ेंगे और दुनिया भर में तेल की कीमतों में इजाफा होगा। भारत भी इस आशंका से ग्रसित था। क्योंकि भारत जैसे विशाल देश में ईंधन की कीमतों के बढ़ने के साथ ही महंगाई बढ़नी शुरू हो जाती है। जाहिर है इसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। इन तमाम आशंकाओं के बीच एक बड़ी राहत की खबर आ रही है। खबर है कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदने का फैसला कर लिया है। इसके लिए तेल कंपनियों ने जून महीने से ही हर दिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल मंगाना शुरू कर भी दिया है। बताया तो यह भी जा रहा है कि तेल की यह मात्रा इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कुवैत से खरीदे गये तेल की तुलना में ज्यादा है। मई में भारत ने रूस से 19.6 लाख बैरल तेल प्रतिदिन मंगाया है। अब यह आंकड़ा और बढ़ गया है। भारत ने जब से रूस से तेल मंगाना शुरू किया है। तब से अमेरिका इसका विरोध कर रहा है। अमेरिका यह नहीं चाहता कि रूस की अर्थव्यवस्था मजबूत हो, क्योंकि भारत विश्व में उन देशों में शुमार है जहां तेल के आयात की मात्रा अप्रत्याशित है। मगर भारत ने इसकी परवाह नहीं कि और रूस से लगातार तेल मंगा रहा है।

## ईरानी राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन वार्ता में प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय तनाव पर जतायी चिंता



**नई दिल्ली, 22 जून (हि.स.):** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने ईरान-इजराइल संघर्ष सहित क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने हालिया तनाव पर गहरी चिंता जताई और संवाद व कूटनीति को समाधान का मार्ग बताया। वार्ता के दौरान राष्ट्रपति पेजेशकियान ने प्रधानमंत्री को क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और ईरान-इजराइल संघर्ष पर विस्तार से जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने भारत की ओर से शांति और मानवता के पक्ष में खड़े रहने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए तुरंत तनाव कम करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस दिशा में संवाद और कूटनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास में दिए जा रहे सहयोग के लिए राष्ट्रपति पेजेश्कियान का आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस सहयोग में व्यापार, आर्थिक साझेदारी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा जन-जन के बीच संबंधों को प्रमुखता दी गई। दोनों नेताओं ने भविष्य में संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की। ईरान और इजराइल के बीच हाल ही में बढ़े सैन्य तनाव से पश्चिम एशिया में अशांति की स्थिति बनी हुई है। अब अमेरिका भी ईरान के तीन न्यूक्लियर ठिकानों को निशाना बनाकर इसमें शामिल हो गया है।

# हजारीबाग के बाड़म बाजार में दिनदहाड़े सात राउंड फायरिंग, अपराधियों के बढ़े हौसले

देशप्राण संवाददाता



**हजारीबाग, 22 जून :** हजारीबाग के सबसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में से एक बाड़म बाजार स्थित श्री ज्वेलर्स (संचालक अमर गुप्ता उर्फ सोनू) में रविवार को दोपहर करीब उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दिन के उजाले में दो नकाबपोश अज्ञात अपराधियों ने दुकान के सामने पहुंचकर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। यह पूरी घटना इतनी तेजी से और नाटकीय ढंग से घटी कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं पाए और अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। बाजार में कुछ समय के लिए पूरी तरह से दहशत का माहौल बन गया। अगर सूत्रों की माने तो एक हफ्ते पूर्व संचालक को व्हाट्सएप कॉलिंग के माध्यम से धमकी भरा कॉल आया था, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो युवक बाइक पर सवार होकर आए थे। जिसमें एक ने हेलमेट और दूसरे ने गमछा बंधा हुआ था और उनके हाथों में हथियार थे। जैसे ही वे श्री ज्वेलर्स के सामने रुके, उन्होंने बिना कोई चेतावनी दिए सीधे गोलियां चलानी शुरू कर दीं। गोलियों की आवाज से पूरा इलाका गूंज उठा.अपराधियों ने लगातार सात राउंड फायरिंग की और उसके बाद फरार हो गए। गोलियों की बौछार से दुकान का मुख्य द्वार, जो टफन ग्लास से बना था, चकनाचूर हो गया। दुकान के बाहर गोलियों के खोखे बिखरे पड़े नजर आए, जो इस पूरी वारदात की गंभीरता और भयावहता को दशार्ते हैं। हालांकि, राहत की बात यह रही कि दुकान का शीशा काफी मोटा था, जिस कारण गोली अंदर नहीं जा पाई और कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। गनीमत रही की जान-माल की क्षति नहीं हुई, वरना स्थिति और भयावह हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग पुलिस हरकत में आई और सदर थाना की टीम कुछ ही देर में घटनास्थल पर पहुंच गई। जांच के लिए सदर एसडीपीओ भी स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा तत्काल आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अपराधियों की पहचान करने का प्रयास तेजी से किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को किसी भी संदिग्ध की पुष्टि नहीं हो पाई है और इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान भी जारी नहीं किया गया है। यह विशेष रूप से चिंताजनक है कि जिस स्थान पर यह घटना घटी, वहां से महज 500 से 700 मीटर की दूरी पर सदर थाना स्थित है। इसके बावजूद इस प्रकार की घटना का घटित होना शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यह घटना दशार्ती है कि अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं और वे अब पुलिस से भी नहीं डर रहे।

### हजारीबाग गोलीकांड का वीडियो वायरल : अपराधी बोला, कोयला-जमीन का धंधा है तो मुझे मैनेज करो



वहीं इस मामले ने उस समय नाटकीय मोड़ ले लिया जब एक व्यक्ति ने खुद को इस गोलीकांड का जिम्मेदार बताते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी किया। वीडियो में वह व्यक्ति न सिर्फ खुले तौर पर इस अपराध की जिम्मेदारी स्वीकार करता है, बल्कि बेहद धमकी भरे लहजे में यह भी कहता है की अगर किसी को कोयला या जमीन का कारोबार करना है तो पहले उसे मुझे मैनेज करना होगा वरना गोली खाने के लिए तैयार रहो।वीडियो में उसने अपना नाम उत्तम यादव बताया है और अपराध को एक तरह से दिखावे और दबदबे की कार्रवाई के रूप में प्रस्तुत किया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद मामले ने नई और बेहद गंभीर दिशा ले ली है, क्योंकि अब यह स्पष्ट रूप से सुनियोजित आपराधिक वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश प्रतीत हो रही है।

## विमान दुर्घटना: अब तक 251 मृतकों के डीएनए सैंपल मैच

**✦ 245 शव परिजनों को सौंपे गये**



**अहमदाबाद, 22 जून (हि.स.):** विमान दुर्घटना में अब तक 251 मृतकों के डीएनए सैंपल मिलान हो चुके हैं। इनमें से कुल 245 पार्थिव देह परिजनों को सौंप दी गई हैं। 6 परिवार आने वाले समय में अपने स्वजनों के शव स्वीकार करेंगे। सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि विमान दुर्घटना के 245 मृतकों में 176 भारतीय, 7 पुर्तगाली, 49 ब्रिटिश नागरिक, 1 कनाडाई तथा 12 गैर-यात्री थे। डॉ. जोशी ने बताया कि मृत भारतीय यात्रियों में अब तक उदयपुर से 7, वडोदरा से 24, खेड़ा से 11, अहमदाबाद से 70, मेहसाणा से 7, बोटाद से 1, जोधपुर से 1, अरावली से 2, आणंद से 26, भरूच से 7, सूरत से 12, पालनपुर से 1, गांधीनगर से 7, महाराष्ट्र से 2, दीव से 14, जूनागढ़ से 1, अमरेली से 2, गिर सोमनाथ से 5, महीसागर से 1, भावनगर से 1, लंदन से 10, पटना से 1, राजकोट से 3, राजस्थान से 2, मुंबई से 10, नडियाद से 1, जामनगर से 2, पाटन से 3, द्वारका से 2, साबरकांठा से 1, नागालैंड से 1, मोडासा से 1, खंभात से 2, पुणे से 1, मणिपुर से 1 शव परिजनों को सौंपे गए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि डीएनए सैंपल मिलान की प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील होती है और इसमें कानूनी पहलू भी शामिल होते हैं, इसलिए यह प्रक्रिया बहुत ही गंभीरता और तेजी के साथ पूरी की जा रही है। परिजनों को उनके स्वजनों के शव जल्द से जल्द सौंपे जा सकें, इसके लिए फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी एवं उससे जुड़ी अन्य संस्थाएं, स्थानीय प्रशासन, राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग और अन्य एजेंसियां लगातार कार्य कर रही हैं।

### सड़क हादसे में सिविल कोर्ट के पेशकार सहित तीन की मौत

**रांची :** राजधानी रांची के नामकुम में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार भी हैं। ये हादसा शनिवार देर रात को हुआ है। नामकुम थाना प्रभारी ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी सवार और एक पैदल चल रहे व्यक्ति की कुचल दिया और फिर खुद भी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में तीनों लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार प्रवीर हांसदा, विकास केंद्र धनबाद के शिक्षक सोम सिन्हा और कार चालक शामिल हैं। हादसे को लेकर सोम सिन्हा के परिजनों ने बताया कि रात में सोम सिन्हा से बात हुई थी वो पैदल ही घर लौट रहे थे। जब काफी देर तक सोम घर नहीं पहुंचे तो वो उनकी खोजबीन के लिए निकले लेकिन वो कहीं नजर नहीं आए। हालांकि उनकी नजर एक सड़क हादसे पर भी पड़ी लेकिन वो आगे बढ़ गए। जब कहीं सोम का पता नहीं चला तो फिर वो हादसे वाली जगह पहुंचे जहां उनका चप्पल देख पहचाना गया। वहीं यही हाल प्रवीर हांसदा के परिजनों का भी रहा उन्हें भी प्रवीर के हादसे की जानकारी ब्रिज पर पड़े जूते से मिली। डीएसपी मुख्यालय अमर पांडेय ने रविवार को बताया कि नामकुम के दुर्गा सोरेन के पास स्थित ब्रिज पर हादसा हुआ है।

### घर-घर जाकर सूची तैयार करने का बनाया प्लान

## चुनाव आयोग ने बिहार में शुरू की तैयारियां

**नई दिल्ली, 22 जून (हि.स.):** चुनाव आयोग बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। देश में हो रहे चुनावों में चुनाव आयोग पर लग रहे धांधली के आरोपों के बीच उसने फैसला किया है कि बिहार में वह बड़े पैमाने पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करायेगा। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट में फर्जी नामों की भी गहन जांच करेगा। फर्जी तरह से जिनके नाम मतदाता सूची में होंगे उन्हें बाहर भी किया जायेगा और किसी कारण से कोई पात्र मतदाता छूट गया है तो उसका नाम शामिल किया जायेगा। बता दें कि महाराष्ट्र चुनाव के बाद कांग्रेस और उनके शीर्ष नेता राहुल गांधी लगातार चुनाव आयोग पर ही धांधली का आरोप लगा रहे हैं और बार-बार उनसे उसकी पारदर्शिता का प्रमाण भी मांग रहे हैं। कांग्रेस की देखा-देखी दूसरी पार्टियां भी चुनाव आयोग के कटघरे में ले रही हैं और मतदाता सूची में गड़बड़ी से लेकर चुनाव-प्रक्रिया पर भी चिंता जता रही हैं। इन्हीं आरोपों के बीच आयोग चाहता है कि यह स्थिति बिहार में न उत्पन्न हो, इसलिए कह भी रही है कि मतदाता सूची को पूरी तरह से पारदर्शी बनाना उसकी प्राथमिकता है। चुनाव आयोग के पास इस समय जो जानकारी है उसके अनुसार, बिहार में 2024 में करीब 50 लाख लोगों ने अपने पते बदला, करीब 2.5 करोड़ लोगों ने अन्य तरह के सुधार करवाये, 30 लाख से अधिक लोगों ने तो पहचान पत्र बदलवाया है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में जो गड़बड़ी रह जाती है, उसका कारण भी स्पष्ट किया है। आयोग के अनुसार, परिवार के लोग अक्सर मृत लोगों के नाम सूची से हटवाते नहीं है। 18 साल का हो जाने के बाद भी उसका नाम सूची में चढ़वाते नहीं है। मतदाता पहचान पत्र बन जाने के बाद उसमें बार-बार सुधार करवाने से भी परेशानी होती है। मतदाता सूची तैयार करवाने में राजनीतिक दलों का अपेक्षित सहयोग भी नहीं मिलता है। इन सब कारणों को देखते हुए चुनाव आयोग ने यह तक किया है कि वह घर-घर जाकर मतदाताओं की समस्याओं के अनुसार, मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्रों की गहनता से जांच करेगा।

### कैलिफोर्निया की लेक टाहो पर नौका पलटने से 6 लोगों की मौत

**लेक टाहो (कैलिफोर्निया) :** कैलिफोर्निया की प्रसिद्ध लेक टाहो में रविवार को एक दर्दनाक नौका दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हुए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोस्ट गार्ड अधिकारियों के अनुसार डीएल ब्लिस स्टेट पार्क के पास यह हादसा उस समय हुआ जब 27 फुट लंबी नाव को अचानक आई तेज लहरों ने पलट दिया। यह क्षेत्र पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय है, लेकिन रविवार दोपहर तेज हवाओं और ऊंची लहरों ने स्थिति खतरनाक बना दी। एल-डोराडो काउंटी शेरिफ कार्यालय (ईडीएसओ) ने बताया कि मौके पर पहुंचे बचाव दल ने छह शव बरामद किए।






# मौसम विभाग ने देश भर में भारी बारिश की दी चेतावनी

**नई दिल्ली, 22 जून (हि.स.) :** जून की उमस भरी गर्मी से परेशान होकर आप भी अगर पहाड़ों या किसी अन्य ठंडी जगह पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो सावधान हो जाइए। मौसम अब करवट ले चुका है। भारत में मानसून की दस्तक के साथ ही अगले कुछ दिनों तक देश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश की चेतावनी भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक 22 से 26 जून के बीच देश के उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य प्रदेश, गुजरात, कोंकण और गोवा में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। खास बात यह है कि कुछ राज्यों में तो अगले कुछ दिनों में अत्यधिक भारी बारिश भी हो सकती है।

आईएमडी के बुलेटिन के अनुसार 22 जून को गुजरात क्षेत्र के कुछ हिस्सों में, जबकि 23 और 24 जून को मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में 20 सेमी से भी अधिक बारिश हो सकती है। वहीं, पूर्वोत्तर भारत में भी अगले तीन दिनों तक लगातार भारी बारिश के आसार हैं और उसके बाद अगले चार दिनों तक भी तेज बारिश की संभावना बनी रहेगी।

देश के मध्य भारत में पश्चिमी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ जैसे इलाकों में 23 और 24 जून को अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। 22 से 27 जून के दौरान अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, बिहार, झारखंड, गंगा क्षेत्र का पश्चिम बंगाल और ओडिशा में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। कई इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, इससे यातायात और बिजली जैसी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

देश के पश्चिमी हिस्सों में विशेष रूप से गुजरात, कोंकण और गोवा में 22 से 28 जून के बीच भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। 22 जून को गुजरात में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की आशंका जताई गई है। इस दौरान मुंबई सहित पश्चिमी समुद्री तटीय इलाकों में जलजमाव और बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है।

उत्तर-पश्चिम भारत की बात करें, तो 23 जून को पूर्वी राजस्थान में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी अगले 5 से 7 दिनों तक भारी बारिश का अनुमान है। बिजली गिरने और तेज हवाओं के चलते इन इलाकों में एहतियातन सतर्कता बरतने की जरूरत है।

### झारखंड में सबसे अधिक लातेहार में सामान्य से 347 प्रतिशत हुई बारिश

**रांची :** झारखंड में अब तक सबसे अधिक लातेहार जिले में मानसून की बारिश हुई है। लातेहार में अब तक सामान्य से 347 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। यहां एक से 21 जून तक 380.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी है। विभाग के अनुसार राजधानी रांची में सामान्य से 291 प्रतिशत अधिक, सरायकेला-खरसावां में सामान्य से 216 प्रतिशत अधिक, लोहरदगा में 261, खूंटी में 133, गुमल में 145, चतरा में 118, पूर्वी सिंहभूम में 106, पलामू में 231, रामगढ़ में 190, पश्चिमी सिंहभूम में 133, सिमडेगा में 154 मिमी अधिक बारिश दर्ज की गई। वहीं इस दौरान झारखंड में औसत सामान्य से 126 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं विभाग के अनुसार राज्य के विभिन्न इलाकों में 25 जून तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और गर्जन के साथ कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका व्यक्त की गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश हजारीबाग के बड़कागांव में 85 मिमी रिकॉर्ड की गई। वहीं रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 26, 29.8,28.6, 29.1 और चाईबासा में तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# बारिश के कारण फीडर ब्रेकडाउन, ठप रही कई इलाकों की बिजली

मुख्य संवाददाता

**रांची, 22 जून :** राजधानी रांची में रविवार की दोपहर से हो रही बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरायी रही। फीडर ब्रेकडाउन होने के कारण कई इलाकों में घंटों बिजली ठप रही। वहीं कई इलाकों में बिजली की ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। इससे बिजली के आने-जाने का सिलसिला लगा रहा। इस कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। घंटों बिजली गुल रहने से लोग परेशान रहे। फीडर ब्रेकडाउन होने के कारण कोकर, चुना ड्राट्ठा, तिरिल रोड, सुंदर विहार, लालपुर, डंगरा टोली समेत कई इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं मनिलोटा, फिरदौस नगर तथा इसके



आसपास के इलाकों में बारिश के दौरान घंटों बिजली गुल रही। इससे इन इलाकों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार पिस्का मोड़, दयाल नगर, जतरा टांड, हेसल, देवी मंडप रोड, ग्लैक्सिया मॉल के आसपास के इलाकों, इटकी रोड, झारखंड नगर, टंगरा टोली, आईटीआई बस स्टैंड के आसपास के इलाके, श्री राम नगर, इंदिरानगर, सर्वेश्वरी नगर, देवकमल अस्पताल के आसपास के इलाके, कटहल मोड़, सिमलिया, पंडरा, पंचशील नगर, फ्रैंड्स कॉलोनी, बनहौरा, लक्ष्मीनगर, शाहदेव नगर, तेल मील गली, बैंक कॉलोनी आदि इलाकों में बारिश के समय से देर शाम तक बिजली की आंख-मिचौली जारी रही। वहीं रातू रोड, कांके रोड, कांके, गोंदा, हरमू रोड, हरमू चौक, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, अरगोड़ा, अशोक नगर, कडरू, मेन रोड, कांटाटोली, धुर्वा, हटिया, डोरंडा, हीनू आदि इलाकों में बिजली की ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। इस कारण बारिश के दौरान इन इलाकों में बिजली के आने-जाने का सिलसिला लगा रहा।

जानकारी के अनुसार राजधानी के आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी बिजली की जमकर कटौती की गयी। इस कारण ग्रामीणों की भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। कई ग्रामीण इलाकों में घंटों बिजली गुल रही।

### 2024-25 में 24,491 लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी

रांची : झारखंड बिजली वितरण निगम की एपीटी टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ राज्य में छापामारी अभियान चला रखा है। इस क्रम में 2024–25 में राज्यभर के 1 लाख 32 हजार 341 परिसरों में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे 24,491 लोगों को चोरी कर बिजली जलाते हुए पकड़ा गया। बिजली निगम ने इन सभी 24,491 लोगों पर राज्य के विभिन्न थानों में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उनपर जुर्माना भी ठोंका। निगम द्वारा प्रत्येक माह में पांच से छह बार राज्यभर में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा। अभी हाल में में बिजली निगम के सीएमडी अविनाश कुमार के निर्देश पर राज्यभर में लगातार दो दिन तक बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया था। जिसमे कई लोगों को चोरी कर बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। बिजली निगम ने बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए आमजनता से भी आग्रह किया है तथा बिजली चोरी की सूचना मोबाइल नंबर 94311–35515 पर देने को कहा है ताकि बिजली चोरी रोकी जा सके। निगम ने कहा है कि बिजली चोरी की सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जायेगा।

### पौधरोपण पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए जरूरी है : दिनेश

रांची (हि.स.) : स्वयंसेवी संस्थान झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने रविवार को पौधारोपण किया। राजधानी के सर्कुलर रोड बर्दमान कंपाउंड स्थित होली क्रॉस सोसाइटी के सामने स्थित खाली बगान में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु, प्रदेश संरक्षक कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू, प्रदेश महामंत्री उमेश साहु, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु, रमेश साहु, कुणाल कुमार बंटी, वनरोपण प्रभारी अरुणदेव कुमार,उपेन्द्र कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता सहित अन्य लोगों ने पौधरोपण कर धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहू ने पेड़ कहा कहा कि पौधरोपण कर पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए बहुत ही जरूरी है। हम सभी मिलकर पौधरोपण कर संकल्प लेने और देश को हरा भरा बनाने में अपना भरपूर योगदान देना चाहिए। आने वाली पीढ़ी को प्रदूषणमुक्त और स्वच्छ भविष्य प्रदान करना हम सभी की जिम्मेवारी है। पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी अरुणदेव कुमार, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु, प्रदेश महामंत्री उमेश साहु ने झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की महती भूमिका रही।

# कांग्रेस भवन में ग्रामीण विकास मंत्री का जनता दरबार कल

देशप्राण संवाददाता

**रांची, 22 जून :** राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का जनता दरबाव 24 जून को पूर्वाह्न 11 बजे से कांग्रेस में होगा। जनता दरबार में मंत्री द्वारा जनसमस्याओं को सुना जायेगा। यह जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस द्वारा लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

कांग्रेस जनता की समस्याओं और उनके मुद्दों के प्रति हमेशा गंभीर रही है। पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक जनसमस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस लगातार आम लोगों से जनता दरबार के माध्यम से संपर्क स्थापित कर रही है। सरकार गठन के बाद से ही कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

श्री शांति ने बताया कि बजट सत्र से पूर्व चारों मंत्रियों द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया था। जिसमे कई समस्याओं का समाधान मंत्रियों की पहल पहल पर हुआ। पुनः जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे विगत पांच जून को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और 17 जून को स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी द्वारा जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया।

जनता दरबार के माध्यम से कांग्रेस सीधे जनता से जमीनी स्तर पर जुड़कर समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। इस आयोजन से जनता सरकार से अपनो को निकट पा रही है और खुलकर अपनी बातों को रख रही है। जनसमस्याओं के प्रति अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जा रहा है तथा तय समय सीमा के अंदर आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### कुरैश कॉन्फ्रेंस चलने वाले लोगों को जमीयतुल कुरैश पंचायत बनाने का अधिकार नहीं : गुलाम जावेद

रांची : ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश झारखंड प्रदेश के मिडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने कहा कुछ लोग कुरैश बिरादरी को छलने का काम कर रहे है ।और जो लोग है वो एक गुट कुरैश कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी है जब इनका मकसद कुरैश कॉन्फ्रेंस से पूरा नहीं हुआ तो ये लोग जमीयतुल कुरैश 84 पंचायत बना कर कुरैश बिरादरी को ठगने के लिए गुट तैयार किए है ।जबकि बिना बिरादरी के किसी बैठक या सहमति के इन लोगों ने चुनाव की घोषणा कर दिया,बिना किसी चुनाव कनवेनर बिना किसी चुनाव संयोजक कमिटी,बिना कोई वोटर लिस्ट प्रकाशन किए चुनाव पहली बार देखने को मिल रहा है ।बल्कि चुनाव नहीं गुट बनाना कहा जाए तो कोई गलत बात नहीं होगी। गुलाम जावेद ने कहा अब कुरैश कॉन्फ्रेंस का क्या होगा ।इनमें से कई ऐसे लोग है जो बरसो बरस से मुकामी पंचायतों पर कब्जा बनाए हुए है। क्या कोई नियमावली बनाया गया है 84 का जिससे पता चलेगा अगला चुनाव कब होगा ।यानी 84 पंचायत बना कर कब्जा करने की षड्यंत्र किया जा रहा है ।इन सब की षड्यंत्र को ज्यादा तर कुरैश बिरादरी समझ चुकी है। जिसके कारण हजारीबाग के मुकामी पंचायत के अध्यक्ष जमिल अहमद उर्फ.बबलू कुरैशी ने दिनांक 10 जुलाई 2025 को हजारीबाग में कुरैश बिरादरी की बैठक 84 पंचायत बनाने पर सहमति और नियमावली अनुसार चुनाव के लिए रखा है।

# बीएयू में दो दिवसीय खरीफ अनुसंधान परिषद बैठक का हुआ समापन

देशप्राण संवाददाता

**रांची :** अर्द्ध शुष्क उष्णकटिबंधीय फसलों संबंधी अंतरराष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (इक्रीसैट), हैदराबाद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक ने झारखंड में कृषि विकास के लिए बेहतर फसल नियोजन, जल संसाधन प्रबंधन, धान की कटाई के बाद खाली पड़े खेत के बेहतर इस्तेमाल तथा सोलर ऊर्जा और लघु सिंचाई के क्षेत्र में अधिक निवेश पर जोर दिया है।

रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के खरीफ अनुसंधान परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एकल खेती और कृषि यंत्रीकरण की कमी झारखंड में कृषि विकास की प्रमुख बाधायें हैं। फसलों में जलवायु लचीलापन बढ़ाना, फसल गहनता बढ़ाना, बीज पद्धति का शुद्दढ़ीकरण, मूल्य संवर्धन, क्षमता निर्माण, कटाई



उपरांत प्रसंस्करण तथा वन से जुड़ी कृषि का विविधीकरण जैसे विषय शोध की प्राथमिकता होनी चाहिए।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (पशु उत्पादन एवं प्रजनन) डॉ जीके गौड़ ने कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए पशु आनुवंशिक संसाधनों का गुण निर्धारण और संरक्षण समय की मांग है। इसके लिए जिनोमिक सिलेक्शन और क्लोनिंग जैसे आधुनिक आनुवाशिक टूल्स का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पशु अनुसंधान के क्षेत्र में डीएनए चिप का इस्तेमाल पर जोर देते उन्होंने कहा कि शोध प्रयास किसान-केंद्रित और व्यवहार योग्य होना चाहिए जिसे किसानों के खेत तक सुगमता से प्रसारित किया जा सके।

केंद्रीय तसर अनुसंधान संस्थान, रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने कृषि लागत घटाने तथा पोषक तत्व एवं जल के प्रयोग की प्रभावशीलता बढ़ाने पर जोर दिया।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने पशुओं के नस्ल गुण निर्धारण और आनुवंशिक सुधार से संबंधित छोटे शोध प्रस्ताव भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग को समर्पित करने का सुझाव वैज्ञानिकों को दिया। कुलपति ने कृषि वानिकी अनुसंधान के क्षेत्र में भी विशेष प्रयास पर बोल दिया।

बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# रिम्स-दो के लिये खेतीयोग्य जमीन का नहीं होने देंगे अधिग्रहण : बंधु तिर्की

देशप्राण संवाददाता

**रांची :** पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि नगड़ी मौजा में खेतीयोग्य खतियानी जमीन पर रिम्स-दो के निर्माण का विरोध पूरी तरीके से नगड़ी के रैयतों और ग्रामीणों के जीवन-यापन से जुड़ा मामला है। यहां न तो झारखण्ड में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने का कोई विरोध कर रहा है और न ही किसी को रिम्स-दो से कोई परहेज है।

कार्यकारी अध्यक्ष बंधु ने झारखण्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री को बधाई है कि वे झारखण्ड में रिम्स-दो, तीन और चार का निर्माण करें और झारखण्ड की स्वास्थ्य सुविधाओं को विश्व स्तरीय बनायें। लेकिन इसके लिये नगड़ी मौजा की खतियानी खेतीयोग्य जमीन का अधिग्रहण करना कहीं से भी उचित



नहीं है। यहां वैसे ही आबादी के अनुपात में बहुत कम कृषि योग्य जमीन है और यहां के लोग अपने जीवन-यापन के लिये केवल उसी पर निर्भर हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि अपनी खेती की जमीन को बचाना नगड़ी के रैयतों और ग्रामीणों के लिये वैसा ज्वलंत मुद्दा है जिसके लिये सभी को संवेदनशील होना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास योजना या फिर रिम्स-दो जैसी परियोजनाओं के लिये यदि नगड़ी मौजा की खतियानी जमीन ली जायेगी तो कोई यह मानकर ना बैठे कि आदिवासी खामोशी से विस्थापन और पलायन का शिकार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कभी खान-खदान तो कभी किसी अन्य विकास योजना और कभी किसी औद्योगिक समूह के लिये जमीन अधिग्रहण की कीमत गरीब आदिवासी बहुत चुका चुके हैं। विस्थापन और पलायन का दंश भी आदिवासी बहुत झेल चुके हैं और यह अब बर्दाश्त से बाहर की बात है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को अपने विभागीय अधिकारियों को यह आदेश देना चाहिये कि वे रांची या झारखण्ड में किसी अन्य उपयुक्त जमीन का चयन कर जहां रिम्स-दो का निर्माण ही, क्योंकि नगड़ी में यह निर्माण पूरी तरीके से अनुचित और अप्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को अपने बड़बोलेपन की बजाय झारखण्ड की जमीनी समस्याओं, वास्तविकता पर नजर डालनी चाहिए।

# रिम्स पार्ट-2 की बात करने वाली सरकार गरीबों को एम्बुलेंस देने में असमर्थ : राफिया

देशप्राण संवाददाता

**रांची :** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को कहा कि रिम्स पार्ट-2 की बात करने वाली सरकार गरीबों को एम्बुलेंस देने में असमर्थ है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार सभी को स्वास्थ्य का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हालात इतने भयावह हैं कि गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति समय पर अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहा। यह एक साधारण प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का सीधा उल्लंघन है।

राफिया ने गोड्डा जिले में एक मासूम बच्ची की मृत्यु की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरी मानवता को झकझोर देने वाली त्रासदी है। केवल एंबुलेंस समय पर न पहुंच पाने के कारण एक मासूम की जान चली गई, जबकि परिजनों ने बार-बार



सहायता के लिए कॉल किए। इसी तरह की एक और घटना चतरा जिले में घटी, जहां सुकुल भुइयां की मौत भी एंबुलेंस की देरी के कारण हुई। इन घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि झारखंड में एंबुलेंस सेवा लगभग निष्क्रिय हो चुकी है।

उन्होंने राज्य में एंबुलेंस सेवा की स्थिति पर राफिया ने कहा, झारखंड में 32 प्रतिशत सेवा-योग्य एंबुलेंसे बंद हालत में हैं। उन्होंने यह सवाल उठाया कि जब जनता के टैक्स से इन सेवाओं को चलाया जा रहा है तो फिर रखरखाव और मरम्मत के लिए धन का प्रबंधन क्यों नहीं हो रहा? उन्होंने जोर दिया कि यदि इतनी बड़ी संख्या में एंबुलेंस निष्क्रिय हैं तो यह सीधे तौर पर जनता की जान के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने यह भी कहा, राज्य में केवल वाहनों की ही नहीं, बल्कि संसाधनों और मानवबल की भी गंभीर कमी है। कई जिलों में एक ही एंबुलेंस पर पूरा प्रखंड निर्भर है। कई गाड़ियों में प्रशिक्षित चालक और सहायक कर्मियों की भारी कमी है, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

उन्होंने इसे ह्लसंवेदनशील शासन के खोखले दावेह्व करार दिया। उन्होंने एक और महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया कि एंबुलेंस सेवा में कार्यरत कई कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं मिला हैह्ल। ऐसे में सरकार उनसे लगातार सेवा की अपेक्षा कैसे कर सकती है, जबकि उन्हें उनकी मेहनत का पारिश्रमिक समय पर नहीं मिल रहा।

## खबरकोना

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेधावी छात्र और अभिभावक सम्मान समारोह आयोजित

**रांची :** धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को मेधावी छात्र अभिनंदन सह अभिभावक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सुजीत कुमार साहू (महाप्रबंधक, केनरा बैंक) तथा विशिष्ट अतिथि अमित कुमार (प्रबंधक, सेंट्रल बैंक) उपस्थित थे। 12वीं विज्ञान संकाय की नंदिनी कुमारी (94.8 प्रतिशत) और वाणिज्य की अलीशा कुमारी (94 प्रतिशत) को सम्मानित किया गया। 10वीं की छात्रा निशु प्रिया ने (97.8 प्रतिशत) अंक लाकर रांची में आठवां स्थान प्राप्त किया। 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सभी छात्रों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र और अभिभावकों को अंगवस्त्र एवं रामचरितमानस भेंट की गई। मुख्य अतिथि ने छात्रों को निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य ललन कुमार ने अतिथि परिचय कराया और धन्यवाद ज्ञापन लाल अशोक नाथ शाहदेव ने किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य, शिक्षक व अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### गोस्सनर कॉलेज में 27 तक 11वीं में एडमिशन ले सकते हैं छात्र

**रांची :** गोस्सनर कॉलेज में 11वीं में नामांकन 27 जून तक छात्र ले सकते है। साइंस, कॉमर्स, आट्र्स तीनों संकाय में मेरिट लिस्ट के आधार पर एडमिशन लिए जा रहे हैं। कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. डॉ. ईलानी पूर्ति ने बताया कि मेरिट लिस्ट में जिन छात्रों का नाम आया है वे 27 जून तक एडमिशन ले सकते हैं। नामांकन 21 जून से शुरू हो गया है।

### अजमेर शरीफ दरगाह के गद्दीनशीन हजरत सयैद सरवर चिश्ती साहब राष्ट्रीय वक़्फ योद्धा अवॉर्ड से सम्मानित

**रांची :** सक्रिय संगठनों (लहू बोलेगा रक्तदान संगठन, रांची स्पेशल चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन,फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाईटी रांची,मरहबा वेलफेयर सोसाईटी रांची,अंजुमन फाउंडेशन एवं इदरीसिया गुलजार पंचायत रांची) के समन्वय से देर रात रांची के मेन रोड़ स्थित सरताज होटल में महान सूफी हिन्दल वली मोइनुद्दीन हसन चिश्ती अजमेरी ₹ख़्वाजा गरीब नवाज(र.अ) अजमेर शरीफ दरगाह₹ के गद्दीनशीन/उत्तराधिकारी हजरत सयैद सरवर चिश्ती साहब की मुख्य अतिथि की उपस्थिति में अवामी फिकरी नशिस्त/आत्मचिंतन बैठक सम्पन्न हुई। गद्दीनशीन/उत्तराधिकारी हजरत सयैद सरवर चिश्ती साहब को रांची के सजग-सक्रिय संगठनों/नागरिकों के द्वारा ₹राष्ट्रीय वक़्फ योद्धा₹ अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं झारखंड वक़्फ योद्धा अवॉर्ड से तीन लोगों को सम्मानित किया गया जिसमें हिदातुल्लाह खान,अध्यक्ष, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग,मंजूर अंसारी,अध्यक्ष, झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा एवं रियाज शरीफ, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजरत गद्दीनशीन को बुके/शॉल/मोमेंटो/पकड़ी और तौफो से दर्जनों लोगों ने स्वागत किया एवं हजरत समेत सभी अतिथियों को आयोजकों द्वारा शॉल एवं गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम हॉल के अपील पर गद्दीनसीन अजमेर शरीफ हजरत ने दुआ कराई। फिकरी नशिस्त/आत्मचिंतन बैठक सह अवॉर्ड कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदातुल्लाह खान ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन लहू बोलेगा के नदीम खान,धन्यवाद ज्ञापन मस्जिद-ए-जफरिया के मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने किया।

### प्री मीट में सीएसआर फंड के बेहतर उपयोग पर मंथन

**रांची :** मिशन ब्लू फाउंडेशन और आई-थ्री फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 की तैयारी को लेकर रविवार को रांची के एक होटल में प्री-मीट का आयोजन हुआ। इस बैठक का मुख्य विषय ₹जनजातीय कल्याण₹ रहा, जिसमें राज्य के 30 जनजातीय समुदायों के अगुआ और करीब 200 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि सीएसआर फंड का इस्तेमाल प्राथमिकता के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, पारंपरिक कला-संस्कृति, पेयजल और अंधविश्वास उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में किया जाए। मिशन ब्लू फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि यह प्री-मीट आने वाले कॉन्क्लेव के लिए दिशा तय करेगा, ताकि कारपोरेट कंपनियों का सहयोग झारखंड की पारंपरिक पहचान और विकास के लिए सटीक दिशा में हो। पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने कहा कि आपसी समस्या स्थापित कर सीएसआर फंड का उपयोग करने आमजनों को फंड का बेहतर लाभ मिलता। खासकर आदिवासी समाज का समग्र विकास होता। सीएसआर पॉलिसी तो बनी है लेकिन उसमें सुधार करने की जरूरत है।

### भाषा का विवाद पैदा करने वाले जयचंदों से सचेत रहे सरकार : कैलाश

**रांची :** अखिल भारतीय भोजपुरी, मगही, मैथिली और अंगिका मंच की बैठक हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कैलाश यादव ने की। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए भोजपुरी, मगही, मैथिली और अंगिका समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में चर्चा के दौरान उपस्थित लोगों ने सरकार के भाषा विवाद पैदा करने पर काफी रोष व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि जिला स्तर पर झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में कुल 17 क्षेत्रीय भाषा की सूची से भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगिका और भूमिज भाषा को नजरअंदाज कर 12 भाषा को लागू किया गया। इससे बहुसंख्य समाज में जनाक्रोश पैदा हो गया है। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों में भी सरकार की ओर से ऐसी हरकत की गई थी। इससे राज्यभर में विरोध प्रदर्शन हुआ था। राज्य के पलामू और गढ़वा में शत प्रतिशत लोग भोजपुरी और मगही भाषा का प्रयोग करते हैं और गोड्डा, साहिबगंज, देवघर, जामताड़ा सहित अन्य जिलों में लोग अंगिका भाषा बोलते हैं।

# आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया ब्रह्माकुमारी मातेश्वरी सरस्वती का स्मृति दिवस

देशप्राण संवाददाता

**राँची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरियर विश्व विद्यालय की प्रथम अध्यक्ष ब्रह्माकुमारी मातेश्वरी सरस्वती का स्मृति दिवस आज यहाँ चौधारी बगान, हरमू रोड ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित डॉ0 सुबोध जी नेत्र रोग विशेषज्ञ ने कहा मातेश्वरी जगदम्बा जिन्हें मम्मा कह कर सम्बोधित किया जाता है वे ब्रह्माकुमारियों की प्रथम प्रमुख थीं जिन्हें ह्लबुद्धि की देवीह्व की रूप में जाना जाता है। मम्मा ने ब्रह्माकुमारी संगठन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आध्यात्मिकता को पोषण दिया।

मंजूला केडिया, पूर्व अध्यक्ष महिला समिति अग्रवाल सभा ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा को



संस्था के संस्थापक ब्रह्मा की आध्यात्मिक बेटी माना जाता है। मम्मा ने एक मार्गदर्शक, प्रशासक एवं आध्यात्मिक शिक्षक के रूप में सभी को पालन दिया।

सभा में उपस्थित संजय सर्राफ, अग्रवाल सभा कार्यकारिणी सदस्य तथा समाज सेवी ने कहा संस्था की प्रथम अध्यक्ष मातेश्वरी जगदम्बा ने ज्ञान ध्यान और सेवा के महत्व पर जोर दिया और सभी ब्रह्मावत्सों को एक भरोसा एक विश्वास के सिद्धान्त का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

निर्मल बुधिया, अग्रवाल सभा के कार्यकारिणी सदस्य ने कहा कि संस्था की प्रथम अध्यक्ष मातेश्वरी जगदम्बा ने सभी को स्वपरिवर्तन से विश्व परिवर्तन के लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मम्मा का जीवन दिव्य गुणों व सेवा भाव से सम्पन्न था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्रवाल सभा के कार्यकारिणी सदस्य नरेश कुमार ने कहा मातेश्वरी जी ने ब्रह्माकुमारियों के विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संगठन के सदस्यों को आध्यात्मिक ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान किया।

अमरेंद्र विष्णुपुरी, समाजसेवी ने कहा आज के दिन हम सभी संस्था की प्रथम अध्यक्ष मातेश्वरी जगदम्बा के जीवन और शिक्षाओं पर तथा उनके द्वारा सिखाये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा रूहानियत के गगनमंडल में ब्रह्मा संस्थापक के रूप में यदि ज्ञान सूर्य थे तो मातेश्वरी जी ज्ञान चन्द्रमा थीं। माँ ऐसी ज्ञान लोरी सुनाती थीं कि दुःख अशांति शीतल मीठी छाँह में बदल जाती थीं। उन्होंने ज्ञान यज्ञ में अपने मन की पूर्ण आहुति दी तथा सर्वस्व प्रभु अर्पण किया। उनका तपोबल उच्च स्तरिय था। वे योग की शक्तिशाली स्टेज में स्थित होकर पवित्रता तथा दिव्यता की किरणें प्रकीर्ण करती थीं। उनके नयन स्थिर, चेहरे पर मुस्कुराहट एवं मुखमंडल दिव्य आभा को लिए हुए होता था। वे ब्रह्माकुमारी शिवशक्तियों की ऐसी अनुपम सेनानी थीं जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन विश्व कल्याण की सेवा में समर्पित किया हुआ था। सरस्वती नाम से पहले उनका नाम ओम राधे था। ओम की ध्वनि करते करते वह ईश्वरीय स्मृति में मग्न हो जाती थीं और उनकी रूहानियत भरी वाणी सबको ईश्वरीय प्रेम से भाव विभोर कर देती थीं।

ज्ञातव्य हो इस अवसर पर मातेश्वरी जी के वन चरित्र पर आधारित नाटिका का बालिकाओं द्वारा मंचन किया गया साथ ही गाईडेड मेडिटेशन का भी अभ्यास कराया गया। सभा में उपस्थित सभी ब्रह्मा वत्सों ने पुष्पाजंली अर्पित किया।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा बोकारो जिला का सभा संपन्न

# झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष का प्रतिफल है राज्य का सीएम हेमंत सोरेन : पुष्कर महतो

देशप्राण संवाददाता

**तुपकाडीह :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा बोकारो जिला का एक दिवसीय सभा का आयोजित तुपकाडीह स्थित उषा पब्लिक अकादमी सभागार में किया गया। सभा में आंदोलनकारियों को जीते जी न्याय के साथ सम्मान एवं स्वाभिमान से जीने के अधिकार के तहत राजकीय मान सम्मान ,अलग पहचान, पुत्र- पुत्री, पोता - पोती के रोजी- रोजगार एवं नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. सरकार से देने की मांग की गई। सभा में आंदोलनकारी को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ग्रुप बीमा 10-10 लाख का ग्रुप बीमा , तकनीकी शिक्षा दीक्षा भाषा संस्कृति के आधार पर निशुल्क व्यवस्था करने की मांग सरकार से की गई।

मुंबई से मोबाइल द्वारा झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक एवं सत्ता रूढ़ दल के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने सभी आंदोलनकारियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों को सरकार मान - सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड

झारखंड आंदोलनकारी इस राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। इस ताकत को जाति- धर्म के आधार पर खंडित ना होने दे। आंदोलनकारी मजबूत जमात का नाम है। राजनीतिक दलें आंदोलनकारी जमात को बांटना चाहते हैं, खंड-खंड करना चाहते हैं । आप संकल्प न जाति में बाटेंगे न कटेंगे। हम एक हैं एक ही रहेंगे। अपने बाल बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है और करेंगे ।झारखंड आंदोलनकारी के संघर्ष का ही प्रतिफल है इस राज्य का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

केन्द्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों, झारखण्डी जनमानस एवं अलग राज्य के मूल्यों का रक्षक बनें ।जल, जंगल, जमीन, पहचान , अस्तित्व ,अस्मिता , भाषा - संस्कृति के मौलिक अधिकारों को मिटने से बचाएं। राज्य में समता जजमेंट को लागू कर झारखंड के आर्थिक रूप से समृद्ध बनाएं - खुशहाल बनाएं।

उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन गण अपने बाल बच्चों, नाती पोता के अधिकारों की रक्षा के लिए सामने आए,एक संघर्ष के लिए तैयार रहें ।उन्होंने कहा कि गांव - गांव मेंआंदोलनकारियों को नई क्रांति करने के लिए बैठके, सभा, चर्चा, क्रांतिकारी गीत- गोविंद, गोष्टी लगातार करते रहना है।




# उपायुक्त व एसएसपी ने लिया रथ मेला की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का

**देशप्राण संवाददाता**



**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को जगन्नाथपुर रथ यात्रा की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही जिला के वरीय पदाधिकारियों और मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक की।

उपायुक्त भजंत्री ने मेला परिसर में व्यवस्था का जायजा लेते हुए वरीय अधिकारियों ने मंदिर समिति के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जगन्नाथपुर मंदिर से मौसी बाड़ी तक रथ यात्रा रूट का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देशित किया ।

उन्हों ने कहा की पूरे विधि-विधान से रथ यात्रा की शुरूआत होगी इसके लिए विधि-व्यवस्था के सभी इंतजाम किये गये हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखते हुए 24 घंटे बिजली, चलंत शौचालय, पानी, अग्निशमन और एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है।

उपायुक्त ने कहा कि जगन्नाथपुर रथ यात्रा के दौरान साफ-सफाई के विशेष इंतजाम रखने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने कहा कि मेला परिसर में प्लास्टिक की थैलियों, डिस्पोजेबल ग्लास, प्लेट्स, चम्मच और अन्य सामग्रियों का उपयोग ना करने की बात कही। हर स्टॉल के बाहर डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखना होगा। जिला प्रशासन आगामी रथ मेले के आयोजन को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उपायुक्त ने कहा की जिला प्रशासन की पूरी टीम के साथ मेला के दौरान वॉलिंटियर भी श्रद्धालुओं के लिए तैनात रहेंगे ताकि भक्तों को अपने आराध्य के दर्शन में कोई परेशानी ना हो, साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाने के निर्देश दिए गए जिसमें जिला प्रशासन के साथ मंदिर कमिटी के भी पदाधिकारी जुड़े रहेंगे ।

उपायुक्त ने कहा की सूचना जन संपर्क विभाग के स्टॉल में ही मेले में खोये हुए लोग, बच्चों के लिए खोया,पाया केंद्र की सूचना दी जाएगी।

उन्होंने विशेष रूप से कहा की जगन्नाथपुर रथ यात्रा न केवल रांची बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। सभी विभाग एवं मेला न्यास समिति टीमवर्क की तरह कार्य करें। सभी सामूहिक जिम्मेवारी के तहत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कार्यों को संपादित करना सुनिश्चित करें। सुरक्षा और स्वच्छता की दृष्टि से मेला क्षेत्र में बेहतरीन मानकों को सुस्थापित करने की दिशा में दृढ़ता के साथ कार्य करें।

उन्होंने जगन्नाथपुर रथ मेला के दौरान लगने वाले झूलों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि मेला के दौरान कोई दुर्घटना न हो। इसके लिए सभी झूला संचालकों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने दुकानदारों को निर्धारित स्थान तक ही अपने दुकान लगाने की हिदायत दी ताकि रथ यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं, मेला परिसर में वॉच टावर और सीसीटीवी लगाये गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है, इसके लिए संयुक्त आदेश भी निर्गत किया जाएगा। बड़े वाहन प्रवेश न करें, इसको लेकर जगह-जगह बैरिकेडिंग भी की जा रही है।

प्रशासन ने सभी दुकानदारों, खाद्य स्टॉल संचालकों और आयोजकों से अपील की कि वे मेले के दौरान दोना, पत्तल, और अन्य बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों का उपयोग करें। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि मेले में स्वच्छता बनाए रखने में भी सहायक होगा। प्लास्टिक और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों के उपयोग से पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है, जो मिट्टी, जल और वायु प्रदूषण का कारण बनता है। इसे ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन ने मेले में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। सभी स्टॉल संचालकों और दुकानदारों से अनुरोध है कि वे इस नियम का कड़ाई से पालन करें और बायोडिग्रेडेबल विकल्पों जैसे कि पत्तल, दोना, बांस की टोकरीऔर कागज से बने उत्पादों का उपयोग करें।

इस दौरान डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय और मंदिर समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## खबरकोना

### मनीषा सिंह की अगुवाई में निःशुल्क नेत्र और दंत जांच शिविर आयोजित



**रांची (हि.स.) :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की कार्यकारी महिला प्रदेश अध्यक्ष मनीषा सिंह की अगुवाई में रविवार को नेत्रहीन विद्यालय, हरमू, रांची में निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मनीषा सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक सेवा पहुंचाना है। इसी के तहत आज शिविर लगाकर जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का एक छोटा प्रयास किया गया। भविष्य में भी हम इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नेत्र और दंत स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने नेत्र एवं दंत जांच का लाभ उठाया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमोद कुमार द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। जबकि डॉ निमिषा, दंत चिकित्सक ने दंत रोगों की जांच एवं प्राथमिक उपचार प्रदान किया। शिविर में नेत्र एवं दंत स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। इस अवसर पर मनीषा सिंह के साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की जिला अध्यक्ष रीना सिंह, संगठन मंत्री सुमन सिंह, सोनी चौरसिया, प्रवीण रंजन सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### मंच ने गायों को खिलाई रोटी-सब्जी, गाजर-गुड़

**रांची (हि.स.) :** मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा की ओर से रविवार को हरमू स्थित रांची गौशाला न्यास में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों और उनके परिवारजनों ने निर्बल और असहाय गौ माताओं को ताजा हरी सब्जी, गाजर, खीरा, रोटी और गुड़ खिलाकर गो सेवा की। सबों ने सेवा भावना के साथ कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया कि मंच हर माह अपने सदस्यों और उनके परिवार वालों के लिए गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित करता है। इसी क्रम में यह सेवा कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के गौ सेवा प्रभारी शुभम सिंघानिया और सौरभ अग्रवाल की अहम भूमिका रही। मौके पर शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव निकुंज पोद्दार, पूर्वाध्यक्ष मनीष लोधा, युवा बिमल अग्रवाल, युवा विशाल महलका समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

### मंत्री दीपिका पांडे सिंह का जनता दरबार 24 को



**रांची (हि.स.) :** राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मंगलवार को जनता दरबार लगाएंगी। मंत्री रांची के श्रद्धानंद रोड स्थित कांग्रेस भवन मे जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनेंगी। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस लगातार जनता दरबार का आयोजन कर रही है। पार्टी जनता की समस्याओं और उनके मुद्दों के प्रति हमेशा गंभीर रही है। पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस लगातार आम लोगों से जनता दरबार के माध्यम से संपर्क स्थापित कर रही है। सरकार गठन के बाद से ही कांग्रेस के मंत्रियों ने लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। बजट सत्र के पूर्व चारों मंत्रियों ने जनता दरबार का आयोजन किया था। इसमें कई समस्याओं का समाधान मंत्रियों की पहल पर हुआ है। पुनः पार्टी जनता दरबार का आयोजन कर रही है। इसमें विगत पांच जून को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और 17 जून को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया है।

# जनता को गुमराह करने की कोशिश, असली मुद्दों से भटका रही भाजपा : विनोद पांडेय

**मुख्य संवाददाता**

**रांची, 22 जून :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने आगामी 24 जून को भाजपा द्वारा घोषित आक्रोश प्रदर्शन को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए तीखा हमला बोला है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा राज्य की स्थिर सरकार को अस्थिर करने और जनता को भ्रमित करने की नाकाम कोशिश में एक बार भी जुटती दिख रही है। दिशाहीन भाजपा अपनी ताबूत में अंतिम कील ठोकने की दिशा में अग्रसर है।

झामुमो महासचिव ने कहा कि भाजपा को जनता ने 2019 में पूरी तरह नकार दिया था। सत्ता से बाहर होते ही भाजपा को राज्य में हर जगह अव्यवस्था नजर आने लगी, जबकि सच्चाई यह है कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के हर वर्ग के लिए काम किया है चाहे वह किसानों की कर्ज माफी हो, स्थानीय युवाओं के लिए नियोजन नीति हो, या महिला सुरक्षा की दिशा में उठाए गए सख्त कदम।

उन्होंने कहा कि भाजपा वही पार्टी है जिसने अपने शासनकाल में न तो पेसा कानून लागू किया और न ही स्थानीय नीति बनाई। आज जब राज्य सरकार जनसरोकार से जुड़ी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है, तब भाजपा सकारात्मक विपक्ष की भूमिका में नजर आने की बजाए दो तिहाही बहुमत से सत्ता में काबिज हुई सरकार पर झूठे आरोप लगाकर न सिर्फ जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है बल्कि जनादेश का अपमान करने से भी बाज नहीं आ रही। दरअसल सत्ता से बाहर भाजपा के प्रदेश नेताओं को दिल्ली में बैठे अपने आकाओं की ताकत का गुमान है। उसी ताकत का दुरुपयोग पिछली हेमंत सरकार को परेशान करने के लिए किया और अब एक बार फिर से भाजपा अपने पतन के उसी रास्ते पर चलने जा रही है।

झामुमो ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि वे अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए प्रदर्शन की राजनीति करने वाले हैं। जहां तक भ्रष्टाचार की ही बात है तो भाजपा शासनकाल में नियुक्ति घोटाला, भूमि लूट की घटनाओं को राज्य की जनता भूल नहीं पाई है। और यही कारण है लगातार दो बार भाजपा को सत्ता से बेदखल रखने का जनादेश दिया है झारखंडवासियों ने।

भाजपा के नेताओं को पहले अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए। जनता को अब भाषण नहीं, काम चाहिए और हेमंत सरकार उसी दिशा में लगातार काम कर रही है। झामुमो ने स्पष्ट किया कि सरकार जनता के बीच है और हर सवाल का जवाब मैदान में दे रही है। भाजपा चाहे जितने प्रदर्शन कर ले, राज्य की जनता अब उनके छलावे में नहीं आने वाली। जनता जानती है कि असली जनसेवा कौन कर रहा है और झूठा हो-हल्ला कौन मचा रहा है।

## भाजपा आधी-अधूरी जानकारी पर आधारित आरोप मढ़ रही

**रांची, 22 जून :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आधी-अधूरी जानकारी पर आधारित आरोप मढ़ रही है। यह जनता को भ्रमित करने वाला भाजपा का राजनीतिक स्टंट है। उन्होंने कहा कि ह्लभाजपा को अगर वाकई राज्य की जनता की चिंता है, तो उन्हें जमीनी स्तर पर हो रहे सुधारों को देखना चाहिए, न कि केवल त्रासदी को राजनीतिक हथियार बनाना चाहिए। श्री पांडेय ने कहा, सरकार ने बीते वर्षों में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। एंबुलेंस सेवाओं के विस्तार और मरम्मत के लिए बजट आवंटित किया जा चुका है और यह प्रक्रिया प्रगति पर है। लेकिन यह भी समझना होगा कि एक पुरानी और उपेक्षित व्यवस्था को दुरुस्त करने में थोड़ा वक्त लगता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिम्स पार्ट-2 की योजना भविष्य की स्वास्थ्य जरूरतों को देखते हुए बनाई गई है और यह किसी एक सेवा की अनदेखी नहीं, बल्कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार का हिस्सा है। विकास की योजना बनाना और वर्तमान समस्याओं का समाधान साथ-साथ चल सकते हैं। यह कहना कि सरकार एंबुलेंस नहीं दे सकती लेकिन रिम्स-2 बना रही है, एक निराधार तर्क है।

# एक पेड़ पांच पुत्र के समान : आशा लकड़ा



**देशप्राण संवाददाता**

**रांची, 22 जून :** पंडरा बाजार समिति प्रांगण में झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा द्वारा पर्यावरण की रक्षा को लेकर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने फलदार पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। आशा लकड़ा ने कहा कि पेड़ पौधा पर्यावरण का संतुलन बनाए रखता है । पेड़ पौधा से हमें छाया मिलती है । एक पेड़ पांच पुत्र के समान है। सभी अपने-अपने जन्मदिन पर शादी की सालगिरह पर एक वृक्ष जरुर लगायें । जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने बाजार के सभी साथियों से भी आग्रह किया कि सभी कोई अपने-अपने घर एवं आसपास में एक पेड़ जरूर लगाए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय कुमार जायसवाल, बिंदुल वर्मा, मंतोष सिंह, नीतू ,मधु कुमार, शिव शर्मा सिंह, बाली राय, महेंद्र राय ,संजय पासवान सहित पंडरा बाजार समिति के सैकड़ों मजदूर साथी उपस्थित थे।

# झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 के प्री मीट में 30 जनजातीय समुदाय के अगुवाओं ने लिया भाग

## शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, कला संस्कृति, पेयजल पर सीएसआर फंड का इस्तेमाल करने पर जोर

**देशप्राण संवाददाता**




**रांची :** मिशन ब्लू फाउंडेशन और आई-थ्री फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 के दो दिवसीय आयोजन की शुरूआत रविवार को होटल चाणक्य बीएनआर में की गयी। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य कॉर्पोरेट, एनजीओ, सिविल सेवाओं के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं को एक साझा मंच प्रदान कर राज्य में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को और अधिक प्रभावशाली और सशक्त बनाना है। प्री मीट का थीम ₹ट्राइबल वेलफेयर₹ था। इस प्री मीट में झारखंड के 30 जनजाति समुदाय के प्रतिनिधिमंडल और लगभग 200 लोगों ने पूरे राज्य से आए प्रतिनिधि शामिल हुए और अपने विचार व्यक्त किए। अलग अलग जिलों से आए प्रतिनिधिमंडल ने सीएसआर फंड का इस्तेमाल किस क्षेत्र और प्राथमिक की स्तर पर कैसे हो, इसपर सुझाव दिए। जनजाति समुदाय के अगुवा लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, पारंपरिक कला संस्कृति, पेयजल, अंधविश्वास जैसे कई विषयों पर सीएसआर फंड का इस्तेमाल करने की बात कहीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने कहा कि सीएसआर फंड का इस्तेमाल आपसी समन्वय बनाकर इस्तेमाल किया जाए तो आदिवासी समाज का समग्र विकास होगा। झारखंड के संसाधन को भी बचा सकते है। झारखंड में सीएसआर पॉलिसी बनी है, लेकिन इसमें अभी सुधार की जरूरत है। हमारी कोशिश रहेगी कि इस पॉलिसी की कमियों को दूर किया जाए। सीएसआर कॉन्क्लेव प्री मीट के माध्यम से आए सुझाव से झारखंड में सीएसआर फंड का इस्तेमाल सही ढंग से उपयोग करने में मदद मिलेगी।

पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि सीएसआर फंड का इस्तेमाल सही जगह हो यह बहुत जरूरी है। फंड का इस्तेमाल खास तौर पर झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल आदि पर खर्च हो।

मिशन ब्लू फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव के प्री मीट में एक रूपरेखा तैयार होगा, ताकि आने वाले समय में सीएसआर फंड का इस्तेमाल पारंपरिक कला संस्कृति, खान पान आदि का विकास हो। कॉर्पोरेट कंपनियों के बीच एक समन्वय बनाकर फंड का इस्तेमाल झारखंड के विकास पर हो, इस पर फोकस किया जाएगा। कॉन्क्लेव में राज्यभर में कार्यरत हजारों एनजीओ के प्रतिनिधि और 200 से अधिक सरकारी एवं निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

आई-थ्री फाउंडेशन के राजीव गुप्ता ने कहा कि झारखंड के विकास में जनजाति समुदाय की भागीदारी बहुत ही हम है। झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव में कारपोरेट कंपनियां शामिल हो रही है, जो झारखंड के विकास के लिए फंड का इस्तेमाल करती है।

इस आयोजन में इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स भी सहयोग कर रहा है। इस अवसर पर सेल बोकारो के जीएम हेमू टोप्पो, बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद साह, राजू पोद्दार, पीएचडी चैंबर के मंतोष कुमार, राहुल कुमार, बिंदेश्वर उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# एक वैकल्पिक कैरियर विकल्प के रूप में पूंजी बाजार का पता लगाएं युवा सीए : काबरा

**देशप्राण संवाददाता**



**रांची :** भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की रांची शाखा की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन उन्नति का समापन रविवार को हो गया।

राजधानी के करमटोली चौक स्थित सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में आयोजित सम्मेलन के अंतिम दिन रविवार के पहले सत्र की शुरूआत शाखा अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया के सम्बोधन से हुआ।

मौके पर केंद्रीय परिषद सदस्य सीए पंकज शाह ने कहा कि आईसीएआई संस्थान सीए सदस्यों के हितों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सदस्यों के समक्ष उपस्थित वर्तमान समस्याओं का समाधान करने का प्रयास और वर्तमान कराधान प्रणाली पर भी काम कर रहा है। इसके बाद सीए दुर्गेश काबरा, अध्यक्ष, वित्तीय बाजार और निवेशक सुरक्षा समिति, आईसीएआई ने युवा सीए को एक वैकल्पिक और लाभदायक कैरियर विकल्प के रूप में पूंजी बाजार का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद आशीष पी सोमैया ने इक्विटी में निवेश के लिए विजयी व्यवहार पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने पूंजी बाजार की संभावनाओं के बारे में भी बताया और इक्विटी बाजार में लेनदेन करते समय धैर्य रखने का सुझाव दिया।

अंतिम सत्र में केंद्रीय परिषद सदस्य सीए पंकज शाह ने विभिन्न उदाहरणों के साथ वसीयत उत्तराधिकार कानून के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शेयर होल्डिंग पैटर्न और उसके कराधान के माध्यम से व्यापार पुनर्गठन पर भी चर्चा की।

हर सत्र का विषय बेहद रोचक और नया था और प्रत्येक सत्र के अंत में प्रतिभागियों की ओर से प्रश्नोत्तर सत्र में गहन रुचि दिखाई। इससे सम्मेलन की प्रासंगिकता और उपयोगिता सिद्ध हुई।

रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने कहा की आईसीएआई सदैव अपने सदस्यों को अद्यतन ज्ञान और नैतिक मूल्यों से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और आईसीएआई केंद्रीय परिषद और सीआईआरसी का आभार प्रकट किया।

सम्मेलन के संयोजक सीए विकास सहाय और सीए शुभम मोदी, सीए सुनील मेहता, सीए हरेंद्र भारती, सीए अनीश जैन, सीए निशांत मोदी, सीए नरेश केजरीवाल, सीए दिलीप कुमार, सीए मनीषा बियानी सहित अन्य मौजूद थे। मंच का संचालन सीए अनुप कुमार और सीए सावित्री झा ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने पेड में फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**मांडर :** माण्डर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंजीया चाला टोली, में संजय उराँव उम्र करीब-28 वर्ष पिता भदवा उराँव ग्राम कंजीया ने रविवार को सड़क के किनारे स्थित एक पेड़ में फॉसी का फंदा लगाकर लगाकर आत्म हत्या कर लिया । आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया, पुलिस ने शव को बरामद कर अंत्य परीक्षण हेतु रिम्स राँची भेजा दिया है।

### रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 32वां वार्षिक आम सभा संपन्न

**रामगढ़ :** रामगढ़ चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 32वां वार्षिक आम सभा रविवार को बिजुलिया स्थित चैंबर भवन में संपन्न हुआ। आम सभा के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ की विधायक ममता देवी एवं एफजेसीसीआई रांची के अध्यक्ष परेश गट्टानी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रामगढ़ चैंबर भवन में रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 32वें वार्षिक आम सभा की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष मनजीत साहनी ने किया। मौके पर अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व मोमेंटो देकर किया गया। रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आम सभा को संबोधित करते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि रामगढ़ चैंबर वर्षों से उद्योग और सरकार के बीच मजबूत सेतु की भूमिका निभा रहा है। झारखंड सरकार स्थानीय व्यापार, उद्यमिता और युवाओं के स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में चेंबर और सरकार मिलकर ऐसा माहौल तैयार करेंगे, जिससे कारोबारियों को लाभ और युवाओं को रोजगार मिलेगा।

# योग मानसिक संतुलन व आंतरिक उर्जा को जागृत करता है : सीसीएल सीएमडी

देशप्राण संवाददाता

**पिपरवार, 22 जून :** कोयलांचल के बचरा चार मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) स्तरीय विशाल योग सत्र का आयोजन किया गया। विशाल योग सत्र में सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह,निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्रशेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार, पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, सीसीएल मुख्यालय के अधिकारी, पत्रकार , कर्मचारीगण, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि,बड़ी संख्या में सीसीएल परिवार, ग्रामीण विस्थापित प्रभावित व्यवसायिक प्रशासनिक अधिकारी राजनैतिज्ञ शिक्षाविद छात्र समाजसेवी सहित



अन्य लोग हजारों की संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में पिपरवार महाप्रबंधक संजीव कुमार एवं उनके टीम का अहम योगदान रहा। इस मौके पर सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मानसिक संतुलन और आंतरिक ऊर्जा को भी जागृत करता है। सीसीएल अपने कर्मचारियों और समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर इस प्रकार के आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा।प्रसिद्ध योग गुरु गिरिन गोविंद ने सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया और योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री गिरिन गोविंद वर्तमान में श्री श्री योग के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे योग जीवन में संतुलन और शांति लाता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शनिवार को 11वाँ वर्ष बड़े गर्व और उत्साह के साथ पूरे देश में मनाया गया। भारत की प्राचीन योग परंपरा पूरे विश्व को एकता, शांति और स्वास्थ्य का संदेश देने का माध्यम है। यह आयोजन सीसीएल के सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वास्थ्य के प्रति सजग दृष्टिकोण और कर्मचारियों व समुदाय के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों का प्रतीक है। योग दिवस जैसे आयोजनों से सीसीएल कार्यस्थलों पर सकारात्मक ऊर्जा और जीवनशैली में संतुलन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं।

## ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

देशप्राण संवाददाता

**खलारी/डकरा, 22 जून :** अहमदाबाद में बीते दिनों हुए दुखद विमान हादसे को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की गुमला शाखा के तत्वावधान में संचालित ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला, सुभाष नगर के बीके बहन-भाइयों ने रविवार को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले लोगों को याद किया। यह आयोजन सिर्फ शोक व्यक्त करने तक सीमित नहीं था, बल्कि यह सकारात्मकता, आत्मबल और शांति का संदेश देने का एक माध्यम भी बना। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए विशेष योग भट्टी, मनसा सकास और एक हृदयस्पर्शी कैंडल मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें बीके बहन-भाइयों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस सामूहिक प्रार्थना



का हिस्सा बने। कार्यक्रम के दौरान, सभी उपस्थित लोगों ने मौन धारण कर मोमबत्तियां जलाईं और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला की निमित्त बीके प्रीति बहन ने इस अवसर पर कहा कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में हुआ यह भीषण हादसा वाकई में हृदय विदारक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रह्माकुमारी संगठन, एक आध्यात्मिक संस्था होने के नाते, ऐसी विपरीत परिस्थितियों में समाज को आत्मबल और सकारात्मकता का संदेश देता है, जिससे लोग इस दुख से उबर सकें। ज्ञात हो कि ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला, सुभाष नगर का यह प्रयास न केवल मृतकों को श्रद्धांजलि है, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि त्रासदी के समय भी सामूहिक प्रार्थना और सकारात्मक ऊर्जा हमें विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति देती है। यह कार्यक्रम हमें याद दिलाता है कि भले ही जीवन में चुनौतियां आएं, प्रेम, शांति और आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलकर हम उनसे पार पा सकते हैं।

## कुर्मी विकास मोर्चा की बैठक सम्पन्न



देशप्राण संवाददाता

**बुढ़मू, 22 जून :** कुर्मी विकास मोर्चा की बैठक रविवार को बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में सोनालाल महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार,केंद्रीय महासचिव राजेंद्र महतो,युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो शामिल हुए। मौके पर शीतल ओहदार ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्तावित पेसा कानून में राज्य सरकार कुर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करे। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त मामले को लेकर राज्य भर के कुर्मी समाज को गोलबंद किया जा रहा है। ओहदार ने कहा कि इस मामले को लेकर समाज द्वारा चरणबद्ध आंदोलन भी किया जायेगा। इस अवसर पर राज्य भर के कुर्मी समाज के गांवों में जागरूकता अभियान भी चलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर ललित महतो, सबिता देवी, सुशील कुमार, सोहन कुमार, सरिता देवी, उर्मिला देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## बादाम कोयला खनन परियोजना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

देशप्राण संवाददाता

**बड़कागांव, 22 जून :** बादाम कोयला खनन परियोजना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को उत्साह और उमंग के साथ मनाया। यह कार्यक्रम हजारीबाग झील के पास खुले थिएटर में आयोजित किया गया, जहाँ की शांत प्राकृतिक वातावरण ने स्वास्थ्य, ध्यान और सामुदायिक सहभागिता के लिए एक आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान की। इस अवसर की अगुवाई परियोजना प्रमुख श्री अरुण कुमार सक्सेना ने की। उन्होंने अपने संबोधन में दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया, जिससे मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि योग कार्यस्थल और घर दोनों में संतुलन और समरसता बनाए




रखने में सहायक होता है। कार्यक्रम में जागृति महिला संघ की उपाध्यक्ष मीना सक्सेना ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा, कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों झ्र एस.एस. मिश्रा (जीएम - इंफ्रास्ट्रक्चर), विनोद एस. भोयर (एजीएम - तकनीकी सेवाएँ), सीताराम माझी (एजीएम - खनन), और बदरुद्दीन अंसारी (एचआर प्रमुख) ने भी भाग लिया।इस अवसर पर कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में एक जीवंत और समावेशी वातावरण बना। योग प्रशिक्षिका मुस्कान राणा द्वारा एक मार्गदर्शित योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों और प्राणायामों का अभ्यास कराया।

## रामगढ़ जिला ओलंपिक एसोसिएशन की आमसभा में नयी कमिटी का किया गठन

**रजरप्पा, 22 जून :** रामगढ़ जिला ओलंपिक एसोसिएशन की आमसभा (एजीएम) और चुनाव को लेकर रविवार को सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल स्थित ऑफिसर्स क्लब में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. उर्मिला सिंह ने की। जबकि मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे और अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी मार्कस हेम्ब्रम व एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष चंचल भट्टाचार्य उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से रामगढ़ जिला ओलंपिक एसोसिएशन की नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को अध्यक्ष, सीडी सिंह को महासचिव और पूरन चंद राम को कोषाध्यक्ष चुना गया।



वरीय उपाध्यक्ष पद पर राजीव जायसवाल, गोपाल राम, बलजीत सिंह बेदी और विजय मेवाड़ को चुना गया। शशि पांडेय, सहदेव मांझी, मो. कमरूद्दीन, राकेश मिश्रा, राजू रंजन सिंह, भागीरथ महतो और धर्मनाथ महतो उपाध्यक्ष तथा डॉ. उर्मिला सिंह व परमदीप सिंह कालरा को एसोसिएट उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। मिस मेरी, सुखसागर सिंह, कीर्ति गौरव, शैलेश कुमार शर्मा, रामेश्वर गोप, सूरज मुंडा, चंद्रशेखर राम करमाली, दिलीप सिंह, दिनेश कुमार व विश्वजीत मुंडा को सह-सचिव चुना गया। जबकि तुलेश्वर चौधरी, मिस ललिता, संजय सोनकर, महावीर कुमार महतो, जय विजय, अजय कुमार, अंकित कुमार सिंह, उत्तम कुमार महतो, सोनू करमाली, अंकुश कुमार, श्रीतन वर्मा, नवीन कुमार, आयशा कुमारी को सदस्य चुना गया।

## महात्मा नारायण दास ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल में यज्ञशाला का उद्घाटन

देशप्राण संवाददाता

**तमाड़, 22 जून :** रविवार को तमाड़ विधानसभा अंतर्गत महात्मा नारायण दास ग्रोवर डी ए वी पब्लिक स्कूल, में पूर्व लोकसभा डिप्टी स्पीकर सह पद्मविभूषण श्रीमान कड़िया मुंडा जी के कर कमलों से यज्ञ करके ध्वज फहरा कर विद्यालयीय नए यज्ञशाला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रांची से पधारे श एस एल गुप्ता, अध्यक्ष आर्य ज्ञान प्रचार समिति सपत्नीक, प्रेम प्रकाश आर्य सचिव आर्य ज्ञान प्रचार समिति सपत्नीक, राजेन्द्र आर्य प्रधान आर्य समाज मंदिर रांची सपत्नीक, अजय आर्य , सचिव विद्यालय स्थानीय कमिटी सह मंत्री आर्यसमाज रांची सपत्नीक, संजय पोद्दार कोषाध्यक्ष




आर्यसमाज रांची सपत्नीक, झूंपा सिंह प्राचार्या डीएवी नंदराज मोडर्न पब्लिक स्कूल अशोक भाटिया, सुनील गुप्ता अध्यक्ष स्थानीय विद्यालय कमिटी, पुनीत माहेश्वरी सहित स्थानीय अभिभावकगण, बच्चे, शिक्षक शिक्षिकाएं इत्यादि उपस्थित थे। यज्ञ के बाद मुख्य अतिथि कड़िया मुंडा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा सौभाग्य है कि जो सपना हमने ग्रोवर साहब के साथ देखा था, जिस संस्था का नींव एस एल गुप्ता, प्रेम प्रकाश आर्य, राजेन्द्र आर्य और अशोक भाटिया ने डाला था वह फल - फूल रहा है। सबसे बड़ा दान विद्या दान है ।हम इसी विद्या दान के क्षेत्र को और आगे ले जाने के लिए आप सबों से आग्रह करते हैं। आज सिमडेगा आदि इलाकों में यह काम निर्मल, खूंटी द्वारा काफी मेहनत के साथ किया जा रहा है परन्तु और गति की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है आप इसे समझेंगे। इसके बाद सुशीला गुप्ता आर्यसमाज संरक्षिका रांची ने मधुर भजन रखा। राजेन्द्र आर्य, प्रधान आर्यसमाज रांची ने विद्यालय का इतिहास बताया और श्री संजय पोद्दार जी ने यज्ञ के महत्त्व पर प्रकाश डाला। यज्ञ के पुरोहित अशोक पाठक ने कहा कि यज्ञ केवल पूजा - पाठ - हवन नहीं है बल्कि संपूर्ण जीवन कौशल है जहां उन्नत चरित्र,आत्मबल , देश प्रेम, सभ्यता संस्कृति संरक्षण इत्यादि कार्यों को सिखाया जाता है। यदि सरकार देश प्रेमी युवा चाहती है तो स्कूलों में केवल यज्ञशाला बना दे। हम उन्नत बैंगन और सिमला मिर्च बनाने में लगे हैं पर आदमी कैसा हो ,इस पर ध्यान नहीं गया।

## खोखले नेताओं के कारण कंपनी मनमानी कर रही है

**बड़कागांव :** झारखंड में खोखले नेताओं के कारण कंपनी मनमानी कर रही है। कंपनी के पक्ष में पुलिस लटैत नहीं बने तो रैयत कंपनी को उखाड़ फेंक देंगे। हाथ बिता के लिए भाई-भाई से लड़ाई नहीं करें एकड़ को बचाने के लिए कंपनी से एकजुट होकर लड़ाई को लड़ना है। पहचान विहीन से बचने के लिए लड़ाई को आगे बढ़ाना है और इसमें मुख्य भूमिका महिलाओं की होनी चाहिए। 21वीं सदी में महिला बेलन भी चलावे और बंदूक भी। सिंगार के साथ अंगार भी करना है। उक्त बातें जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो ने बड़कागांव स्थित 13 माइल में युवा विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहे अनिश्चितकालीन धरना में संबोधित करते हुए कहीं। विस्थापित संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना 10 जून से एनटीपीसी में कट ऑफ डेट संशोधन एवं अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू की गई है। जेएलकेएम सुप्रीमो श्री महतो ने आगे कहा कि माय और माटी में यदि पहले त्याग करने की बात आवे तो माय को ही त्याग कर दीजिए लेकिन माटी की रक्षा अंतिम जीवन तक लड़ी जानी चाहिए। क्योंकि जमीन के बगैर किसी की पहचान नहीं हुई है। जिसका जमीन है उसी की पहचान होती है। बिना जमीन का जीवन खानाबदोश या गुलगुलिया की है। जमीन के कारण ही ईरान-इजरायल, भारत -पाकिस्तान, भारत -चीन की लड़ाई का इतिहास रहा है। क्योंकि जमीन पर ही आपकी अस्तित्व टिकी हुई है। लोग पानी, पेड़, पौधा, हवा में नहीं रह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि यदि कंपनी के साथ पूंजी है तो ग्रामीण रैयत के पास जमीन है।

## खबर कोना

### दिन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र ने मनाया स्थापना दिवस

**मांडर :** झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की प्रमुख योजना 'मुख्यमंत्री सारथी योजना' के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र विनायक फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी का स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर संस्था के परियोजना प्रमुख त्रयम्बक शरण एवं केंद्र प्रबंधक रोहित कुमार द्वारा संस्था के स्थापना की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों एवं अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालाऔर बताया की कैसे संस्था निरंतर युवाओं के कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता के लिए कार्य कर रही है। नशा मुक्ति अभियान पर जागरूकता सत्रः इस अवसर पर विशेष नशा मुक्ति जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं को नशे के दुष्परिणामों, इसके सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों, और इससे बचने के उपायों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने हाथ उठाकर नशा मुक्त भारत स्वस्थ भारत का संकल्प लिया। शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशा से दूर रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) रांची जिला, परियोजना सहायक श्री अमित कुमार विजय, ने अपने प्रेरणास्पद वक्तव्य में कहाः यदि हम अपने जीवन को सही दिशा देना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें अपने विचारों और आदतों को सकारात्मक बनाना होगा। नशा एक ऐसा जहर है जो ना केवल शरीर को, बल्कि हमारे भविष्य को भी खत्म कर देता है। आज हम सब यह संकल्प लें कि हम स्वयं भी नशा मुक्त रहेंगे और अपने समाज को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। इसी प्रकार, नशा मुक्ति केवल एक व्यक्तिगत परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह समाज के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है।यह पहल सीधे तौर पर संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों से जुड़ी है, विशेषकरःसतत विकास लक्ष्य 3 झ्र अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण। साथ ही साथ सभी प्रशिक्षुओं को विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण उपरांत रोजगार से जुड़ने हेतु प्रेरित किया, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और राज्य के समग्र विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इस कार्यकर्म में विनायक फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी से परियोजना प्रमुख त्रयम्बक शरण, केंद्र प्रबंधक रोहित कुमार के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### मगनपुर की आदिवासी हिंदू महिला को जल्द से जल्द बरामद करे पुलिस प्रशासन : चक्रवर्ती दिवाकर

**गोला :** हिंदू रक्षा दल के केन्द्रीय कौर कमेटी सदस्य चक्रवर्ती दिवाकर ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा है गोला थाना क्षेत्र के मगनपुर गांव की एक हिंदू महिला को मगनपुर गांव के ही एक मुस्लिम लड़का जिसका नाम फिरोज अंसारी पिता लाल मोहमद अंसारी के द्वारा दिनांक 8 जून 2025 को भगाकर कहीं ले जाया गया है। जिसका आवेदन महिला के पति दीपक मुंडा के द्वारा गोला थाना प्रभारी और रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को दिया गया है। परंतु अभी तक किसी तरह का कोई कारवाई नहीं किया गया है। आगे चक्रवर्ती दिवाकर ने कहा कि आज समाज किस दिशा की ओर आगे बढ़ता चला जा रहा है। आज हम अपने धर्म को बचाने के लिए अगर आगे नही आते है। तो जिहादियों का मनोबल बढ़ता चला जायेगा। आगे चक्रवती दिवाकर ने कहा कि पुलिस प्रशासन राज्य सरकार के दबाव में आकर हिन्दूओं का साथ नहीं दे रही है। जिसके चलते आये दिन झारखंड में आदिवासी हिन्दू बहन- बेटियों और महिलाओं के साथ विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा लव जिहाद का शिकार बनाया जा रहा है। जिहादियों पर राज्य सरकार के कारण कोई कारवाई नहीं होती है। आगे चक्रवर्ती दिवाकर ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं करती है और आदिवासी हिंदू महिला को बरामद नही करती है तो पूरे रामगढ़ जिला में एक उग्र आंदोलन के लिए हिंदू समाज बाध्य होगा और इसकी पूरे जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी।

### प्रखंड सभागार गोला में बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक को दिया गया प्रशिक्षण

**गोला :** मतदान केंद्रों के जिओ फेंसिंग, नजरी नक्शा और की मैप को लेकर शनिवार को प्रखंड सभागार गोला में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी गोला समरेश प्रसाद भंडारी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में गोला प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक भाग लिए। प्रशिक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी गोला समरेश प्रसाद भंडारी ने निर्वाचन विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों का जिओ फेंसिंग किया जाना है। इसे लेकर निर्धारित प्रक्रिया की विस्तार से सभी को जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को जिओ फेंसिंग के तहत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

### कटकमसांडी प्रखंड के झारखंड राज्य खाद्य निगम गोदाम का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**हजारीबागः** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह द्वारा आज रविवार को कटकमसांडी प्रखंड स्थित झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्यान्न के भंडारण, वितरण, रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न के सुरक्षित रख रखाव के प्रयोग में लाए जाने वाले रसायन एवं खाद्यान्न के स्टॉक के लिए संधारित किए जाने वाले रजिस्टर के अद्यतन न होने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस लापरवाही पर उपस्थित एमओ और एजीएम को शोकॉज करते हुए अगले 24 घंटे के अंदर खाद्यान्न के रखरखाव,रसायन (कीट नाशक) की उपलब्धता, पंजी का संधारण,गोदाम में स्टॉक रजिस्टर, इनवेंट्री विवरण, गुणवत्ता मानकों, फायर फाइटिंग सिस्टम (आग बुझाने का यंत्र) तथा स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोदाम में खाद्यान्न की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए एवं वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बरती जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्रक्रियाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के लाभुकों तक समय पर उचित मात्रा में खाद्यान्न पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है, तो उस पर त्वरित विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री सुधीर कुमार मौजूद रहे।

### बलिदान दिवस समारोह में दुलमी से केंद्रीय सचिव के नेतृत्व में सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता रांची हुए रवाना

**रजरप्पा :** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से आजसू कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। दुलमी प्रखंड क्षेत्र से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह रामगढ़ के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता रांची रवाना हुए। ब्रह्मदेव महतो ने कहा कि आज का दिन झारखंड आंदोलन के उन शहीदों को समर्पित है, जिन्होंने राज्य की अस्मिता, अधिकार और पहचान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह दिन केवल अतीत को स्मरण करने का ही नहीं, बल्कि आत्ममंथन कर भविष्य की दिशा तय करने का भी अवसर है। रांची रवाना होने वालों में पूर्व उपप्रमुख रीझू महतो, प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, जिला उपाध्यक्ष ब्रजनंदन महतो, गजेंद्र चौधरी, बलराम महतो, राहुल महतो, दिलीप महतो, ठाकुरदास महतो, किलस महतो, सुजीत महतो, कारू राम मिस्त्री, निरंजन महतो, सीडी महतो, अभय पद्मराज, विजय महतो, बालकृष्ण ओहदार, बैजनाथ ओहदार, मृत्युंजय महतो, प्रकाश महतो, रामवृक्ष महतो, नागेंद्र महतो, बासुदेव महतो सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कनहरी हिल का बादलों से गुफ्तगू...

हजारीबाग : झारखंड में मॉनसून के प्रवेश के साथ ही इन दिनों हजारीबाग में मौसम बेहद सुहाना है। पिछले तीन- चार दिन लगातार बारिश होने के बाद शनिवार को मामूली बारिश हुई और रविवार को सुबह से मौसम खुला, धूप भी निकली लेकिन शाम को अचानक झमाझम बारिश होने लगा। बारिश से ठीक पहले कनहरी हिल पर एक अविस्मरणीय शाम देखने को मिली। हल्की-हल्की बारिश की फुहारों के बीच, पहाड़ से टकराते बादलों का दृश्य इतना मनमोहक था कि नेशनल हाईवे से गुजरने वाली कई गाड़ियों के पहिए थम गए और राहगीर इसकी खूबसूरती का दीदार करते दिखें। शहर और ग्रामीण क्षेत्र से भी प्रकृति प्रेमी इस मनभावन नजारे को करीब से निहारने के लिए खुद को रोक नहीं सके। कनहरी हिल के इस बेहद मनोरम नजारे को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया है हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने। उन्होंने बताया कि जब ठंडी हवा के झोंके बादलों को धीरे-धीरे पहाड़ की चोटी की ओर धकेलते हैं और वे एक-दूसरे से लिपटकर गुजरते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे पहाड़ और बादल आपस में गुफ्तगू कर रहे हों। बारिश की बूंदें इस अलौकिक दृश्य में एक मधुर संगीत घोलती है और हरियाली से लदी कनहरी और भी खिल उठती है। रंजन चौधरी ने कहा कि कनहरी हिल से बादलों के गुजरने का मनोरम नजारा देखने का अनुभव सिर्फ आंखों को नहीं, बल्कि आत्मा को भी शांति और सुकून देता है।

### तेज रफ्तार वाहन ने पोल में मारी टक्कर, चालक और सवारी फरार

हजारीबाग : सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा बाजार स्थित धोबी गली के समीप रविवार को शाम में एक तेज गति से आ रही चारपहिया वाहन संख्या जे एच 02 बीके 7621 ने सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पोल के पास खड़ी एक दोपहिया वाहन (स्कूटी) भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उक्त वाहन की कुछ दूरी पहले किसी अन्य वाहन से मामूली टक्कर हो गई थी। बताया जा रहा है कि उसी वाहन का पीछा करते हुए यह वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे पोल से जा टकराया। घटना के बाद वाहन चालक एवं उसमें सवार अन्य लोग घटनास्थल से भाग निकले। सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तत्काल जांच प्रक्रिया प्रारंभ की।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित

# सांसद, विधायक व उपायुक्त ने शामिल होकर किया योग

देशप्राण संवाददाता



**चतरा, 22 जून :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर जिले भर से छात्र-छात्राएं, आमजन, प्रशासनिक अधिकारी, स्वयंसेवी संगठन एवं योग प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह शामिल हुए। साथ ही चतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनार्दन पासवान एवं उपायुक्त कीर्तिश्री भी उपस्थित थी। इन सभी गणमान्य अतिथियों ने मंच साझा किया और स्वयं योगाभ्यास में सक्रिय सहभागिता दी।

कार्यक्रम में प्रातः 6:00 बजे सामूहिक योगाभ्यास की शुरूआत, योग प्रशिक्षकों द्वारा निर्देशित विविध योगासन, 'योग से निरोग' विषय पर संबोधन, आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परामर्श एवं प्रदर्शनी किया गया।

बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों की विशेष भागीदारी रही। इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि योग भारत की वह सांस्कृतिक शक्ति है, जिसे आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। हमें इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। विधायक जनार्दन पासवान ने कहा चतरा जिले के लोग जिस उत्साह से योग दिवस में भाग ले रहे हैं, वह प्रशंसनीय है।

योग आत्मबल और अनुशासन का प्रतीक है। उपायुक्त कीर्तिश्री ने अपने संबोधन में कहा योग सिर्फ एक दिवस की गतिविधि नहीं, यह जीवन जीने की कला है। सभी लोग इसे रोजाना अपनाएं और स्वयं को स्वस्थ रखें। इस अवसर पर आयुष विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग सहित कई संस्थाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन की सभी इकाइयों का सराहनीय योगदान रहा।

## झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने चतरा में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

देशप्राण संवाददाता



**चतरा, 22 जून :** झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति शनिवार को चतरा पहुंची। समिति के सभापति रामचंद्र सिंह एवं समिति के सदस्य चंद्रदेव महतो के चतरा परिसदन आगमन पर उपायुक्त कीर्तिश्री जी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने पौधा भेंट कर आभार प्रकट करते हुए उनका स्वागत किया। इसके पश्चात चतरा परिसदन स्थित सभाकक्ष में झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति रामचंद्र सिंह ने की। समिति के सदस्य चंद्रदेव महतो उपस्थित थे।बैठक में मुख्य रूप से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निष्पादन, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति और उनके लाभार्थियों तक पहुंच आदि विषयों पर समीक्षा की गयी। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा सभी विभागों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।बैठक के दौरान जिले में संचालित प्रमुख विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति विभाग, भवन निर्माण एवं पथ निर्माण विभाग, खनन, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, कल्याण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, निबंधन विभाग, जिला योजना आदि शामिल रहा। प्रत्येक विभाग द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की प्रगति, समस्याएँ और समाधानात्मक प्रयासों की जानकारी दी गई।मौके पर सभापति ने कहा कि सदाचार समिति का उद्देश्य जनहित में पारदर्शी, संवेदनशील और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन सामान्य की समस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा मन्नू कुमार समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सांसद मनीष जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार मुलाकात


देशप्राण संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने लखनऊ स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस आत्मीय भेंट के दौरान सांसद श्री जायसवाल ने 29 जून से हजारीबाग में आरंभ हो रहे अपने विशेष जनकल्याणकारी अभियान सांसद तीर्थ दर्शन कार्यक्रम का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया एवं उन्हें कार्यक्रम में सहभागिता हेतु विधिवत आमंत्रण पत्र सौंपा। सांसद ने आग्रह किया कि मुख्यमंत्री अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्रदान करें। उन्होंने बताया कि सांसद तीर्थ दर्शन के अंतर्गत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को काशी, अयोध्या, प्रयागराज एवं विंध्याचल प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा करवाई जाएगी, जिससे उन्हें धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभूति प्राप्त होगी। श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री को झारखंड की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों, क्षेत्रीय विकास की प्राथमिकताओं एवं केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं के स्थानीय स्तर पर हो रहे क्रियान्वयन की जानकारी भी साझा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद मनीष जायसवाल की इस लोककल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना न केवल बुजुर्गों के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि भारतीय संस्कृति और तीर्थ परंपरा को जनमानस से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## जिले में कई थाना प्रभारी बदले गये

देशप्राण संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने हजारीबाग जिला में कई थाना प्रभारी को स्थानांतरण एवं पदस्थापना किया है। पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार को पुलिस केंद्र से थाना प्रभारी कोर्रा बनाया गया है। जबकि पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कांत विमल को पुलिस केंद्र से थाना प्रभारी चरही के पद पर भेजा गया है। पुलिस अवर निरीक्षक भानु प्रताप सिंह, प्रभारी पदमा को थाना प्रभारी गिददी बनाया गया है। पुलिस अवर निरीक्षक संचित कुमार को विष्णुगढ से तबादला करते थाना प्रभारी, पदमा के पद पर नियुक्त किया गया है। वही पुलिस अवर निरीक्षक गौतम कुमार तत्कालीन थाना प्रभारी, चरही 02 पुलिस अवर निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह, तत्कालीन थाना प्रभारी कोर्रा को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस केंद्र में पदस्थापित किया गया है। साथ ही साथ पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कुमार को थाना प्रभारी गिदी से पुलिस केंद्र हजारीबाग में पदस्थापित किया गया है।

## खबर कोना

### गोल चौक स्थित श्री ज्वेलर्स में फायरिंग की घटना से दहशत, 48 घंटे में कार्रवाई की मांग, व्यापारी समाज ने जताया आक्रोश



**हजारीबाग** : शहर के महावीर स्थान चौक के समीप स्थित श्री ज्वेलर्स प्रतिष्ठान में अज्ञात अपराधियों द्वारा गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर व्यापारी समाज में दशक फैलाने का कार्य किया गया अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए प्रतिष्ठा के शीशे पर सात राउंड फायरिंग की गई घटना से व्यापारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है एवं दहशत का माहौल बन गया है पुलिस प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती है की भीड़भाड़ वाले इलाके में इस तरह की घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गए। स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के कारण अपराधी बैकअप होकर इस तरह की घटना को अंजाम देकर खुलेआम घूम रहे हैं। सूचना पाकर चेंबर के पदाधिकारी प्रतिष्ठान में पहुंचकर प्रतिष्ठा के मालिक से बात की एवं उसके बाद तुरंत एक आपातकालीन बैठक हुई जिसमें सभी ने एक स्वर से इस घटना की तीव्र निंदा की एवं भूखत भोगी व्यवसाय को आश्वासन दिया कि पूरा व्यवसाय समाज उनके साथ खड़ा है। साथ ही पुलिस प्रशासन से यह मांग की गई की 48 घंटे के अंदर घटना का उद्वेदन कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए। अन्यथा व्यापारी वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस बैठक में फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल सचिव राकेश ठाकुर उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल सुबोध कुमार एवं सहसचिव तारीख अहमद राजा उपस्थित थे।

### जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन लेडीज विंग द्वारा आयोजित दो दिवसीय फैशन एग्जीबिशन का पोस्टर लॉन्च




**हजारीबाग** : जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन लेडीज विंग द्वारा आयोजित उड़ान 3.0 का पोस्टर लॉन्चिंग किया गया। यह आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीआईटीओ) लेडीज विंग, हजारीबाग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि टोनी जैन एवं हर्ष अजमेरा मौजूद रहें। जीतो टीम ने पोस्टर का संयुक्त रूप से अनावरण किया। उड़ान 3.0 फैशन एग्जीबिशन आगामी 28 एवं 29 जून को रिबन्स एंड बेल्स बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस बार एग्ज़िबिशन में कुल 48 स्टॉल्स होंगे, जिसमें फैशन परिधानों से लेकर आभूषण, होम डेकोर, गिफ्ट आइटम, राखी, स्किन केयर, किचन प्रोडक्ट्स, कॉस्मेटिक्स और साज-सज्जा की सामग्री शामिल है। इसके अलावा, 10 स्पेशल फूड स्टॉल्स आगंतुकों और एग्ज़िबिटर दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, नागपुर, कोलकाता, रांची, जमशेदपुर, रानीगंज, धनबाद, गिरिडीह और पंजाब जैसे शहरों से आए व्यापारी व डिजाइनर्स इस मेले में भाग लेंगे। यह एग्ज़िबिशन हजारीबाग की उद्यमशीलता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक अहम कदम है। आयोजकों ने कहा, जब तक मीडिया सकारात्मक प्रयासों को समाज तक नहीं पहुंचाता, तब तक किसी भी आयोजन की पूर्ण सफलता संभव नहीं है। कार्यक्रम की निदेशक दीपिका जैन, संयोजिका प्रीति लिम्का जैन, चेयरपर्सन अंतिमा जैन, चीफ सेक्रेटरी रजनी जैन और संचालनकर्ता श्वेता मयूर जैन की टीम ने इस कार्यक्रम की बागडोर पूरी निष्ठा के साथ संभाली है।

## रूई दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, करीब 30 लाख का नुकसान

देशप्राण संवाददाता



**हजारीबाग :** लोहसिंघना थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मेन रोड, सदर अस्पताल के सामने वर्षों से संचालित मोहन रूई दुकान में रविवार को शाम करीब 4 बजे के बाद एक दर्दनाक घटना घटी। अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे दुकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखे करीब 30 लाख रुपये मूल्य के रूई, गद्दे, गद्दे की सामग्री, फोम, कवर, गद्दे बनाने की मशीनें तथा अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां तत्काल पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए भरपूर प्रयास किया गया। आग इतनी तेज थी कि एक-एक करके गद्दों और रूई की सामग्री में तेजी से आग फैलती गई, जिससे दमकल कर्मियों को करीब एक से डेढ़ घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर पुलिस प्रशासन की भी तैनाती की गई ताकि क्षेत्र में अफरा-तफरी और भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि आग पर काबू पाने में पुलिस प्रशासन की ओर से वाटर कैनन गाड़ी का सहयोग लिया गया, जो सामान्यतः भीड़ नियंत्रण के लिए प्रयोग होती है। यह इस बात को दशार्ता है की हजारीबाग के अग्निशमन विभाग के पास या तो आवश्यक मात्रा में दमकल गाड़ियां उपलब्ध नहीं हैं या उनमें पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं भरा गया था। दुकान संचालक ने बताया की शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। जब तक कुछ समझ पाते, पूरा सामान जल चुका था। अनुमानत 20 से 30 लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है। हमारी सालों की मेहनत और जमा पूंजी एक झटके में समाप्त हो गई।

## योग हमारी संस्कृति का एक अंग हैं : थाना प्रभारी

देशप्राण संवाददाता




**चौपारण :** प्रखण्ड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग हैं, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन प्राप्त करने का भी एक शक्तिशाली साधन हैं। सुरेखा प्रकाश भाई के प्रधानाचार्या ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित करता हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे योग को अपने जीवन में शामिल करें और स्वस्थ, खुशहाल जीवन जीने का प्रयास करें। अपने जीवन को सफल और सुखी बनाने का प्रयास करना चाहिए।

### विभावि में स्नातक में अब नामांकन 28 जून तक

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक समसत्र प्रथम, सत्र 2025-29 मे नामांकन की तिथि को बढाकर 28 जून कर दिया गया है। वही नामांकन के लिए लगभग 30000 विद्यार्थियों ने विगत 21 जून तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन समर्पित किया है। यह नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए है। यह जानकारी विनोबा भावे विश्वविद्यालय के चांसलर पोर्टल तथा नामांकन के नोडल ऑफिसर डॉ इंद्रजीत कुमार ने दी। डॉ इंद्रजीत कुमार ने आगे बताया कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की मांग पर विचार करते हुए नामांकन हेतु चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने की तिथि को 7 दिन और बढ़ा दिया गया है। अब आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 जून निर्धारित की गई है। अर्थात किसी कारणवश जो विद्यार्थी आवेदन नहीं कर पाए हैं, वह अगले सात दिनों के भीतर अवश्य आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

# झारखंड व आसपास के बीएसएफ सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए विशेष सुनवाई 24 को मेरू कैंप में

देशप्राण संवाददाता



**हजारीबाग, 22 जून :** पेन्शन और सेवानिवृत्त लाभों से जुडी समस्याओं के निदान के लिए सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में दिन मंगलवार, दिनांक 24 जून 2025 को वार्ब की तिमाही बैठक का आयोजन भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा समस्त केन्द्रीय पुलिस बलों के पेंशनभोगी सेवानिवृत्त कार्मिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण हेतु वार्ब का गठन किया गया है। सीमा सुरक्षा बल भी अपने सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों व उनके एवं शहीदों के आश्रितों के कल्याण हेतु हमेशा ही प्रयासरत रही है। सेवानिवृत्त कार्मिक अपने आप को अकेला या असहाय न समझे इसके लिए उन्हें हमेशा सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में बुलाया व सम्मानित किया जाता रहा है। सीमा सुरक्षा बल, मुख्यालय की पहल पर वार्ब के तत्वावधान में प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू परिसर स्थित परिवार कल्याण केन्द्र में दिनांक 24 जून 2025, प्रातः 11:00 बजे से झारखण्ड व निकटवर्ती राज्यों में रहने वाले सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कार्मिकों व उनके आश्रितों की पेन्शन व रिटायमेन्ट लाभ में उत्पन्न विसंगतियों की एक ही पटल पर सुनवाई और निवारण हेतु मीटिंग का आयोजन उप महानिरीक्षक, (प्रशा0) प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय की अध्यक्षता में किया जाएगा।

संस्थान में स्थित केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन सुबह 0900 बजे से खुली रहेगी। सेवानिवृत्त कार्मिक व उनके परिजन समय पर आकर जरूरत अनुसार सामान खरीद सकते है। वार्ब की बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा बल, मेरू के अनुभवी लेखा अधिकारी, अनुसचिवीय स्टाफ और अन्य सम्बंधित विभागों के प्रभारी भी सेवानिवृत्त कार्मिकों एवं आश्रितों की समस्याओं के निवारण के लिए उपस्थित रहेंगे। हजारीबाग संभाग में रहने वाले सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत कार्मिकों से आह्वान किया जाता है कि वे अपने साथियों को भी परस्पर सूचित करें। सभी सेवानिवृत्त कार्मिक व उनके परिजन समय पर प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू कैम्प हजारीबाग में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निवारण कर सकते है।

साथ ही आग्रह किया जाता है कि जिन सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं पर पिछली वार्ब मीटिंग में सुनवाई हुई थी, वो सेवानिवृत्त कार्मिक सुनवाई पर हुई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करने के लिए मीटिंग में जरूर सम्मलित हों।

## सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल बने हजारीबाग गौशाला के सहमंत्री

देशप्राण संवाददाता



**हजारीबाग :** कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला, जो शहर से लगभग 6 से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वर्षों से गौ सेवा के लिए समर्पित एक प्रतिष्ठित स्थान के रूप में जाना जाता है। यहां प्रतिवर्ष गोपाष्टमी के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह स्थल न केवल श्रद्धा का केंद्र है बल्कि यहां गौ माता की सेवा और सुरक्षा का भी उत्कृष्ट प्रबंध देखने को मिलता है। सोसाइटी के संचालन को और अधिक सुदृढ़ व जीवंत बनाने के उद्देश्य से कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी ने अपनी हजारीबाग शाखा की प्रबंध कार्य समिति में युवाओं को सक्रिय रूप से शामिल करने का निर्णय लिया है। यह एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल मानी जा रही है. इस क्रम में करण जायसवाल को हजारीबाग शाखा का सह-मंत्री नियुक्त किया गया है। साथ ही, सौरव जैन, अभिषेक कुमार एवं अरविंद राणा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस नियुक्ति की जानकारी महामंत्री पवन कुमार टिबडेवाला ने एक पत्र के माध्यम से मंत्री श्रद्धानंद सिंह को औपचारिक रूप से दी। करण जायसवाल एक युवा, ऊर्जावान एवं प्रतिबद्ध समाजसेवी हैं। वे हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल के पौत्र तथा वर्तमान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र हैं। करण ने वर्षों से हजारीबाग में विभिन्न सामाजिक अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। वे हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष हैं और उनके नेतृत्व में संस्था ने कई उल्लेखनीय सामाजिक गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित की हैं और किया जा रहा है. इसके अतिरिक्त वे शहर के विभिन्न खेल संघों से भी जुड़े हैं और एक सफल व्यवसायी के रूप में भी पहचान रखते हैं। उनके मित्र उन्हें प्रेम पूर्वक शनि कहकर पुकारते हैं। करण जायसवाल ने सह-मंत्री बनने के पश्चात अपने दादा और पिता से आशीर्वाद लिया तथा समाजसेवा की अपनी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा की जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, वह मेरे लिए एक गौरव की बात है। मैं इस दायित्व को पूरी निष्ठा और लगन से निभाऊंगा। गौ सेवा एक पवित्र कार्य है और मैं इसे सेवा का माध्यम मानते हुए गौशाला को एक नई दिशा और गति देने का प्रयास करूंगा। महामंत्री, मंत्री समेत समिति के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। साथ ही, उन सभी शुभचिंतकों और मित्रों का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझे शुभकामनाएं और आशीर्वाद देकर मेरा उत्साहवर्धन किया।

# जंग और चौधराहट

युद्धरत पक्षों का 'मध्यस्थ', 'मित्र' या 'शांति-स्वर' कहलाता है, परंतु उसके पीछे छिपा होता है सत्ता का वह लालच, जो रक्त की धाराओं में अपना विस्तार खोजता है। इतिहास की गहराइयों में झांके, तो पाएंगे कि दो विश्वयुद्धों ने दुनिया को केवल विभाजित नहीं किया, उसने सत्ता की परिभाषा बदल दी। निर्णायक वही नहीं रहा जो मैदान में लड़ा, बल्कि वही हुआ जो अपने 'विचारों', 'संधियों' और 'वित्तीय सहायता' से बना। युद्ध यूरोप की गलियों में भड़का। ब्रिटेन, फ्रांस, रूस एक ओर, जर्मनी और ऑस्ट्रो-हंगेरियन साम्राज्य दूसरी ओर। प्रारंभ में अमेरिका तटस्थ रहा, मानो वह युद्ध से परे था। पर भीतर ही भीतर वह लोहे और बारूद का व्यापारी बनता गया। 1917 में जर्मनी के एक संकेत (जिमरमन टेलीग्राम) और समुद्री हमलों ने अमेरिका को अवसर दिया और वह उतर आया युद्ध के नाम पर दुनिया के निर्णायक मंच पर। शांति के बाद वुडरो विल्सन ने 'लीग ऑफ नेशंस' की बात की और अमेरिका ने स्वयं को विश्व का नियंता बताना आरंभ किया। यह शांति नहीं थी, यह प्रभुत्व की शुरुआत थी। युद्ध दूसरों ने लड़ा, मगर उसका साहित्य और संविधान अमेरिका की मेज पर लिखा गया।

दूसरे महायुद्ध ने केवल जर्मनी और जापान को नहीं तोड़ा, उसने दुनिया को दो हिस्सों में बांट दिया। एक ओर अमेरिका, दूसरी ओर सोवियत संघ। युद्ध की विभीषिका के बाद अमेरिका ने मार्शल प्लान के नाम पर यूरोप को फिर खड़ा किया पर हर ईंट पर उसका नाम उकेरा गया। उधर, रूस ने पूर्वी यूरोप में लाल झंडे गाड़े और विश्व शीत युद्ध के दो छोरों में बंट गया पर आश्चर्य यह कि युद्ध समाप्त हो गया था, फिर भी नियंत्रण, भय और गठबंधनों का नया खेल शुरू हो गया। युद्ध का मैदान भले शांत था पर 'चौधरी' बनने की होड़ और भी तीव्र थी। इस बार बंदूकें पीछे थीं पर डॉलर, विचारधाराएं और सैन्य गठबंधन (नाटो, वारसा) आगे। रूस और यूक्रेन की जंग, गाजा पट्टी का संघर्ष, या ताइवान की ओर चीन की निगाहें। हर बार तीसरा कोई देश, अपने 'शांति प्रस्ताव', 'हथियार आपूर्ति' और 'राजनयिक दवाब' के साथ उपस्थित होता है। अमेरिका, चीन, रूस ये आज भी वही भूमिका निभा रहे हैं जो पहले अमेरिका अकेले निभाता था। युद्धरत राष्ट्रों के जख्मों पर मरहम नहीं, बल्कि 'रणनीतिक निवेश' किया जाता है। हथियार बेचे जाते हैं, ऋण दिए जाते हैं, और बदले में अधिकार छीन लिए जाते हैं। आज 'शांति' भी एक व्यवसाय बन चुकी है, और 'चौधरी' वही है जो उस व्यवसाय का सबसे बड़ा व्यापारी है। भारत का स्वभाव ऐतिहासिक रूप से गुटनिरपेक्ष रहा है पंचशील, बुद्ध का दर्शन, गांधी का सत्य। पर बदलती दुनिया में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे निर्णायक बनने की ओर बढ़ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत ने न तो पक्ष लिया, न ही विरोध पर ऊर्जा समझौतों से लेकर वैश्विक मंचों पर दखल तक, भारत ने संकेत दे दिया कि उसके अंदर भी 'चौधराहट' है। वह भी 'तीसरे देश' की भूमिका में उतरने की तैयारी में है, लेकिन भारत का 'चौधरी' बनना तभी सार्थक होगा, जब वह युद्ध से नहीं, समझ से, हथियार से नहीं, विचार से नेतृत्व करे।

जब दो राष्ट्र एक-दूसरे पर बंदूकें ताने होते हैं, तब तीसरा राष्ट्र मंच पर उतरता है। हाथ में सफेद झंडा और जेब में सौदे। वह शांति का पुजारी बनता है, पर उसकी नजरें जमीन, सत्ता और संसाधनों पर होती हैं। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्धों ने दुनिया को यही सिखाया कि युद्ध का अंतिम निर्णायक कभी भी केवल बंदूक नहीं होती, बल्कि वह होता है जो निर्णय की चाबी अपने हाथ में रखता है। आज भी वही कथा नए किरदारों के साथ दोहराई जा रही है।

युद्ध अगर आग है, तो तीसरा देश उस पर अपनी रोटियां सेंकता है कभी मध्यस्थ बनकर, कभी मित्र बनकर, कभी शांति का प्रचारक बनकर। पर वह सबसे ज्यादा ताकतवर वही बनता है जो युद्ध में नहीं लड़ता, बल्कि युद्ध को संभालता, नियंत्रित करता और अपने पक्ष में मोड़ देता है।

# ट्रम्प-मुनीर लंच के रणनीतिक इरादे?

प्रमोद भार्गव



आधुनिक युग में शुरू से ही पश्चिमी देशों की योजना पूर्वी देशों पर शासन करने की रही है। उनकी इसी आपसी होड़ में प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध हो चुके हैं और तीसरा दस्तक दे रहा है। चूंकि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पश्चिमी देशों के नेतृत्व का कार्य अमेरिका ने चतुराई पूर्वक ब्रिटेन से ले लिया है, इसलिए पहले जो ब्रिटेन की सामरिक रणनीति रही, वही अब अमेरिका की हो चुकी है। बताया जाता है कि पहले रूस, फिर चीन और अब भारत को काबू में रखने के लिए पाकिस्तान का इलाका रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। चूंकि 1947 से पहले यह भारतीय भूभाग उनकी ज्यादातर रणनीतिक जरूरतें पूरी करता आया है, इसलिए 1947 में उन्होंने योजना बनाई कि अब सिर्फ पाकिस्तानी भूभाग ही उनकी सामरिक जरूरतें पूरी कर सकता है, इसलिए पाकिस्तान के साथ समझौते को पूरी तवज्जो दी जाए। तब इसके पीछे उनकी सोच थी कि भारत के साथ समझौता न होने से पश्चिमी देशों को अपनी जरूरतें बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि खास तौर पर उन्हें पाकिस्तान में हवाई अड्डों के इस्तेमाल की इजाजत मिलती रहेगी किसी भी बड़े युद्ध के समय।

**शीत युद्ध में भारत और अमेरिका अलग-अलग खेमों में थे, लेकिन 1958 में जनरल अयूब खान के तख्तापलट के बाद पाकिस्तान अमेरिका का साथी बन गया। तब से सेना, अल्लाह और अमेरिका, ये तीन चीजें पाकिस्तान को चलाती हैं। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो खुद को अमेरिका को किराये पर देता रहा है।**

समसामयिक वैश्विक परिदृश्य में भारत जब अमेरिकी हितों के परिप्रेक्ष्य में खुद को नहीं ढाल पाया तो उन्होंने पुनः पाकिस्तान की ओर रुख किया क्योंकि 1947 की एक गोपनीय ब्रिटिश रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान ब्रिटिश (अब अमेरिकी) हितों के लिए भारत से ज्यादा फायदेमंद था। यही वजह है कि पाकिस्तान का बनना ब्रिटेन के लिए एक बड़ी भू-राजनीतिक जीत थी। ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान एक ऐसा देश था जिसकी सीमा ईरान से 909 किमी, अफगानिस्तान से 2,640 किमी थी जो तब सोवियत संघ के पास था और तेल से लबालब भरे अरब देशों से भी नजदीक था।

यही वजह है कि भारत की आजादी के एक साल के भीतर ही यानी 1948 में ब्रिटेन की चालबाजी से गिलगित-बाल्टिस्तान जो जम्मू-कश्मीर का हिस्सा था, पाकिस्तान को मिल गया। इससे भारत का अफगानिस्तान और मध्य एशिया से संपर्क टूट गया और चीन के साथ 596 किमी की सीमा बनी। तब ही भारतीय नेतृत्व यदि दूरदर्शी होता तो निर्णायक पहल कर सकता था लेकिन उसकी अदूरदर्शिता ही अब भारत की परेशानियों का सबब बन चुकी है।

चूंकि 1947 की इस कथित रिपोर्ट के समय जो जगह ब्रिटेन की थी, वह जगह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने ले ली और वह पश्चिमी देशों का नेता बन गया। उसने ब्रिटेन के वैश्विक हितों को भी अपने कब्जे में लिया जिसमें पाकिस्तान का निर्माण शामिल था। यही वजह है कि जब पश्चिमी एशिया, मध्य एशिया और दक्षिण पूर्वी एशिया पर अमेरिकी पकड़ निरंतर कमजोर होती जा रही है और चीन, रूस, भारत की पकड़ तेजी से बढ़ रही है तो विगत ढाई दशकों की गलती सुधारते हुए 2025 में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान के सबसे ताकतवर व्यक्ति, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ दोपहर का भोजन किया। इससे साफ है कि अमेरिका के लिए पाकिस्तान की रणनीतिक स्थिति अब पहले से ज्यादा खास/अहम है क्योंकि इजराइल और ईरान के बीच गत कई दिनों से युद्ध चल रहा है और ट्रंप खुलकर इसराइल का समर्थन कर रहे हैं।

व्हाइट हाउस में जनरल मुनीर और ट्रंप के लंच के मायने स्पष्ट हैं। दोनों देश दक्षिण एशिया की जियोपॉलिटिक्स पर अपनी गहरी पकड़ चाहते हैं, इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप और जनरल मुनीर की मुलाकात को केवल इसराइल-ईरान युद्ध के आईने में ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि पाकिस्तान-अमेरिका के बीच इस बातचीत को अहम पाकिस्तानी खनिज सम्पदा पर अधिकार और क्रिप्टो के नजरिए से भी देखा जाना चाहिए, क्योंकि कारोबारी राष्ट्रपति ट्रंप निजी तौर पर इन मामलों की डील में गहरी दिलचस्पी रखते हैं। चूंकि जनरल मुनीर इन मामलों पर बातचीत की हैसियत रखते हैं। यहां तक कि कश्मीर पर भी विवाद को वह पुनः सुलगा सकते हैं इसलिए ट्रंप के लिए अभी वो खास बने रहेंगे।

देखा जाये तो अमेरिका का नया पाकिस्तान प्रेम उसकी भारतीय दोस्ती के लिहाज से अप्रत्याशित है जिसके दो महत्वपूर्ण मायने हो सकते हैं- पहला, या तो ट्रंप यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि अगर अमेरिका, ईरान में जंग में शामिल होता है तो पाकिस्तानी सेना की प्रतिक्रिया क्या होगी, क्या वह अपने सैन्य हवाई अड्डों के इस्तेमाल की इजाजत पुनः देगा? और दूसरा, या फिर ट्रंप पहले ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने का फैसला कर चुके हैं और पाकिस्तान की मदद चाहते हैं, क्योंकि उन्हें आशंका हैं कि चीन के प्रभाव में भी चल रहा पाकिस्तान उसे धोखा दे सकता है। इसलिए वह मुनीर की पूरी आवभगत में जुटे हुए हैं। जानकारों का कहना है कि यूं तो अमेरिका के सीनियर अधिकारी अक्सर पाकिस्तानी सेना प्रमुख से मिलते रहते हैं, लेकिन व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से मेहमाननवाजी असामान्य बात है जिसके कई कारणों में एक बड़ा कारण इसराइल-ईरान युद्ध भी है।

इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भले ही पाकिस्तान अमेरिका से अपना संबंध सुधारना चाहता है लेकिन चीन से संबंध खराब करने की कीमत पर नहीं क्योंकि पाकिस्तान के साथ चीन का जो संबंध है, उसकी तुलना अमेरिका से नहीं हो सकती है।

पाकिस्तान की रणनीतिक प्राथमिकता चीन है क्योंकि चीन पाकिस्तान की रक्षा और आर्थिक, दोनों जरूरतें पूरी कर रहा है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मानते हैं कि, हर उस रिश्ते को आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य है, जो हमारे हितों के अनुरूप हो और अमेरिका के साथ रिश्ता हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अमेरिका में एक्स राष्ट्रपति हो या वाई, इससे हमारे संबंध तय नहीं होते।' स्वाभाविक है कि अमेरिका को इससे राहत मिली होगी।

लेकिन ट्रंप के बुलाने के बावजूद पीएम मोदी का कनाडा से अमेरिका न जाना इस बात का संकेत है कि भारत मध्य पूर्व में अपनी संतुलित कूटनीति को बनाए रखना चाहता है। चूंकि अमेरिका में ट्रंप के साथ मुलाकात से भारत की तटस्थ छवि को नुकसान पहुंच सकता था, इसलिए उसने स्पष्ट इनकार कर दिया। खासकर तब जब इजरायल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है।

सुलगता सवाल है कि जब पाकिस्तान की जुबान पर ईरान का समर्थन है, तो फिर क्या आसिम मुनीर पर्दे के पीछे से इजरायल-अमेरिका का सपोर्ट करके ईरान से अपना पुराना बदला चुका रहे हैं, क्योंकि एक ओर इजराइली विमान ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अमेरिका भी अपने युद्धपोतों और विमानों के साथ ईरान के परमाणु केंद्रों को नष्ट करने की तैयारी में है। इसी बीच मुनीर अमेरिका में पहुंचकर उसे सुकून दे रहे हैं। स्वाभाविक है कि इससे चीन व रूस की बेचैनी बढ़ी होगी।

जानकार बताते हैं कि ट्रंप और मुनीर की इस मुलाकात में कई मांगें उठीं- पहला, अमेरिका-इजराइल युद्ध में मदद करना, दूसरा, पाकिस्तान के हवाई अड्डों का इस्तेमाल, तीसरा और सबसे जरूरी, ईरान जैसे मुस्लिम देश से दूरी रखना। बदले में, मुनीर ने उन्नत हथियार और जम्मू-कश्मीर में मध्यस्थता की मांग की। यूं तो अमेरिका दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र है, लेकिन उसे तानाशाहों के साथ काम करना पसंद है। कहा जाता है कि राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने एक तानाशाह के बारे में कहा था, 'वह बुरा है, लेकिन हमारा बुरा है।' यही वजह है कि तब पाकिस्तान की सेना उसे अमेरिका के करीब लायी। शीत युद्ध में भारत और अमेरिका अलग-अलग खेमों में थे, लेकिन 1958 में जनरल अयूब खान के तख्तापलट के बाद पाकिस्तान अमेरिका का साथी बन गया। तब से सेना, अल्लाह और अमेरिका, ये तीन चीजें पाकिस्तान को चलाती हैं। कहने का तात्पर्य यह कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो खुद को अमेरिका को किराये पर देता रहा है।

# क्या कपिल सिब्बल जस्टिस वर्मा को आरोप मुक्त करा देंगे!

रामस्वरूप रावतसरे

सुप्रीम कोर्ट की एक 3 जजों की कमेटी ने जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की सिफारिश पेश की है। इसके बाद जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। यह सिफारिश 64 पेज की एक रिपोर्ट में की गयी है जिसे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा गया है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि जले हुए नोट जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के स्टोररूम में ही मिले थे। इसी मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में फँसे जस्टिस यशवंत वर्मा का सपोर्ट वकील कपिल सिब्बल ने किया है। कपिल सिब्बल ने कहा कि जस्टिस वर्मा अब तक के सबसे बेस्ट जजों में से एक है।

जांच कमेटी के अनुसार स्टोररूम तक सिर्फ जस्टिस वर्मा और उनके परिवार की ही पहुंच थी, किसी बाहरी व्यक्ति की नहीं थी। जांच में सामने आया है कि आग बुझाने के दौरान फायरफाइटर्स ने 'आधे जले हुए नोट' देखे थे। एक गवाह ने तो यहाँ तक कहा कि उसने जिंदगी में पहली बार इतना ज्यादा कैश का पहाड़ देखा था। कमेटी ने माना है कि इतने सारे नोट बिना जस्टिस वर्मा या उनके परिवार की मर्जी के वहां नहीं रखे जा सकते थे। कमेटी ने जस्टिस वर्मा की बेटी दिया वर्मा और उनके निजी सचिव राजिंदर कार्की की भूमिका की भी जांच की है जिन पर आरोप है कि उन्होंने फायरफाइटर्स को कैश की जानकारी किसी को भी बताने को मना किया था। इन सभी बातों के आधार पर कमेटी ने कहा है कि जस्टिस वर्मा को पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। हालांकि, जस्टिस वर्मा ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें या उनके परिवार को इस कैश के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जस्टिस वर्मा ने यह भी कहा था कि स्टोररूम में कोई भी आ-जा सकता था। जून 2025 महीने की शुरूआत में खबर आई थी कि जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है। यह भारत के इतिहास में किसी सिटिंग जज को जबरन हटाने का पहला मामला होगा।

जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा केस में एक जांच कमेटी बनायी थी। प्रकरण में जांच कमेटी द्वारा 55 गवाहों से पूछताछ की गई थी। इसमें जस्टिस वर्मा की बेटी दिया वर्मा भी शामिल थीं। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कई गवाहों, वीडियो और तस्वीरों से यह साबित होता है कि जस्टिस वर्मा के दिल्ली वाले घर के स्टोररूम में बड़ी मात्रा में कैश खासकर 500 रुपये के नोट मिले थे जिनमें से कुछ आधे जले हुए थे। इतनी बड़ी घटना के बावजूद ना तो जस्टिस वर्मा और ना ही उनके परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी और ना ही किसी बड़े ज्यूडिशियल ऑफिसर को इसकी जानकारी दी थी। कमेटी ने इसे विचित्र व्यवहार बताया। जांच कमेटी ने यह साफ किया कि जस्टिस वर्मा को जले हुए



कैश की जानकारी ना होने का दावा करना एक अविश्वसनीय है। कमेटी ने सवाल किया, अगर कोई साजिश थी, तो जस्टिस वर्मा ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस या भारत के चीफ जस्टिस को सूचित क्यों नहीं किया?

फायर और पुलिस कर्मियों ने भी बताया कि उन्होंने आग बुझाने के बाद स्टोररूम में 500 रुपये के नोटों का 'बड़ा पहाड़' देखा था। हालांकि, घर के नौकरों ने कैश देखने से मना किया, पर कमेटी ने सरकारी अधिकारियों के बयानों को सच माना। जांच में यह भी सामने आया कि जिस स्टोररूम में आग लगी थी, उसका कंट्रोल केवल और केवल जस्टिस वर्मा और उनके परिवार के पास था। इसके अलावा घटना के बाद कथित तौर पर जला हुआ कैश 'गायब' हो गया और कमरा साफ कर दिया गया।

**जस्टिस वर्मा ने जांच को 'फंडामेंटल रूप से गलत' बताया है, लेकिन कमेटी ने उनके बचाव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि 'करेंसी नोट कई लोगों ने देखे और वास्तविक समय में रिकॉर्ड किये गये। यह असंभव है कि उन्हें फंसाने के लिए लगाया गया हो'।**

जांच कमेटी के अनुसार जस्टिस वर्मा के निजी सचिव राजिंदर सिंह कार्की ने फायर ऑफिसर को कहा था कि वे अपनी रिपोर्ट में कैश का जिक्र न करें। फायर सर्विस के ऑफिसर ने यह भी दावा किया था कि उन्हें इस मामले को आगे न बढ़ाने के लिए कहा गया था क्योंकि इसमें 'ऊपर के लोग शामिल थे।' मार्च 2025 में, दिल्ली में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में आग लग गयी थी। आग बुझाने के दौरान फायरफाइटर्स को स्टोररूम में जले हुए 500 रुपये के नोटों का एक बड़ा पहाड़ मिला था। इस घटना के बाद तत्कालीन सीजेआई ने जस्टिस वर्मा पर आरोप लगाए थे। फिर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। जस्टिस वर्मा को इस घटना के कुछ ही दिनों बाद दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रॉंसफर कर दिया गया था। ऐसा करने पर कुछ वकीलों और लीगल वर्कर्स ने इसका विरोध किया था। जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक 3 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा का बयान दर्ज किया है। कमेटी ने अपनी 64 पेज की रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सौंपी थी, जिसमें जस्टिस वर्मा को पद से हटाने की सिफारिश की गयी थी। जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया है लेकिन उन्हें कोई ज्यूडिशियल काम नहीं सौंपा गया है। जस्टिस वर्मा ने अभी तक ना तो इस्तीफा दिया है और ना ही वॉलंटरी रिटायरमेंट लिया है। अब संसद में उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना जताई जा रही है जो भारत में किसी सिटिंग जज को हटाने का पहला मामला होगा।

जस्टिस वर्मा ने जांच को 'फंडामेंटल रूप से गलत' बताया है, लेकिन कमेटी ने उनके बचाव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि 'करेंसी नोट कई लोगों ने देखे और वास्तविक समय में रिकॉर्ड किए गए। यह असंभव है कि उन्हें फंसाने के लिए लगाया गया हो' कमेटी ने सबूत हटाने या घटनास्थल को साफ करने में उनकी बेटी और निजी सचिव की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने इस मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा का बचाव किया है। 17 जून 2025 को सिब्बल ने जस्टिस वर्मा को 'सबसे बेहतरीन जजों में से एक' बताया और सरकार की इस कार्रवाई की आलोचना की है। सिब्बल का आरोप है कि सरकार का असली मकसद कॉलेजियम सिस्टम को खत्म करना और न्यायिक नियुक्तियों पर कंट्रोल पाना है। सिब्बल ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह जस्टिस वर्मा के खिलाफ तो मामला चला रही है लेकिन जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ ऐसी ही कार्रवाई नहीं कर रही है। जस्टिस शेखर यादव पर पिछले साल कुछ 'सांप्रदायिक' टिप्पणियों के आरोप लगे थे और उनके खिलाफ विपक्ष के सांसदों ने महाभियोग का नोटिस भी दिया था।

सिब्बल ने कहा, 'मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि वह (वर्मा) सबसे बेहतरीन जजों में से एक हैं जिनके सामने मैंने बहस की है। आप हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी भी वकील से पूछ लें, इस जज पर कोई गलत काम करने का आरोप नहीं है। सिब्बल ने आगे कहा, ल्यह चौंकाने वाला है कि आप (सरकार) एक ऐसे जज को निशाना बना रहे हैं जिसके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और आप एक ऐसे जज की रक्षा कर रहे हैं जिसके खिलाफ सबूत की जरूरत नहीं है।

## आत्मबोध


# पूजा में पान

हिंदू धर्म में पूजा के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों का भी विशेष महत्व होता है। इन्हीं सामग्रियों की सूची में शामिल हैं पान के पत्ते। पान के पत्तों का पूजा-पाठ में किसी एक तरह से नहीं, बल्कि अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जाता है। पान के पत्तों को ताजगी और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार, पान के पत्तों का उद्भव समुंद्र मंथन के दौरान हुआ था। पूजा में पान के पत्तों के इस्तेमाल इस मान्यता के आधार पर भी किया जाता है कि पान के पत्तों में देवी-देवताओं का वास होता है। जानिए पान के पत्तों के इस्तेमाल से पहले किन जरूरी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। धार्मिक परिपाटी पर यह मान्यता है कि पान के पत्ते के ऊपरी हिस्से पर इंद्र और शुक्र देव का वास होता है, मध्यम हिस्से में मां सरस्वती बसती हैं, निचले कोने में महालक्ष्मी विराजती हैं, भगवान विष्णु पान के पत्ते के अंदर रहते हैं और भगवान शिव के साथ-साथ कामदेव पत्ते के बाहर निवास करते हैं। इसके अतिरिक्त मां पार्वती का स्थान पान के पत्ते के बायीं तरफ और भूमिदेवी का स्थान दायीं तरफ माना जाता है. वहीं, सूर्यनारायण पूरे पत्ते पर बसते हैं यह मान्यता है। पूजा में बीच से छेद हुआ पान का पत्ता इस्तेमाल में नहीं लाते।

**सूखे पत्ते :** पान का पत्ता यदि किसी भी जगह से सूखा हुआ हो तो उसे पूजा में शामिल नहीं करते हैं। कहते हैं इस पत्ते को पूजा में शामिल करना अशुभ होता है और पूजा असफल होती है।

**फटा हुआ पत्ता :** कई पान के पत्ते कटे-फटे भी होते हैं. ऐसे में इन पत्तों के इस्तेमाल से परहेज किए जाने में ही भलाई है। इसके अलावा पान के पत्तों पर खरोंचे हों तो उन्हें भी पूजा के लिए नहीं लेना चाहिए। पत्ते बिना किसी क्षति के हों यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

**पत्ते होने चाहिए साफ :** जिन पान के पत्तों को पूजा में शामिल किया जा रहा है उन पत्तों को एकदम साफ और चमकदार होना जरूरी है। यह पत्ते साफ होंगे तो पूजा का फल भी मिलेगा और पूजा मान्यतानुसार सफल भी साबित होती है।




## लो सुनो ...



**चुनाव के बाद लोग चाहते थे कि उनके मुद्दों का तुरंत समाधान हो, लेकिन राज्य का दर्जा हमें ऐसा करने से रोक रहा है। हम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अगर वे (केंद्र) लंबा समय लेंगे, तो हमारे पास उच्चतम न्यायालय जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। मुझे उम्मीद है कि जब राज्य का दर्जा बहाल होगा, तो हमें सभी अधिकार मिलेंगे।**

फारूख अब्दुल्ला (अध्यक्ष, नेशनल कॉन्फ्रेंस)

## कुछ खास ...

### दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्रेशन

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने राष्ट्रीय दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य दुर्लभ और असामान्य रक्त प्रकार वाले रोगियों की मदद करना है, जिन्हें बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। इस रजिस्ट्री को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोहेमेटोलॉजी, मुंबई द्वारा विकसित किया गया था। इसे ए-रक्तकोष के साथ जोड़ा जाएगा, जो वर्तमान में रक्त की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्रदान करने वाला एक मंच है। दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री को ए-रक्तकोष के साथ एकीकृत करने से दुर्लभ ब्लड ग्रुप वाले लोगों के लिए ब्लड बैंकों से रक्त ढूंढना और प्राप्त करना आसान हो जाएगा। इससे ब्लड बैंकों को एक केंद्रीकृत प्रणाली के माध्यम से अपने स्टॉक और रक्तदाताओं का प्रबंधन करने में भी मदद मिलेगी। आईसीएमआर-सेंटर फॉर रिसर्च मैनेजमेंट एंड कंट्रोल ऑफ हीमोग्लोबिनोपैथीज, नागपुर की निदेशक डॉ मनीषा मडकाइकर ने ये जानकारी साझा की हैं।

## डिजिटल दुनिया

### एक्सिओम-4 के अंतरिक्ष यात्री करेंगे मधुमेह पर शोध

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए आगामी एक्सिओम-4 मिशन मधुमेह के उपचार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बुर्जील होल्डिंग्स माइक्रोग्रैविटी स्थितियों में ग्लूकोज के व्यवहार पर एक प्रयोग कर रहा है।

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ऑर्बिटल लैब में अपने 14-दिवसीय प्रवास के दौरान इस अभूतपूर्व अध्ययन का हिस्सा होंगे। 'सुइट राइड' प्रयोग के हिस्से के रूप में कुछ अंतरिक्ष यात्री निरंतर ग्लूकोज मॉनिटर पहनेंगे।

इस प्रयोग का लक्ष्य यह अध्ययन करना है कि माइक्रोग्रैविटी स्थितियों में ग्लूकोज और इंसुलिन कैसे व्यवहार करते हैं। यह शोध अंतरिक्ष यात्रियों और लकवा जैसी स्थितियों के कारण चलने-फिरने में असक्षम रोगियों के लिए पहनने योग्य टूल्स के विकास में सहायक हो सकता है। निरंतर ग्लूकोज मॉनिटर के साथ-साथ अंतरिक्ष यात्री रेफ्रिजरेटेड और परिवेशी तापमान में इंसुलिन पेन भी ले जाएंगे। इसका उद्देश्य यह देखना है कि ये अणु माइक्रोग्रैविटी स्थितियों में कैसे व्यवहार करते हैं।

बुर्जील होल्डिंग्स के मुख्य चिकित्सा अधिकारी मोहम्मद फितयान ने बताया, हम यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि अंतरिक्ष में रहने के दौरान रक्त शर्करा के स्तर में कोई बदलाव या उतार-चढ़ाव होता है या नहीं। वर्तमान में नासा मधुमेह रोगियों को अंतरिक्ष की यात्रा की अनुमति नहीं देता है।

यह अध्ययन इंसुलिन पर निर्भर मधुमेह से पीड़ित अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष यात्रा का भविष्य बदल सकता है।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजियन संख्या : 52413/1991 (टाइटल कोड : JHAHIN00860), पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या : RN/260/2020-22. अध्यक्ष व प्रधान संपादकः **बलबीर दत्त.** देश प्राण (समाचारपत्र, शीर्षक व ट्रेडमार्क) संस्थापक व स्वत्वाधिकारी **बलबीर दत्त** के लिए प्रकाशक **रोहित दत्त*** द्वारा 4/A, तारा टावर, होटल महाराजा के सामने, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची - 834001 से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डीबी कॉर्प लिमिटेड), 535/1272, लालगुटवा, रांची से मुद्रित. फोन नंबरः 0651 2361181, 0651 2361182. ईमेलः contact@deshpran.in (*पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार).

# योग से हेल्थ और करियर भी फिट



योग हमारे देश की पहचान बन चुका है। आदि काल से योग और तप के जरिए ही देश के महात्माओं ने तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। आज पूरे विश्व में भारत ने योग को एक अलग पहचान दी है। 21 जून को हर साल हम विश्व योग दिवस मनाते हैं। देश के सभी राज्यों के साथ पूरे विश्व में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे में योग को विश्व पटल पर बड़े स्तर पर देखा जाता है। अब योग महज शारीरिक कसरत नहीं बल्कि मेडिटेशन भी है। यही कारण है के योग आज की तारीख में बेहतर करियर विकल्प के रूप में भी सामने आया है।

योग में करियर को लेकर कई सारे विकल्प मौजूद हैं। इसके लिए तमान डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स कराए जाते हैं। इसके बाद आप योग शिक्षक या योगा ट्रेनर बन सकते हैं। इसके अलावा योग रिसर्चर समेत कई सारे ऑप्शन इस फील्ड में मौजूद हैं। कई सारे संस्थान योग से संबंधित कोर्स भी कराते हैं।

### 12वीं के बाद योग संबंधी कोर्स

आज की तारीख में योग का दायरा काफी बड़ा हो गया है। योग से जहां स्वास्थ्य बेहतर रहता है तो वहीं मानसिक तनाव से भी छुटकारा मिलता है। आज योग साधना के साथ बेहतर करियर ऑप्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है। 12वीं कक्षा के बाद आप योग में भी अच्छा भविष्य बना सकते हैं। इसके लिए कई सारे डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स भी उपलब्ध हैं।

### महत्वपूर्ण कोर्स

- योग विज्ञान
- योग शिक्षा
- योग और प्राकृतिक चिकित्सा
- योग और प्रशासनिक सेवाएं
- योग व ध्यान विज्ञान
- योग थेरेपी
- योग और मानसिक स्वास्थ्य
- योग एवं प्रशासनिक योग्यता
- योग संगीत
- योग और ज्योतिष विज्ञान
- योग और प्रकृति

### योग में करियर विकल्प

कक्षा 12वीं के बाद आपके पास योग के क्षेत्र में करियर बनाने के कई सारे ऑप्शन खुले हुए हैं।

### स्कूल, स्वास्थ्य केंद्रों में योग शिक्षक

योग टीचर या ट्रेनर का विकल्प आपके लिए अच्छा ऑप्शन होगा। इसके लिए तमाम न्यूनतम योग टीचिंग कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। इसके बाद किसी भी योग संस्थान, ट्रेनिंग सेंटर्स, स्कूल-कॉलेज या स्वास्थ्य केंद्रों में योग शिक्षक या ट्रेनर की जॉब पा सकते हैं।

### योग सेंटर मैनेजमेंट में ऑप्शन

योग स्थानों के प्रबंधन की दिशा में आप अपने लिए करियर बना सकते हैं। स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र, योगाभ्यास केंद्र, आदि में बेहतर करियर ऑप्शन हैं। आप योग के प्रशिक्षण प्रोग्राम का मैनेजमेंट, ग्राहक संपर्क, स्थानीय मार्केटिंग आदि कार्य कर सकते हैं।

### योग चिकित्सा में विकल्प

योग चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर विकल्प हैं। योग के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य सुधारने और रोगों का उपचार करने के क्षेत्र में कार्य करने की संभावना प्रदान करने के साथ यह आपको इस क्षेत्र में भविष्य बनाने की संभावना भी देता है। योग चिकित्सा कोर्स कर रोगीयों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान आदि की मदद कर उनकी सेहत सुधारने के साथ अपना भविष्य भी बना सकते हैं।

अवसर

# यूपीएससी में ग्रेजुएट युवाओं के लिए मौका




## 462 पदों पर निकाली गयी भर्तियां

यदि आप सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे हैं तो तैयार हो जाइए। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से ग्रेजुएट युवाओं के लिए 462 पदों पर नोटिफिकेशन जारी किया गया है। कैंडिडेट 3 जुलाई 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.i»»f पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन ही लिए जाएंगे और निर्धारित तिथि के बाद एप्लीकेशन विंडो बंद कर दी जाएगी। कैंडिडेट 4 जुलाई तक आवेदन फॉर्म को प्रिंट कर सकते हैं।

### इन पदों पर होगी भती

- उप अधीक्षक बागवानी विशेषज्ञ
- कंपनी अभियोजक
- सहायक निदेशक
- उप वास्तुकार
- विशेषज्ञ ग्रेड- III सहायक प्रोफेसर
- उप सहायक निदेशक (गैर-चिकित्सा)
- उप केंद्रीय खुफिया अधिकारी (तकनीकी)

यूपीएससी की यह भर्ती लेवल-8 पे-मैट्रिक्स के तहत होगी जिसमें सेलेक्ट किए गए कैंडिडेट को प्रारंभिक वेतन के रूप में करीब 47,600 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अन्य भत्ते भी मिलेंगे।

### आवेदन के लिए जरूरी योग्यता

यूपीएससी भर्ती में कई सारे पदों पर भर्ती के लिए अलग-अलग योग्यता निर्धारित है। इसमें संबंधित विषय में ग्रेजुएशन या उससे हायर एजुकेशन में योग्यता होनी जरूरी है। इन पदों पर बी.ई/बी.टेक, एम.एससी, बी.ए, एमबीबीएस, एमएस/एमडी/एमसीएच/डीएम, डीएनबी, एम.फिल और पीएचडी होल्डर आवेदन कर सकेंगे। शैक्षणिक योग्यता पदों के मुबातिक अलग-अलग हो सकती है। कैंडिडेट यूपीएससी की ओर से जारी नोटिफिकेशन में पदों के लिए निर्धारित योग्यता की डीटेल दी गई है।

### आवेदन के लिए न्यूतनतम आयु

यूपीएससी के 462 पदों के लिए निकाली गई भर्ती में कैंडिडेट की न्यूनतम आयु 30 वर्ष और अधिकतम आयु 45 वर्ष तय की गई है। हालांकि विभिनन पदों के लिए अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही आरक्षित वर्गों जैसे एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी को सरकार के तय नियमों के मुताबिक आयु सीमा में छूटा दी जाएगी। इसके साथ ही उम्मीदवारों को आवेदन के लिए 25 रुपये शुल्क भुगतान करना होगा। इसके साथ ही महिला, एससी, एसटी एवं पीडब्ल्यूबीडी कैटेगरी के कैंडिडेट्स के लिए यह निःशुल्क है।

### आवेदन प्रक्रिया

- कैंडिडेट संघ लोक सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://upsco»»fli»»fe.gov.i»»f पर जाएं।
- होमपेज पर डल्ली Time RegistrÔtio»»f (OTR) लिंक पर क्लिक करें।
- फिर कैंडिडेट मोबाइल या ईमेल से रजिस्ट्रेशन करें।
- मांगी गई जानकारी भरने के साथ डाक्यूमेंट्स को अपलोड करें और फीस जमा करें।
- इसके बाद एप्लीकेशन सबमिट कर दें और उसका PDF प्रिंट आउट लेकर सुरक्षित रख लें।

उपलब्धि

# आईआईटी दिल्ली बना भारत का नंबर-1 शैक्षणिक संस्थान, दुनिया में 123वीं रैंकिंग



आईआईटी दिल्ली ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व के टॉप 125 उच्च शिक्षण संस्थाओं में स्थान हासिल किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 रैंकिंग के अनुसार, आईआईटी दिल्ली भारत का नंबर-1 शैक्षणिक संस्थान बनकर उभरा है। आईआईटी दिल्ली ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व के शीर्ष 125 उच्च शिक्षण संस्थाओं में स्थान हासिल किया है। इस बार आईआईटी दिल्ली की वैश्विक रैंकिंग में उछाल है, जो पिछले वर्ष की 150वीं रैंक से बढ़कर इस वर्ष 123वीं रैंक पर पहुंच गई है। यह आईआईटी दिल्ली द्वारा अब तक प्राप्त की गई सबसे ऊंची क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग है।

आईआईटी दिल्ली की रैंकिंग में इस सफलता पर संस्थान की रैंकिंग सेल के प्रमुख और योजना संकायाध्यक्ष प्रोफेसर विवेक बुवा ने कहा, यह आईआईटी दिल्ली के लिए गर्व का क्षण है। मैं 64,000 से ज्यादा वर्तमान और पूर्व छात्रों, संकाय सदस्यों, शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार) और सभी हितधारकों को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने इस सफलता में योगदान दिया है। ये रैंकिंग्स आत्ममंथन का अवसर प्रदान करती हैं और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करती हैं जहां और सुधार की आवश्यकता है। सभी हितधारकों के प्रयासों से आईआईटी दिल्ली ने विभिन्न मापदंडों पर लगातार सुधार किया है और शीर्ष 100 विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों में स्थान बनाने की प्रबल संभावना रखता है।

क्यूएस रैंकिंग्स 2026 के विभिन्न संकेतकों में भी आईआईटी दिल्ली का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। एम्प्लॉयर रेप्युटेशन (नियोक्ता प्रतिष्ठा) के मामले में संस्थान को विश्व की शीर्ष 50 संस्थाओं में स्थान मिला है। साइटेशन्स प्रति फैकल्टी संकेतक में आईआईटी दिल्ली शीर्ष 90 संस्थानों में शामिल है, जो वैज्ञानिक अनुसंधान की गुणवत्ता को दर्शाता है। अकादमिक रेप्युटेशन (शैक्षणिक प्रतिष्ठा) में संस्थान को वैश्विक स्तर पर शीर्ष 150 में स्थान मिला है।

## सफलता की गारंटी वाली देश की यूनिवर्सिटी

# यहां पढ़ना हर छात्र का सपना

हमारे देश में हजारों यूनिवर्सिटी और कॉलेज हैं। हर विश्वविद्यालय अपने आप में अलग पहचान रखता है, लेकिन इनमें से कुछ ऐसी यूनिवर्सिटी हैं जहां पर पढ़ाई करना सफलता की गारंटी माना जाता है। बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट आने के बाद हर स्टूडेंट इन विश्वविद्यालयों में पढ़ने का सपना देखता है। ऐसे में हम आपको देश के कुछ ऐसे ही विश्वविद्यालय और संस्थानों के बारे में बताने जा रहे हैं जहां पढ़ने का शायद आपका भी सपना हो।

जहां एक बार एडमिशन मिलने का मतलब है जब आप यहां से पासआउट होकर निकलेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी, क्योंकि इन यूनिवर्सिटी और संस्थानों में स्नातक या परास्नातक करने के बाद स्टूडेंट्स का लाखों रुपये प्रति मात्र सैलरी वाली नौकरी मिलने की गारंटी होती है। यही वजह है कि जब स्टूडेंट्स किसी संस्थान में एडमिशन लेता है तो पहले उस विश्वविद्याल की रैंकिंग को जानना चाहता है जहां वह अगले कुछ साल पढ़ाई करने के बाद अपने भविष्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यहां हम आपको ऐसे ही 20 विश्वविद्यालय और संस्थानों के नाम बताने जा रहे हैं जो टॉप पर हैं।

### भारत की टॉप यूनिवर्सिटी

भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय हर साल राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग जारी करता है। जो देश की सभी यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई के स्तर, वहां होने वाले प्लेसमेंट, फैकल्टी समेत तमाम पहलुओं के आधार पर रैंकिंग तैयार करता है। पिछले साल भी शिक्षा मंत्रालय ने देश की टॉप यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थानों की सूची जारी की थी। जिसके तहत पहली रैंकिंग भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु की थी। जहां पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट कम से कम दो से तीन लाख रुपये महीने पर होता है।




1. भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु
2. जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3. जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
4. मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल
5. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
6. दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
7. अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर
8. अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
9. जादवपुर विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल
10. वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तमिलनाडु
11. सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज, चेन्नई, तमिलनाडु
12. एस.आर.एम. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई, तमिलनाडु
13. अन्ना विश्वविद्यालय, तमिलनाडु
14. शिक्षा और अनुसंधान
15. कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर, ओडिशा
16. होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, मुंबई
17. हैदराबाद विश्वविद्यालय
18. कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता
19. बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
20. चंडीगढ़ विश्वविद्यालय

उपलब्धि

# आठ महीने की गिरावट के बाद भारत में 8.9 फीसदी बढ़ा रोजगार

देश में रोजगार सृजन लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई, 2025 में 8.9 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया है। अन्य देशों के मुकाबले रोजगार वृद्धि का यह आंकड़ा काफी अधिक है। लेकिन, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। जॉब से संबंधित वेबसाइट इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार, सालाना गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 महामारी के पहले के मुकाबले करीब 80 फीसदी अधिक रहा। यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है।

### किस सेक्टर में कितने रोजगार?

रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि एंप्लॉयमेंट जेनरेशन मुख्य रूप से बाल देखभाल (27 प्रतिशत), व्यक्तिगत देखभाल व गृह स्वास्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 फीसदी) और प्रोडक्शन- मैन्यूफैक्चरिंग (22 फीसदी) में हुआ। इसके अलावा, जनरेटिव एआई क्षेत्र में मई तकर रोजगार सृजन 1.5 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष के मुकाबले दोगुना से भी अधिक है।

### अन्य देशों के मुकाबले भारत में अधिक रोजगार

इनडीड के एशिया- प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री कैलम पिकरिंग ने बताया कि भारत औधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। इसलिए, भारत में एंप्लॉयमेंट जेनरेशन अन्य देशों के मुकाबले काफी तेजी से बढ़ रहा है। जैसे-जैसे देश में बदलाव आएगा, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन देशभर में समग्र नौकरी वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगा।

### भारत में 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरी बढ़ी


रिपोर्ट में कहा गया है कि यूनाइटेड किंगडम, न्यूजीलैंड और स्वीटरलैंड के नेतृत्व में कई देशों ने वर्तमान में महामारी से पहले दिए गए रोजगार की तुलना में भारत की रोजगार सृजन काफी अच्छी है। अन्य देशों के मुकाबले भारत में रोजगार सृजन काफी तेजी से जारी है, क्योंकि देश अधिक इनफॉर्मल इकोनॉमी सिस्टम की ओर आगे बढ़ रहा है। इनडीड की रिपोर्ट वैश्विक जॉब साइट के प्लेटफॉर्म पर मई तक 2020 (महामारी अवधि), 2024 और 2025 में डेटा के विश्लेषण पर आधारित है। इसने आगे खुलासा किया कि पिछले तीन महीनों में भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरी की पोस्टिंग में बढ़ोतरी हुई है।

# दो साल में 3 करोड़ लोगों को मिला रोजगार

## सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट

देश में कोरोना काल के दौरान 2020-21 में लगभग 2.28 करोड़ नौकरियां जाने के बाद पिछले दो वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 में 3.06 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। इस अवधी के दौरान काम करने वाली आबादी के मुकाबले रोजगार में दोगुनी से अधिक बढ़ोतरी रही। वहीं रोजगार में महिलाओं की हालत में भी काफी सुधार हुआ है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी ने अपने रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 में हर साल 1.50 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला। यह सामान्य वर्ष में बड़ी वृद्धि है। कोरोना काल के बाद सुधार वाले वित्त वर्ष 2021-22 में सिर्फ 1.25 करोड़ रोजगार पैदा हुआ था।

दो वित्त वर्षों के दौरान मिले 3.06 करोड़ रोजगार में महिलाओं की संख्या 1.28 करोड़ या 42 प्रतिशत है। इनमें 2023-24 में सृजित कुल 1.52 करोड़ रोजगार में 78 लाख महिलाओं को रोजगार मिला है। जबकि 2024-25 में मिले 1.54 करोड़ रोजगार में महिलाओं की संख्या 50 लाख रही। इन दो वित्त वर्षों के दौरान कामकाजी आबादी की संख्या में 4.14 करोड़ का इजाफा हुआ है।



### कृषि क्षेत्र के रोजगार में कमी

कम सैलरी और ज्यादा मेहनत को देखते हुए कृषि क्षेत्र से लोगों का पलायन जारी है। वित्त वर्ष 2022-23 में कृषि क्षेत्र में 1.1 करोड़ रोजगार बंद हुए। 2023-24 में 10 लाख से भी कम रोजगार मिला, लेकिन 2024-25 में फिर 23 लाख लोग कृषि क्षेत्र को छोड़कर बाहर निकल गए। इसके उलट 2022-23 में गैर-कृषि रोजगार 1.28 करोड़, 2023-24 में 1.44 करोड़ और 2024-25 में 1.77 करोड़ की बढ़ा है। इस तरह गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार की संख्या 2021-22 के 23.8 करोड़ के मुकाबले 2024-25 में 28.3 करोड़ हो गई है।

### रोजगार वृद्धि में शहरी क्षेत्र आगे

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट के मुताबिक, रोजगार वृद्धि में शहरी क्षेत्रों की अहम भूमिका रही है। इसका कारण यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी इलाकों में बेहतर कमाई है। रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में पैद हुए कुल रोजगार में शहरी क्षेत्र की हिस्सेदारी 48 प्रतिशत रही। 2024-25 में यह बढ़कर 65 प्रतिशत पहुंच गया। वहीं, शहरी भारत में कामकाजी की आबादी की संख्या 36 प्रतिशत है।

## महिलाओं ने भी बढ़ाई हिस्सेदारी, रिपोर्ट में दावा

### केबल ऑपरेटरों की नौकरी में कटौती

इसके अलावा केबल ऑपरेटरों की नौकरी में भी भारी कमी देखने को मिली है। ऑल इंडिया डिजिटल केबल फेडरेशन और ईवाई इंडिया की एक ज्वॉइंट रिपोर्ट के अनुसार, भुगतान आधारित केबल टीवी कनेक्शन वालें घरों की संख्या साल 2018 के मुकाबले 2024 में 4 करोड़ घटकर 11.1 करोड़ रह गई है। इस संख्या के आधार पर स्थानीय केबल संचालकों ने संभावित रूप से 1.14 लाख से 1.95 लाख तक रोजगार में कटौती कर दी। 2018 से 2024 के बीच 31 प्रतिशत रोजगार की कमी देखी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में टीवी कनेक्शनों की संख्या 15.1 करोड़ थी, जो कि अब 2024 में घटकर 11.1 करोड़ पर पहुंच गई है।

# उप मुखिया, पूर्व मुखिया, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि ने लगाया अनियमितता का आरोप

देशप्राण संवाददाता



**कोडरमा :** जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर कोडरमा प्रखंड के इंदरवा पंचायत भवन के समीप जिला परिषद् मद से लाखों की लागत से कराए जा रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण में भारी अनियमितताएं बरते जाने का आरोप पंचायत के जनप्रतिनिधि द्वारा लगाया गया है। उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसे लेकर इंदरवा पंचायत के उप मुखिया के साथ स्थानीय लोगों ने विरोध जताया।

उप मुखिया रुपेश राणा ने बताया कि उप स्वास्थ केंद्र लगभग तीन महीने पूर्व स्वीकृत हुआ है। कुछ दिनों पूर्व मुखिया, पंचायत सेवक ने देखा था कि सौ बोरा सीमेंट खराब होकर ढेला होकर बेकार हो गया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि निर्माण में संवेदक द्वारा घन से फोड़कर कुछ अच्छा और खराब सीमेंट मिलाकर निर्माण करवाया जा रहा है।

वहीं दीवाल भी घ्वस्त हो गया इस घटिया निर्माण से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है. उन्होंने आगे कहा कि जिले के वरीय पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग करेंगे। इस बाबत जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि मीडिया के द्वारा मामला संज्ञान में आया है। संबंधित जेई से उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की गुणवत्ता की विस्तृत जांच कराई जाएगी। विरोध करने वाले में पूर्व मुखिया इंदरवा प्रभु यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गांगों यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी से इंदु शेखर ने की मुलाकात, मजदूरों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बोकारो :** भाजपा के युवा नेता एवं समाजसेवी इंदु शेखर मिश्रा ने केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और विभिन्न सामाजिक मुद्दों, विशेषकर श्रमिक वर्ग की समस्याओं को लेकर गंभीर चर्चा की।



मुलाकात के दौरान इंदु शेखर मिश्रा ने मजदूर वर्ग को हो रही परेशानियों, जैसे श्रमिक कल्याण योजनाओं का लाभ समय पर न मिलना, न्यूनतम मजदूरी की समस्या, आवास एवं चिकित्सा सुविधाओं की कमी जैसी प्रमुख समस्याओं को मंत्री जी के समक्ष रखा। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि जरूरतमंद श्रमिकों तक इनका लाभ पहुँच सके।

भविष्य में मजदूरों को बेहतर सुविधा एवं अधिकार दिलाने के लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा। मंत्री जी ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि श्रमिकों के कल्याण हेतु हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

इंदु शेखर मिश्रा की इस पहल को स्थानीय एवं सामाजिक संगठनों द्वारा सराहना मिल रही है, जो इसे समाज के कमजोर वर्ग की आवाज बुलंद करने की दिशा में एक अहम कदम मानते हैं।

## खबर कोना

### सहकार भारती की बैठक संपन्न

**कोडरमा :** रविवार को समय 3 बजे सहकार भारती की एक बैठक जैन मंदिर गली झुमरी तिलैया में भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी जी के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता अनूप जोशी जी ने किया संचालन अनील सिंह ने किया ।बैठक में धनंजय सिंह प्रदेश महामंत्री सहकार भारती मुख्य रूप से उपस्थित हुए,बैठक में लेवर, मजदूरों और श्रमिक को स्वावलंबी बनाने पर विचार विमर्श किया गया, बैठक में स्वावलंबी सोसाइटी बनाकर जनता के हित के लिए और मजदूरों के हित के लिये कार्य किया जाएगा ।बैठक में चंदन चक्रवर्ती, विजय बरनवाल, सुनील बडगवे, मुकेश कुमार ,प्रभाकर भगत आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति सिंदरी नगर कमेटी की बैठक रानी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न

**सिंदरी :** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) सिंदरी नगर कमेटी की बैठक रंगामाटी सिंदरी में संपन्न हुई। बैठक में सबसे पहले कश्मीर के पहलगाव में निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादी द्वारा किए गए हत्या, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कश्मीर में मारे गए निर्दोष नागरिकों, अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों, फिलिस्तीन के गाजा में मारे गए नागरिकों, ईरान इजरायल युद्ध में मारे नागरिकों के प्रति 1 मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में एडवा सिंदरी नगर कमेटी का सम्मेलन जल्द कराने पर विचार हुआ। सिंदरी नगर कमेटी का सम्मेलन जुलाई - अगस्त में करने पर सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता सिंदरी नगर कमेटी अध्यक्ष रानी मिश्रा ने की। आज की बैठक में सिंदरी नगर अध्यक्ष रानी मिश्रा, मिठू दास, रंजू देवी सविता सिंह, उर्मिला टुडू, सोनाली, चंपा, रोजी स्वैन, पानू मोदक, प्रभाती मोदक, नमिता, चायना देवी, सिया, कांति देवी, सुनीता मुख्य रूप से उपस्थित थी।

### भारी वर्षा को लेकर हाई अलर्ट, उपायुक्त सहित पदाधिकारियों ने किए जल स्रोतों का निरीक्षण

**कोडरमा :** भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केन्द्र, राँची द्वारा राज्य में संभावित भारी वर्षा को देखते हुए हाई अलर्ट जारी किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में उपायुक्त कोडरमा श्री ऋतुराज द्वारा जिले में संभावित आपातकालीन स्थिति से प्रभावी रूप से निपटने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं।इसी क्रम में उपायुक्त ऋतुराज द्वारा कोडरमा प्रखंड अंतर्गत वृंदाहा जलप्रपात का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पथ से जलप्रपात तक की पहुंच, सीढ़ियों की स्थिति, पर्यटकों के लिए संभावित सुविधाएं तथा क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं पर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही जलप्रपात के पास पर्यटकीय विकास की संभावनाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए गए।इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह ने मेघातरी चैकडैम का निरीक्षण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सतगावां ने पेट्रो जलप्रपात व संकरी नदी का निरीक्षण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो द्वारा पंचखैरो जलाशय, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर द्वारा बराकर नदी और अंचल अधिकारी चंदवारा द्वारा तिलैया डैम का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सभी पदाधिकारियों द्वारा आमजन से अपील की गई कि जल स्त्रोतों के निकट न जाएं एवं कम-से-कम 200 मीटर की दूरी बनाए रखें। जल स्त्रोतों के आसपास खतरे से संबंधित चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। साथ ही, संबंधित पर्यटन स्थलों पर स्थिति सामान्य होने तक पर्यटकों का आवागमन प्रतिबंधित करने की बात कही गई है। जिला प्रशासन कोडरमा आमजन से अनुरोध करता है कि मौसम संबंधी किसी भी आपात स्थिति में सावधानी बरतें, अफवाहों से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

### 30 लाख मूल्य के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

देशप्राण संवाददाता

**बोकारो :** उपायुक्त के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद बल द्वारा बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। गुप्त सूचना के आधार पर जिला उत्पाद टीम ने पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत कांडरा स्थित एनएच किनारे खड़े एक संदिग्ध ट्रक की तलाशी ली गई।

तलाशी के क्रम में उक्त ट्रक (नं पीबी 46 एम 8164) से कुल 10,800 बोतलें, लगभग 8,100 लीटर) एवं अनुमानित मूल्य लगभग 35 लाख रुपए का अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई।छापामारी के दौरान मौके से ट्रक चालक हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में शराब की तस्करी से संबंधित अहम सुराग मिलने की संभावना है।

मामले में आगे की जांच-पड़ताल जारी है।छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की एवं अवर निरीक्षक, बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास एवं अन्य उत्पाद बल के जवान उपस्थित थे।जिला प्रशासन बोकारो द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### कायस्थ महा सभा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे तेनुघाट,

805

**गोमिया :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सी बी सहाय, महामंत्री सुशील लाल, कार्यकारी युवा अध्यक्ष राजेश सिन्हा एवं प्रदेश सचिव विनय कुमार सिन्हा तेनुघाट पहुंचे और शोकाकुल परिवार तेनुघाट पंचायत मुखिया नीलम श्रीवास्तव, समाजसेवी मुन्ना श्रीवास्तव से और अधिवक्ता बीरेंद्र कुमार सिन्हा से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। बताते चलें कि मुखिया नीलम श्रीवास्तव समाजसेवी मुन्ना श्रीवास्तव की पुत्री का निधन बीते दिन हुआ था और बीरेंद्र कुमार सिन्हा की पत्नी का निधन भी बीते दिनों हुआ है। शोकाकुल परिवार के लोगों को ढाढस बढ़ाया और पूरे प्रदेश की ओर से हर समय मदद करने की बात कही। श्री सहाय ने कहा कि इस तरह की घटना से काफी मर्माहत हूं। उन्होंने कहा ईश्वर के आगे किसी का नहीं चलता है। कहा कि हर समय पूरा परिवार उनके साथ खड़ा रहेगा। संगठन हर सुख और दु:ख की घड़ी में सभी के साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव प्रशांत कुमार सिन्हा,

## डीसी के निर्देश पर गरगा पुल के समीप चला विशेष सफाई अभियान

देशप्राण संवाददाता

**बोकारो :** उपायुक्त के निदेर्शानुसार नगर निगम चास द्वारा शनिवार को चीरा चास पांडेय पुल स्थित गरगा पुल किनारे एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान का उद्देश्य *सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखना एवं नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्रदान* करना रहा।नगर निगम चास के स्वच्छता दल द्वारा गरगा पुल किनारे जमा कूड़े-कचरे को साफ किया गया। साथ ही, वहां की नालियों में जमे कचरे एवं गाद की सफाई भी की गई, ताकि बरसात के मौसम में जल जमाव जैसी समस्याएं उत्पन्न नहीं हों।




स्वच्छता के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध,नागरिक करें सहयोग

डीसी ने कहा कि साफ-सफाई हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और बोकारो जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि नगर निगम चास द्वारा शहरी क्षेत्र में नियमित सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं और आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया है कि *वे अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें एवं सफाई कर्मचारियों के कार्य में सहयोग करें, ताकि बोकारो शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ* रखा जा सके।

बीएसएल टाउनशिप में भी चला अभियान

उपायुक्त के निर्देश पर बीएसएल नगर सेवा प्रशासन द्वारा भी टाउनशिप क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभिन्न सेक्टरों के नालियों की सफाई,

### स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 को लेकर चंदवारा व कोडरमा प्रखंड में कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा :** कोडरमा और चंदवारा प्रखंड सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्रीमती सुमन द्वारा प्रतिभागियों को विषय से संबंधित व्यापक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।प्रशिक्षण सत्र में ग्रामीण स्वच्छता अभियान की दिशा में किए जाने वाले कार्यों, मूल्यांकन मापदंडों एवं सर्वेक्षण की प्रक्रिया पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सहभागिता, डेटा संकलन, जन-जागरूकता तथा समन्वय के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में ढल्एऊ के कनीय अभियंता, मनरेगा के हेल्थ विभाग के सभी पंचायत सचिव, सभी माननीय मुखिया एवं सभी जलसहिया ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## कोडरमा के रास्ते अवैध रूप से मवेशी की तस्करी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

देशप्राण संवाददाता

**कोडरमा :** पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा थाना क्षेत्रान्तर्गत रॉची-पटना मुख्य मार्ग के रास्ते अवैध पशु तस्करों द्वारा वाहन में पशु लादकर तस्करी की जा रही है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधीक्षक,कोडरमा द्वारा थाना प्रभारी कोडरमा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ध्वजाधारी गेट के पास रॉची-पटना मुख्य मार्ग पर वाहन जॉच लगाया गया।

वाहन जाँच के क्रम में समय करीब 01.30 बजे एक बोलेरो पिकअप वाहन एवं टाटा मैजिक टेम्पू को रोककर जाँच किया गया तो बोलेरो पिकअप वाहन में अवैध रूप से 03 मवेशी लदा हुआ पाया गया जिसे टाटा मैजिक टेम्पू के द्वारा रैकी किया जा रहा था। बिना वैध कागजात के पशुओं




की अवैध तस्करी करने के आरोप में दो (02) संलिप्त व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शशि कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता- स्वा० शिवशंकर तिवारी, सा०- महदेवा, थाना- वजीरगंज, जिला- गया (बिहार),पृथ्वी राज, उम्र- 30 वर्ष, पिता- बसंत यादव, सा०- देवी मण्डप रोड तिलैया, थाना- तिलैया, जिला- कोडरमा निवासी के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक बोलेरो पिकअप वाहन एक व टाटा मैजिक टेम्पू 03 गाय (01 सफेद रंग की गाय, 01 काले रंग की गाय, 01 भूरे रंग की गाय) बरामद किया गया है।छापामारी दल में विकाश कुमार पासवान, कोडरमा थाना प्रभारी, एएसआई अनुरंजन कुमार, कोडरमा थाना, समेत सशस्त्र बल शामिल रहे।

## दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ द्वारा किया गया जागरूकता कार्यक्रम का

देशप्राण संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय के प्रांगण में दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ की आठवीं वर्षगांठ धूमधाम से बनाई गई। कार्यक्रम के उद्घाटन गांडेय विधायक जयप्रकाश वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा एक कैंसर है। जो पूरे भारतवर्ष में इसको जड़ से मिटाना है। संस्था किसके लिए संस्था 2017 से पूरे भारत में जागरूकता कार्यक्रम कर किया जा रहा है।

संस्था के संस्थापक जितेंद्र यादव ने कहा कि अभी तक संस्था के द्वारा 171 वर वधु जोड़े का विवाह संपन्न कराया है। और जिसमें आज आठ जोड़े बिना दहेज लिए हुए को संस्था के द्वारा मोमेंटो ऑन सम्मान पत्र सम्मान



पत्र देकर सम्मानित किया गया। आज इस कार्यक्रम में आए हुए सभी ने शपथ लिया दहेज मुक्त विवाह करने का संकल्प लिया। जेएलकेएम के केंद्रीय कोषाध्यक्ष पूजा महतो ने कहीं कि महिलाओं को शिक्षक शिक्षित होना बहुत जरूरी है।

सब लोग शिक्षित होंगे कभी दहेज प्रथा समाप्त होगा। जिसमें पूरे झारखंड से लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लिए। जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, बगोदर पूर्वी रीता देवी, जिला परिषद शांति देवी, बरकट्ठा जिला परिषद कुमकुम देवी, बगोदर विधायक प्रतिनिधि घनश्याम यादव, सांसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो,पूर्व प्रमुख सुशील कुमार मंडल, इंटर कॉलेज के प्राचार्य खाकपती महतो, रवि कुमार महतो, डॉक्टर सुधीर गुप्ता, कोडरमा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार, कोडरमा जिला सचिव रूबी देवी, जिला उपाध्यक्ष संतोषी देवी, बोकारो जिला अध्यक्ष सरिता प्रजापति, उपाध्यक्ष संदीप कुमार महतो, जिला संगठन मंत्री विक्की सोनी, समाजसेवी राजेश कुशवाहा,बबलू कुशवाहा, सिंघानी मुखिया नारायण महतो, जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा,राष्ट्रीय संस्थापक जितेंद्र बी यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल शिवलाल पंडित, राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र प्रसाद वर्मा, राशि कोषाध्यक्ष रामकुमार वर्मा,प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप कुशवाहा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष स्वरूप मिस्त्री, जिला प्रवक्ता भोला साव, जिला सचिव छत्रधारी ठाकुर, बिरनी अध्यक्ष जितेंद्र साव, मंच संचालक उत्तम महतो, कोडरमा गार्ड प्रभारी अशोक मेहता, अधिवक्ता संतोष कुमार, गुरचरण दास ,संजय कुमार ठाकुर, राजू साव, वीरेंद्र कुमार महतो निर्मल, तपेश्वर रजक, मोहन महतो सहित काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।



# लेवी वसूलने पहुंचा टीएसपीसी नक्सली को छतरपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

देशप्राण संवाददाता



**छतरपुर (पलामू) :** गुप्त सूचना के आधार पर छतरपुर पुलिस ने छापेमारी कर टीएसपीसी नक्सली शंभू सिंह को गिरफ्तार किया है। वह लेवी वसूल करने के लिए छतरपुर थाना क्षेत्र के पलवा की ओर आ रहा था। इसी बीच पुलिस ने उसे दबोच लिया। वह छतरपुर थाना क्षेत्र के पलवा गांव के अवध सिंह का पुत्र है। इसकी जानकारी देते हुए छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के समय पुलिस अपनी दैनिक अभियान में थी।

पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रतिबंध उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत गंझू अपने दस्ते के साथ छत्तरपुर थाना क्षेत्र के तुरीदाग के जंगली पहाड़ी क्षेत्रों में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से एकत्रित है। इसी क्रम में प्रतिबंध उग्रवादी संगठन टीएसपीसी व पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें नक्सली पर्चा समेत कई दैनिक सामन को पुलिस ने जप्त किया था।

नक्सली शंभू सिंह पुलिस के साथ इसी मुठभेड़ में शामिल था। उसे समय वह बच निकला था। एसडीपीओ अवध यादव ने बताया कि शंभू सिंह के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुआ है। गिरफ्तार नक्सली शंभु सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, लूट, रंगदारी, आगजनी व पुलिस पर हमला जैसे अपराध शामिल हैं। वह लंबे समय से टीएसपीसी संगठन के साथ जुड़ा हुआ था व क्षेत्र में संगठन के विस्तार के लिए कार्य कर रहा था।

कहा कि उसे गिरफ्तार कर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी में थाना प्रभारी एसआई प्रशांत प्रसाद सिन्हा, एसआई सुशील उरांव, एसआई अनिल रजक, नारायण विश्वकर्मा व छतरपुर के सशस्त्र बल शामिल थे।

## किराना दुकान से भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार



**हुसैनाबाद,पलामू :** हुसैनाबाद के पोलडीह गांव से भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद किया है। हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी की पोलडिह गांव के किराना दुकान में अवैध शराब बेची जाती है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मो० याकूब ने थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई का निर्देश दिया। पोलडीह गांव की एक किराना दुकान से भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है। आरोपी कुंदन कुमार सिंह उर्फ छोटन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद एसडीपीओ के निर्देश पर एक टीम का गठन कर जवानों के साथ जैसे ही पुलिस पोलडीह गांव पहुंची, तो कई लोग पुलिस की गाड़ी देख कर भागने लगे। जिसके बाद टीम ने सीधे दुकान में छापेमारी किया। जिसमें (तीस) पेटी टनाका देशी शराब (प्रत्येक पेटी में 24 शीशी) मात्रा प्रति शीशी 300 एमएल, गॉड फादर केन बीयर 04 पेटी, प्रत्येक पेटी में 24 पीस, किंगफिशर बीयर (बोतल) 07 पेटी, प्रत्येक पेटी में 12 पीस, आरएस 46 शीशी मात्रा प्रति शीशी 180 एमएल, आरएस 06 शीशी मात्रा प्रति शीशी 375 एमएल, आरएस 03 बोतल, मात्रा प्रति बोतल 750 एमएल, वलण्डर प्राईड 02के बोतल, मात्रा प्रति बोतल 750 एमएल, वलण्डर प्राईड 02 शीशी, मात्रा प्रति शीशी 375 एमएल, वलण्डर प्राईड 04 शीशी मात्रा प्रति शीशी 180 एमएल, सिगनेचर 01 बोतल मात्रा 750एमएल, सिगनेचर 04, शीशी मात्रा प्रति शीशी 375 एमएल, मेगडोवेल 02 बोतल मात्रा प्रति बोतल 750 एमएल, मेगडोवेल 05 शीशी, मात्रा प्रति शीशी 375 एमएल, मेगडोवेल 03 शीशी, मात्रा प्रति शीशी 180 एमएल, इम्पोरियल ब्लू 08 शीशी, मात्रा प्रति शीशी 375 एमएल, इम्पोरियल ब्लू 02 शीशी, मात्रा प्रति शीशी 180 एमएल, बी 7, 06 शीशी मात्रा प्रति शीशी 375 एमएल, बी 7, 01 बोतल मात्रा 750 एमएल शराब को जब्त कर थाना लाया गया है। इस मामले में कुंदन कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इस छापेमारी डाल में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, एसआई नर्मदेश्वर सिंह, मुकेश कुमार सिंह, एएसआई टुनटुन कुमार के अलावा बड़ी संख्या में जवान शामिल थे।

## खबरकोना

### धोबी मोहल्ला ट्रांसफार्मर के पास बिखर है तार, हो सकती है दुर्घटना : विनोद



**मेदिनीनगर (पलामू) :** बसपा नेता सह डालटनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार सोनी ने कहा कि धोबी मोहल्ला स्थित गणेश लाल उच्च विद्यालय के पास विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। ट्रांसफार्मर के नीचे तार बिखरा हुआ पड़ा है। बिखरा हुआ तार किसी के पैर में कभी भी लग सकता है। इससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि गणेश लाल अग्रवाल विद्यालय होने की वजह से अक्सर बच्चे उसी रास्ते से गुजरते हैं। कहा कि धोबी मोहल्ला घाना आबादी का मोहल्ला है। मुहल्ले के रास्ते में जानवर, गाड़ी, मोटरसाइकिल बच्चों सहित अन्य लोगों की आवाजाही बहुत ज्यादा रहती है। लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही से लोगों की जान कभी भी जा सकती है। विभाग के अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। जिले के प्रशासनिक अधिकारी का ध्यान नहीं हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि अगर बड़ा हादसा होगा तो इसका जवाबदेह कौन होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने व तार को हटाने की मांग की है।

### रेड़मा के तालाब में डूबने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम



**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा रांची रोड स्थित तालाब में डूबने से दो बच्चो की मौत हो गई। मृतकों की पहचान शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटीकर गुरुद्वारा रोड निवासी अनुराग तिवारी के पुत्र आरव तिवारी और रेड़मा रांची रोड निवासी आनंद दुबे के पुत्र अर्पित कुमार के रूप में की गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों बच्चे शनिवार की शाम से अपने घर से लापता होने के बाद बच्चों के माता-पिता काफी परेशान थे। उन बच्चों के परिजनों ने अपने सगे संबंधियों के घर सहित सभी जगह पर इन दोनों बच्चों की तलाश की। परंतु बच्चों का कुछ पता नहीं चल पाया। खोजबीन के क्रम में रेडमा रांची रोड स्थित एक तालाब में शनिवार की देर रात दोनों बच्चों का शव मिला। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर टीओपी 2 थाना प्रभारी राकेश कुमार, टाइगर मोबाइल के जवान सुबिन्द कुमार, अमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह और सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वही इस घटना के बाद से दोनों मृत बच्चों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### 30 लाख की ज्वैलरी ले उड़े चोर, जांच में जुटी पुलिस



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना से महज 150 मीटर दूर गांधी चौक पर शनिवार रात एक ज्वैलरी दुकान मालिक को निशाना बनाकर चोरों ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया। घटना सोना महल नामक दुकान के मालिक अरुण सोनी के साथ उस वक्त हुई, जब वे रोज की तरह रात में दुकान बंद कर लौट रहे थे। आशंका है कि चोरों ने पहले से पूरी योजना बना रखी थी। उन्होंने अरुण सोनी की बाइक के हैंडल पर गंदगी लगा दी थी। जैसे ही उन्होंने गहनों से भरा झोला बाइक की डिक्की में रखा और हैंडल को छुआ, उनके हाथ गंदे हो गए। वे पास में ही पानी लेने गए ताकि हाथ धो सकें, इसी बीच घात लगाए दो चोरों ने डिक्की से झोला निकाल लिया और फरार हो गए। चोरी की यह घटना तब हुई जब बाजार में हलचल कम हो चुकी थी। ऐसी आशंका है कि दुकान मालिक की रोज की दिनचर्या पर चोरों ने कई दिनों से नजर रखी होगी। दोनों अपराधी बिना नंबर प्लेट की काली पल्सर बाइक पर आए थे और दुकान के पास पहले से मौजूद थे। दुकान बंद होते ही उन्होंने मौके का फायदा उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया। पुलिस को शक है कि इस वारदात में कोई स्थानीय व्यक्ति भी शामिल हो सकता है जो दुकान मालिक की दिनचर्या से वाकिफ था।इस वारदात के बाद इलाके के व्यवसायियों में आक्रोश है। व्यापारियों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पीड़ित परिवार की महिलाएं घटना के बाद से सदमे में हैं और रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय व्यापार मंडल ने भी इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताई है और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांडू थाना ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**पांडू (पलामू) :** पांडू थाना में काण्ड संख्या 51/25 बीएनएस का प्राथमिकी अभियुक्त खुरा गांव के लल्लू राम का 40 वर्षीय पुत्र शलेंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के पश्चात उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में थाना प्रभारी बिगेस कुमार राय ने बताया कि अभियुक्त पर टांगी से माथा पर वार करने व डंडे से मारकर पैर तोड़ने आदि के मामले दर्ज हैं। बताया कि इस मामले में अभियुक्त के खिलाफ थाना में धारा 191(2),191(3), 190/126(2)/115(2)/117(2)/118 (2) व 109 दर्ज है।

### लापता राकेश तिवारी को ढूढने में परिजन परेशान

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत बड़कागांव गांव निवासी 27 वर्षीय राकेश कुमार तिवारी 20 जून की रात करीब 10 बजे के बाद से लापता है। राकेश कुमार तिवारी के पिता सतीश नारायण तिवारी ने सदर थाना प्रभारी को पुत्र की गुमशुदगी का आवेदन देकर तलाश करने की गुहार लगायी है। पिता ने आवेदन में कहा है कि राकेश कुमार तिवारी खाना खाकर 10 बजे रात में सो गया था। उन्होंने सुबह देखा कि वह कमरे में नहीं है। इधर-उधर व पास-पड़ोस सहित परिचितों व रिश्तेदारों से संपर्क कर पता किया लेकिन पता नहीं चल पाया है। पुलिस को बताया कि उसका चेहरे का रंग गोरा है। वह काले रंग का टी-शर्ट व हाफ पैंट पहने हुए है। इधर पुलिस ने कहा कि ऐसे व्यक्ति पर किसी की नजर पड़े तो वे सदर थाना पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही मोबाइल फोन नंबर 8987684539 पर सूचित कर सकते हैं।

## जिला स्कूल के शिक्षकों का मई का वेतन लंबित, आर्थिक तंगी से जूझ रहे शिक्षक

देशप्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला स्कूल के शिक्षकों को मई माह का वेतन अभी तक नहीं मिला है, जिससे वे आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। शिक्षकों ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले ही अनुपस्थिति विवरणी जमा कर दी गई थी, फिर भी वेतन भुगतान में देरी हो रही है। इस संबंध में शिक्षकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित रूप से अवगत कराया और कार्यालय से संपर्क किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

शिक्षकों के अनुसार, कार्यालय के लिपिक रविरंजन पाठक ने बताया कि बिल बनाने के लिए कन्टिन्जेन्सी फंड उपलब्ध नहीं है और प्रत्येक शिक्षक को प्रति माह 50 रुपये जमा करने होंगे, तभी वेतन भुगतान संभव होगा। जब शिक्षकों ने इसकी लिखित जानकारी मांगी, तो लिपिक ने देने से इनकार कर दिया।

वेतन भुगतान में देरी से परेशान शिक्षकों ने अब उपायुक्त, पलामू को आवेदन देकर समाधान की गुहार लगाई है। शिक्षकों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, बल्कि पहले भी वेतन भुगतान में रुकावट आ चुकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उपायुक्त के हस्तक्षेप से समस्या का समाधान होगा। हालांकि, शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि उपायुक्त कार्यालय से समाधान नहीं हुआ, तो वे मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसकी शिकायत करेंगे।

## चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व में पार्टी के स्थापना दिवस में शामिल होने आजसू नेता हुए रवाना

### झारखंड के महापुरुषों के सपनों को आजसू करेगी पूरा : चंद्रशेखर सिंह छोटू

देशप्राण संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** आजसू के केंद्रीय कमेटी सदस्य सह डालटनगंज -भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू अपने पार्टी नेताओं के साथ रांची में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए रविवार की सुबह मेदिनीनगर से रवाना हुए। ये सभी पार्टी के नेता रांची स्थित खेल गांव के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस समारोह सह बलिदान दिवस के रूप में मनाने के लिए कई वाहनों से निकले।

कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं को जनहित के मुद्दे पर भावी रणनीति तैयार करने को ले मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम में झारखंड के महापुरुषों के बलिदानों को याद किया जाएगा। साथ ही उनकी वीर गाथा व उनके सपनों के झारखंड के निर्माण के लिए किए गए उनके योगदान व बलिदान को स्मरण कर भावी रणनीति तैयार की जाएगी। डालटनगंज- भंडरिया विधानसभा वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू के नेतृत्व में मेदिनीनगर शहर व रामगढ़ के महत्वपूर्ण साथी रांची के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चंद्रशेखर सिंह छोटू के साथ उपाध्यक्ष सतीश तिवारी, चैनपुर प्रखंड कमेटी के अख्तर अंसारी, भुवनेश्वर प्रजापति, मणि कुमार चंद्रवंशी, बबलू डोगरा, ओम प्रकाश सिंह, राजीव रंजन पांडेय, रामेश्वर प्रजापति, वीरेंद्र सिंह, रमेश प्रसाद, अवध यादव, राकेश कुमार, ट्विंकल साहू, संजय ठाकुर मनोज कुमार सुजीत तिवारी व अशोक कुमार सहित कई शामिल थे।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में शिविर लगाकर सांसद ने वरिष्ठ नागरिकों का बनवाया आयुष्मान कार्ड

देशप्राण संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को पलामू मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत आयोजित शिविर का उद्घघाटन किया। उन्होंने 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड बनवाकर मौके पर ही उन्हें कार्ड दिया।

कहा कि मोदी सरकार के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 70 साल से अधिक उम्र के वृद्धजनों का आयुष्मान वय वंदना योजना, इसे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से भी जाना जाता है, के तहत कैंप लगाकर ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है। कहा कि वरिष्ठ नागरिक अधिकाधिक संख्या में उक्त योजना के लिए अपना पंजीयन कराएं।

उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो उक्त योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे नजदीकी अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाड़ी व प्रज्ञा केन्द्र में सम्पर्क कर अपना-अपना पंजीयन करा लें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अक्टूबर 2024 को 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की। इस विस्तार के तहत 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड मिल रहा है। उन्हें यह स्वास्थ्य सेवा लाभ प्राप्त करने में मदद करेगा।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति के बावजूद 5 लाख रुपये का निशुल्क स्वास्थ्य कवर प्रदान करता है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पहले से ही कवर किए गए परिवारों से संबंधित 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अपने लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलता है।

वरिष्ठ नागरिक जो पहले से ही केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) व आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें अपनी मौजूदा योजना के बीच चयन करना होगा या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विकल्प चुन सकते हैं।

## जुलाई माह में सदर अंचल कार्यालय का घेराव करेगी भाकपा : रूचिर तिवारी

देशप्राण संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चियांकी शाखा की बैठक कामरेड सहबाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें सदर अंचल के चियांकी में आम लोगों के जन समस्याओं से अवगत हुआ। बैठक में बोलते हुए वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की बदलाव यात्रा चियांकी से ही निकली थी। इसे जनता ने काफी सराहा। जरूरत है इसे आगे बढ़ाने की। इससे आम जनता के जीवन में बदलाव हो सकेगा।

मौके पर जिला सचिव सह डालटनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि चियांकी सहित पूरे सदर अंचल में सड़क में जा रहे आम जनता की जमीन का मुआवजा औने-पौने दामों में लिया जा रहा है। रूचित तिवारी ने आरोप लगाया कि चिंयांकी में अवैध रूप से साजिश कर व खतियान में छेड़- छाड़ कर कई पैसे वाले लोग आदिवासियों की जमीन पर गिद्ध दृष्टि जमाया है। इसे शीघ्र ही पदार्फाश किया जाएगा। यह सारा खेल सदर अंचल पदाधिकारी की मिलीभगत से हो रहा है। इसके लिए आंदोलन की जरूरत है। जुलाई महीना में कम्युनिस्ट पार्टी सदर अंचल के सैकड़ों साथियों को साथ सदर अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ घेराव करेगी।

अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने कहा कि बरसात के महीना आने के बाद भी किसानों को अभी तक पैक्स के माध्यम से खाद व बीज का वितरण नहीं हुआ है । यह चिंता का विषय है। सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी जिला परिषद व प्रमुख अविलंब इस पर ध्यान दें। इससे खेती किसानी का भी काम सदर अंचल में किसान समय पर कर सकें। बैठक में सर्वसम्मति से करीमन पासवान को चियांकी पुराना टोला का शाखा सचिव व राजा सिंह को सहायक सचिव के रूप में चुना गया।

### नदी के गंदे पानी का नगर निगम क्षेत्र के घरों में हो रहा सीधी सप्लाई : शत्रुघन कुमार शत्रु

### डायरेक्ट सप्लाई से नगर निगम प्रशासन कटघरे में : झारखण्ड क्रांति मंच

मेदिनीनगर (पलामू) : झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने रविवार को नगर निगम के आयुक्त पर आरोप लगाया कि मानसुन के आगमन के साथ ही प्रति वर्ष बरसात के मौसम में मेदिनीनगर शहर के विभिन्न वार्डों में कोयल नदी से बिना शुद्धिकरण किये घरों में बाढ़ के गंदे पानी की डायरेक्ट आपूर्ति कराया जा रहा है। उन्होंने इसकी कड़ी आलोचना करते हुये मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन के साथ निवर्तमान महापौर की दक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है। शत्रुघन कुमार शत्रु ने नगर निगम प्रशासक व नगर माता- पिता की उपाधि से नवाजे जाने वाले जनप्रतिनिधियों से पूछा है कि क्या

# डीएवी शताब्दी प्लस टू पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया योग दिवस

देशप्राण संवाददाता



**भवनाथपुर (गढ़वा) :** भवनाथपुर खदान समूह के टाउनशिप स्थित डीएवी शताब्दी प्लस टू पब्लिक स्कूल में शनिवार 21 जून को 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। योग दिवस के कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सचदेवा ने विद्यालय के बच्चे बच्चियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय के संस्कृत शिक्षक प्रवीण कुमार पाण्डेय ने योग के महत्व से बच्चों को परिचित कराया एवं इससे होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दिया।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ विभिन्न प्रकार के आसन पर प्राणायाम किया। बच्चों के साथ मंच पर विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सचदेवा, संस्कृत शिक्षक प्रवीण कुमार पाण्डेय, संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी, शिक्षक बी बी साहू, लक्ष्मण कुमार सहित अन्य लोगों ने सामुहिक रूप से विभिन्न प्रकार के आसान और प्राणायाम का योगाभ्यास किया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले योग के इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सचदेवा ने अपने संबोधन ने कहा कि योग करने से तन और मन दोनों ही स्वस्थ और निर्मल होते हैं। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को इसे अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में अपनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि विद्यालय से सीख कर आप अपने घर के सदस्यों को भी योग के विषय में बतायें और अपने माता-पिता से भी प्रतिदिन योगाभ्यास करवायें।

योगाभ्यास के दौरान बच्चों को थकावट महसूस ना हो इसके लिए बीच बीच में संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी ने बहुत ही सुंदर सुंदर प्रेरक भजनों थे प्रस्तुति देते रहे। जिससे कि माहौल हल्का-फुल्का और उजावान बना रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों और शिक्षकों ने अपने जीवन में योग को अपनाने का संकल्प लिया तथा शांति मंत्र का पाठ किया। इस कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जय घोष के साथ किया गया। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ओ पी सिंह, अनिल कुमार द्विवेदी, अरुण कुमार सिंह, संजय कुमार राय, शौकत अली आदि लोग उपस्थित थे।

## झारखण्ड नस्ल बकरी का नाम मेदिनी बकरी नामाकरण का गौशालाओं के सदस्यों ने किया विरोध

देशप्राण संवाददाता



**मेदिनीनगर :** 19 एवं 20 को रांची में हुए राष्ट्रीय दो दिवसीय कार्यशाला में जब यह बात सामने आई की झारखंड नस्ल की बकरी का नाम राजा मेदिनी राय के नाम पर मेदिनी बकरी रखा जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में श्री गौशाला पलामू के सदस्य एकजुट होकर मंच पर चढ़ गए और गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंहां के माध्यम से उन्होंने आई सी ए आर. एवम आर सी इ आर और पी सी आर की राष्ट्रीय शाखा को विरोध पत्र दर्ज कराया। श्री गौशाला पलामू के सदस्य मांग करते हैं की राजा मेदिनी राय के नाम पर झारखंड की देसी गाय का नामकरण *मेदिनी गाय* किया जाए ना की बकरी का।

विषय पर आगे बोलते हुए संस्था के सचिव सत्येंद्र कुमार पांडे ने बताया कि हम आई आई सी ए आर. संस्था को मेल करेंगे और इस नाम के बारे में हमारी भावनात्मक जुड़ाव के बारे में भी उनको जानकारी देगें।

कोषाध्यक्ष नरेंद्र मेहता ने मंच से स्पष्ट किया इस कार्यक्रम के लिए और नामकरण मे परिवर्तन के लिए अगर उन्हें राजधानी दिल्ली भी जाना पड़ेगा तो गौशाला का एक प्रतिनिधि मंडल राजधानी जाकर वहां पर वैज्ञानिकों और संबंधित पदाधिकारी से मिलकर अपनी बात को पूरे जोर से एवं इसे जनता की आवाज के रूप में प्रस्तुत करेगा ।

यह मुद्दा पूरी पलामू वासियो चेरो साम्राज्य जनजाति, आदिवासी समाज से जुड़ा हुआ है जिसके लिए सरकार को उदारता के साथ कार्रवाई करते हुए झारखंड की देसी गाय का नाम राजा मेदनी राय के नाम पर मेदिनी गाय के नाम से रखना ही उचित होगा।

## सार संक्षेप

**भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने 4 देशों के टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया पर 3-1 से जीत दर्ज की**

**बर्लिन** : भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने बर्लिन के टीसी 1899 ब्लाउ वीस स्टेडियम में 4 देशों के टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 3–1 से शानदार जीत दर्ज की। भारत के लिए शारदानंद तिवारी (15वें मिनट), सौरभ आनंद कुशवाहा (36वें मिनट) और आमिर अली (43वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल ओलिवर विल (55वें मिनट) ने किया। भारतीय टीम ने मैच की शुरूआत मजबूती से की और 15वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। पहले हाफ के बाकी समय में दोनों टीमों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन गोल नहीं आया। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके अपनी लय को बनाए रखा। 36वें मिनट में सौरभ आनंद कुशवाह ने ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को छकाते हुए एक महत्वपूर्ण फील्ड गोल करके भारत की बढ़त को और मजबूत किया। कुछ ही देर बाद 43वें मिनट में आमिर अली ने गोल करके भारत को जीत के और करीब पहुंचा दिया। मैच के अंतिम क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने भी पांच मिनट शेष रहते ओलिवर विल के गोल की बदौलत एक गोल करने में सफलता प्राप्त की।

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग

# संघर्षरत भारतीय महिला टीम को बेल्जियम से मिली 0-2 की हार

**एंटवर्प, 22 जून (हि.स.) :** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को बेल्जियम के खिलाफ 0-2 की हार के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 की अंक तालिका में नौवें स्थान पर फिसल गई है। मेजबान टीम के लिए अम्ब्रे बालेनगिएन (40') और लिएन हिलेवार्ट (43') ने गोल किए, जिससे बेल्जियम ने अंक तालिका में तीसरा स्थान बरकरार रखा। शनिवार को 1-5 की करारी हार के बाद भारत ने इस मुकाबले की शुरूआत आक्रामक इरादों के साथ की। पहले क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर भी अर्जित किया गया, लेकिन गोल में तब्दील नहीं हो सका। वहीं, बेल्जियम को मिले एक पेनल्टी स्ट्रोक को भारत की वीडियो रेफरल के जरिए लॉन्ग कॉर्नर में बदल दिया गया, जिससे



भारत राहत में रहा। दूसरे क्वार्टर में कप्तान सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय फॉरवड्र्स ने गति और साहस के साथ अटैकिंग की कोशिशें तेज कीं। हाफ टाइम तक मुकाबला बराबरी पर था – भारत के पास दो और बेल्जियम के पास एक पेनल्टी कॉर्नर था। दोनों टीमों की सर्कल एंट्रीज भी लगभग समान (भारत 8, बेल्जियम 10) थीं। लेकिन तीसरे क्वार्टर में खेल का रुख बदल गया। बेल्जियम ने एक पेनल्टी कॉर्नर पर बालेनगिएन के पहले प्रयास को भारतीय गोलकीपर सविता ने रोक तो लिया, लेकिन रिबाउंड पर बेल्जियम ने गोल कर बढ़त ले ली। कुछ ही मिनटों में एक और पेनल्टी कॉर्नर पर हिलेवार्ट ने सटीक डिफ्लेक्शन के साथ स्कोर 2-0 कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत ने वापसी की भरपूर कोशिश की। दीपिका, ज्योति, नेहा, सलीमा, नवनीत और रुतुजा ने मौके बनाए, लेकिन कोई भी प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो सका।

भारत ने मैच में 22 सर्कल एंट्रीज कीं – जो बेल्जियम के बराबर थीं – लेकिन कन्वर्जन की कमी ने टीम को एक और हार थमा दी। भारत ने इस सीजन अब तक सिर्फ दो जीत हासिल की है और टीम को अब रिलिगेशन से बचने के लिए अगली सीरीज में चीन के खिलाफ दोनों मैच जीतना जरूरी होगा। टीम के सामने अब मनोबल और रणनीति दोनों की कड़ी परीक्षा है।

# शिमला में आयोजित राज्य ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में ऑकलैंड हाउस स्कूल की लड़कियों का दबदबा

एजेंसी

**धर्मशाला, 22 जून :** पांचवीं हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रैपलिंग (कुश्ती) चैंपियनशिप रविवार को इंदिरा गांधी राज्य खेल परिसर में सम्पन्न हुई, जिसमें ऑकलैंड हाउस स्कूल की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपना दबदबा बनाया है। ऑकलैंड हाउस की रुद्रांशी शर्मा ने 25 किलोग्राम से कम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अन्य लड़कियों ने भी विभिन्न वजन वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए, जिनमें स्वर्णांजली (26 किग्रा), मायरा (27 किग्रा), काव्या (28 किग्रा), वराही (30 किग्रा), योकशिता (34 किग्रा) और यतिका (35 किग्रा) शामिल हैं। स्कूल के कोच अजय कुमार ने बताया कि यह चैंपियनशिप हिमाचल प्रदेश ग्रैपलिंग समिति द्वारा आयोजित की गई थी। 21-22 जून को दो दिनों तक चले इस आयोजन में सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्गों में रोमांचक प्रदर्शन



देखने को मिले। भारत की ग्रैपलिंग समिति से संबद्ध और भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त इस चैंपियनशिप में राज्य भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन भारतीय कुश्ती संघ के तत्वावधान में हुआ, जो इसके राष्ट्रीय महत्व को दर्शाता है। प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागियों को उनकी समर्पण और कौशल के लिए योग्यता और भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

यह चैंपियनशिप न केवल ग्रैपलिंग को एक खेल के रूप में बढ़ावा देने में सफल रही, बल्कि युवा पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच भी प्रदान किया, जिसने हिमाचल प्रदेश की राष्ट्रीय खेलों में बढ़ती प्रमुखता को और मजबूत किया।

# आठवीं ऑल कामरूप जिला तैराकी प्रतियोगिता संपन्न

**गुवाहाटी, 22 जून (हि.स.) :** असम तैराकी संघ के अधीन आल कामरूप जिला तैराकी संघ के तत्वावधान में आयोजित आठवीं आल कामरूप जिला तैराकी प्रतियोगिता रविवार को गुवाहाटी स्थित डॉ. जाकिर हुसैन एक्वेटिक कॉम्प्लेक्स में भव्य रूप से संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कामरूप महानगर और कामरूप ग्रामीण जिलों के कुल 250 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सुबह 8 बजे से आरंभ हुई इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कुल 82 इवेंट्स में भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजयी छात्र-छात्राओं को असम तैराकी संघ के महासचिव भास्कर रंजन




दास, प्रचार सचिव मुकुटेश्वर गोस्वामी, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त तैराक फारिहा जमान, आल कामरूप जिला तैराकी संघ के सचिव नवज्योति गोगोई, प्रशिक्षक बाबुल गुरुंग, मोमी बर्मन, डेविड चेतिया, रविंद्र मोदक और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए।

# एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए तैयार भारतीय टीम, पहले मैच में मंगोलिया से सामना

**चियांग माई :** भारतीय सीनियर फुटबाल महिला टीम सोमवार को थाईलैंड के चियांग माई में अपने एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर अभियान की शुरूआत करने के लिए तैयार है। टीम अपना पहला मैच मंगोलिया के खिलाफ खेलेगी। यह प्रमुख प्रतियोगिता पिछले कई सालों में ब्लू टाइग्रेस के लिए दुर्भाग्यपूर्ण रही है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2003 में एएफसी महिला एशियाई कप में जगह बनाई थी। वहीं जब 2022 में टूर्नामेंट की मेजबानी की, तो कोविड-19 मामलों और चोटों के कारण टीम को टूर्नामेंट से हटना पड़ा था। ऐसे में मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री और टीम जब 16 जून को थाईलैंड पहुंचीं, तो



उनका एकमात्र लक्ष्य क्वालीफायर के जरिए एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना है। भारतीय टीम क्वालीफायर के ग्रुप बी में है, जहां उसका सामना सोमवार को मंगोलिया से, फिर 29 जून को तिमोर लेस्ते से, 2 जुलाई को इराक से और 5 जुलाई को मेजबान थाईलैंड से होगा। ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेगा। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा। थाईलैंड के अलावा भारत ने इससे पहले ग्रुप बी के अन्य तीन प्रतिद्वंद्वियों का सामना कभी नहीं किया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) की ओर से जारी बयान में मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने कहा, 'मंगोलिया, तिमोर लेस्ते और इराक के बारे में हमारे पास ज्यादा जानकारी नहीं है। उन्होंने हाल ही में कोई मैच नहीं खेला है। हम थाईलैंड के बारे में थोड़ा जानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि चियांग माई में पहले आने से हमें मौसम की स्थिति के अनुकूल होने और समय के अंतर को समायोजित करने में बहुत मदद मिली है। यहां का मौसम बेंगलुरु की तुलना में थोड़ा अधिक नम है। प्रशिक्षण मैदान बहुत अच्छा है और हम आगामी मैचों के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। **भारतीय टीम- गोलकीपर :** एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बासुदे। **डिफेंडर :** हेमम शिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डर :** अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फॉरवर्ड :** लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर, सौम्या गुगुलोथ।

## खबर कोना

**कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया**

**नई दिल्ली** : कनाडा क्रिकेट टीम ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अमेरिका क्वालीफायर के मेजबान ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपना स्थान सुनिश्चित किया, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार



पांचवीं जीत है। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार कलीम सना और शिवम शर्मा ने तीन–तीन विकेट चटकाए, जिससे कनाडा ने बहामास को सिर्फ 57 रन पर ढेर कर दिया। इसके बाद इस छोटे से लक्ष्य को कनाडा के बल्लेबाजों ने सिर्फ 5.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल लिया गया। कनाडा के बल्लेबाज दिलप्रीत बाजवा ने 14 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व कप में भाग लेने के बाद कनाडा क्वालीफायर में आगे बढ़ने के लिए पसंदीदा टीमों में से एक के रूप में पहुंचा। निकोलस किर्टन की अगुवाई वाली कनाडाई टीम ने बरमूडा के खिलाफ 110 रनों से बड़ी जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की थी। इसके बाद केमैन आइलैंड्स के खिलाफ 59 रनों से जीत दर्ज की। फिर अगले मैच में बहामास को 10 विकेट से रौंदा। चौथे मैच में केमैन आइलैंड्स के खिलाफ आरामदायक जीत दर्ज की। अब अपने पांचवें मैच में लगातार जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

# प्रयागराज : उत्तर मध्य रेल प्रयागराज मंडल की लगातार चौथी शानदार जीत

**प्रयागराज, 22 जून (हि.स.) :** प्रयागराज जिला हॉकी एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रथम हफीजुल्लाह मेमोरियल हॉकी लीग जो 15 से 25 जून तक मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मे चल रही है, शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर मध्य रेल प्रयागराज मण्डल की हॉकी टीम अपना चौथा मैच जीत कर लीग तालिका में सबसे ऊपर जगह बना लिया है। रविवार को लीग का चौथा मैच एमआईसी और उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के माध्य खेला गया। जिसमे उत्तर मध्य रेल की टीम शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए मैच 2-1 से जीत लिया। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राजेश कुमार ने दो गोल किए वही एमआईसी के खिलाड़ियों ने



मात्र 1 गोल पेनाल्टी कारनर पे किया। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि मैच बहुत रोमांचक रहा। उत्तर मध्य रेलवे टीम की इस जीत से फाइनल में पहुंचने रास्ता बन गया है।

उत्तर मध्य रेल के कोच पंकज गोस्वामी की रणनीति से रेलवे का प्रदर्शन सराहनी रहा। वह लगातार अपनी टीम को बाहर से खिलाड़ियों को दिशा निर्देश देते रहे। उत्तर मध्य रेल का मैच सोमवार को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम के मध्य खेला जाएगा।

# पंच पीर बाबा मेले के अवसर पर हुए विशाल दंगल में हजारों की संख्या में जुटे दर्शक

एजेंसी

**रामगढ, 22 जून :** भारत-पाक सीमा से सटे नंगा गांव में पंच पीर बाबा के पावन मेले के अवसर पर एक विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में 13वीं वाहिनी के कमांडेंट शिव गोपाल शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने फीता काटकर दंगल का विधिवत शुभारंभ किया। इस आयोजन में लगभग 2500 से अधिक ग्रामीण और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

दंगल में स्थानीय क्षेत्र के पहलवानों के अलावा हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से आए दिग्गज पहलवानों ने भी जोर-आजमाइश की। दंगल में छोटे-बड़े कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले जिन्हें दर्शकों ने तालियों और जयघोष के साथ सराहा। मुख्य अतिथि शिव गोपाल



शुक्ला ने इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना का संचार करते हैं।

उन्होंने युवाओं से शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने की अपील करते हुए सशस्त्र बलों में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मेले जैसा माहौल रहा जहां न केवल खेल प्रेमियों ने भाग लिया बल्कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि इस दंगल का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को नशे से दूर कर खेलों की ओर मोड़ना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय ग्राम पंचायत, युवाओं और सुरक्षाबलों का विशेष सहयोग रहा।



# हूल दिवस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने की बैठक

देशप्राण संवाददाता




**बरहरवा (साहिबगंज) :** बरहेट प्रखंड कार्यालय परिसर अंतर्गत आदिवासी संस्कृति एवं कला भवन(धूमकुडिया भवन) में रविवार को झामुमो जिला समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 30जून हूल दिवस पर चर्चा की गई।इस बैठक के मुख्य रूप से सांसद श्री विजय हांसदा, विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, धन्नजय सोरेन, झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा, जिलाध्यक्ष अरुण सिंह, जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू सहित अन्य अतिथि गण शामिल हुए। वही मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु हेंब्रम ने किया। इस दौरान मौके पर मौजूद केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी दिनांक 30जून हूल दिवस के मौके पर झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष सह सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का वीर शहीद सिदो- कान्हू मुर्मू की पावन धरती पर आगमन होने जा रहा है। सभी प्रखंड के अध्यक्ष सचिव अपने -अपने प्रखंड में बैठक कर तैयारी में जुट जाएं। बैठक को सांसद विजय हांसदा, विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, विधायक धनंजय सोरेन ने भी संबोधित करते हुए बताया कि हूल दिवस कार्यक्रम में साहिबगंज जिले के 9 प्रखंड के दर्जनों पंचायत से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया हूल दिवस कार्यक्रम ऐतिहासिक है। शहीद वीर सिद्धू कान्हू ने अपने प्राणों की आहुति देकर हम सबों को महाजनों के चंगुल से मुक्त कराने का जो कार्य किया है जिसे हम झारखंड वासी कतई नहीं भूल सकते। कार्यक्रममें मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बसंती हांसदा, जिला सचिव सुरेश टुडू, ज़िला प्रवक्ता राजाराम मरांडी, ज़िला कार्यकारिणी सदस्य प्रो नजरुल इस्लाम, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय गोस्वामी, सचिव मोहम्मद मारुफ (उर्फ गुड्डू) प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, सचिव मुजीबुर रहमान, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गूफूर, नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो, सहित सभी प्रखंड के अध्यक्ष सचिव सभी नगर अध्यक्ष सचिव सहित सम्मानित कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# न्यायालय कर्मियों को नियमित आदेश लेखन पर दिया गया प्रशिक्षण

देशप्राण संवाददाता



**पाकुड़ :** रविवार को व्यवहार न्यायालय के सभागार कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम ज्यूडिशल अकैडमी रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर जितेंद्र कुमार गुप्ता राघवेंद्र ठाकुर एवं जनार्दन मालाकार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। व्यवहार न्यायालय के संबंधित कर्मी, शेरिस्तादार, पेशकार व अन्य को दो पालियों में मास्टर ट्रेनरों द्वारा बारी-बारी से न्यायालय में नियमित आदेश लेखन के ऊपर एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उक्त तीनों ट्रेनर को बीते 19 जून को ज्यूडिशियल अकादमी, रांची में आयोजीत कार्यशाला में एम एस 2 कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराए गए फार्म की नियमित उपयोग के बारे में चर्चा की गई। न्यायालय कार्यों एवं विभिन्न वादों में लगने ऐड वॉलेरम फीस यानी यथामूल्य शुल्क पर विस्तृत चर्चा की गई। वकीलों एवं फरियादियों को किसी प्रकार की सुविधा एवं तकलीफों का सामना नहीं करना पड़े इसको लेकर भी चर्चाएं की गई और कैसे कार्य को सुगम एवं सुलभ बनाते हुए जल्द से जल्द वादों का निष्पादन किया जा सके इस पर चर्चा की गई और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को यह शक्त निर्देश दिया कि पाकुड़ एक गरीब और पिछड़ा जगह है इसलिए यहां पर आए फरियादी को आपलोगों के चलते कोई दिक्कत ना हो,और हमारे गलती से गरीबों को तकलीफ ना हो। श्री सिंह ने यह बताया कि ज्यूडिशल अकैडमी द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने उपस्थित न्यायालय के कर्मियों को नियमित आदेश लेखन के ऊपर प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान एडीआर यानी वैकल्पिक विवाद समाधान पर भी विस्तृत चर्चा किया गया। हमें इस प्रशिक्षण में सीखे गए सभी बातों को अपने दैनिक कार्यों में सम्मिलित करना होगा जिससे कि न्यायालय का कार्य सुगमता पूर्वक संपन्न हो सके। और गलतियां कम से कम हो या नहीं के बराबर हो जिससे वकील और फरियादियों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने की बैठक, 12 सूत्री मांगों पर दिया जोर

**साहिबगंज** : झारखण्ड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की बैठक रविवार को शहर के मछुआ सोसाइटी में हंसीलाल दत्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बैठक मे आउटसोर्स कर्मचारी संगठन बिस्तार को लेकर चर्चा किया। बताया की जिले के सभी प्रखंडों में आउटसोर्सिंग कर्मचारी बैठक कर संगठन मजबूत करेंगे, वही संगठन के जिला उपाध्यक्ष रितेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस नियमावली में पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया है। कर्मचारियों की मांग है कि सरकार इसमें संशोधन करते हुए 60 वर्ष तक सेवा सुरक्षा और वित्त विभाग के आलोक में संविदा कर्मियों के समान वेतन भुगतान करने का प्रावधान शामिल किया जाय, उन्होंने कहा नियमावली गठन के उपरांत झारखण्ड राज्य अंतर्गत सभी विभाग/ कार्यालयों (सचिवालय, प्रमण्डलीय, जिला, अनुमंडल, प्रखण्ड, अंचल स्तरीय एवं अन्य क्षेत्रीय कार्यालय सहित) में आउटसोर्स के माध्यम से पूर्व से कार्यरत कर्मियों को यथास्थिति कार्यालय एवं पद पर पूर्ववत रखा जाय, साथ ही कहा की समान कार्य के बदले समान वेतन के सिद्धांत पर वित्त विभाग द्वारा संविदा पर कार्यरत कर्मियों के लिए किये गए प्रावधान के अनुरूप वेतन समान रूप से लागू किया जाए। वही उन्होंने बताया की वार्षिक वेतन वृद्धि राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप समान अथवा पूर्व की भांति 8■ किया जाय, अमीन एवं अन्य तकनीकी कर्मियों, जिसे गैर-तकनीकी श्रेणी में रखा गया है, वही सभी ने एक स्वर मे कहा की सरकार जब तक हमारी मांगो को पूरा नहीं करती तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। बैठक मे मुख्य रूप से अजीत कुमार, बीरबल कुमार दास, रितेश कुमार गुप्ता, अंकित कुमार, सत्यम कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, गंधर्व पंडित, आकश कुमार, राजहंस, अमृत, सुभाष, सुमित प्रकाश, कुणाल प्रसाद गुप्ता, नरेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### इंटर में झारखंड टॉपर देव तिवारी को परशुराम अखाड़ा ने किया सम्मानित

साहिबगंज : विगत कुछ दिन पहले झारखंड इंटर का रिजल्ट घोषित हुआ था जिसमें इंटर कला विभाग में साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ निवासी संजय तिवारी के पुत्र देव तिवारी ने पूरे झारखंड राज्य में 481अंक प्राप्त कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही रविवार को ओझा टोली आदर्श पुस्तकालय में श्री परशुराम अखाड़ा व ओझा टोली के तमाम ग्राम वासियों के द्वारा देव तिवारी को माल्यार्पण, अंग वस्त्र एवं श्रीमदभागवत गीता भेंट देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए समाज के ओर से शुभकामनाएं दी गई।वही देव तिवारी ने बताया कि उन्हें राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है जिसका श्रेय वह अपने इष्ट देव, माता-पिता एवं अपने गुरुजन को देना चाहेंगे। इनका लक्ष्य बीएचयू जैसे विश्व प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी से अध्ययन कर संस्कृत का प्रोफेसर बनना है।जिससे इनके नाम से लोग हिंदुस्तान में साहिबगंज को जाने।आगे की पढ़ाई के लिए वित्तीय मदद की मांग किया है।जिसका उपस्थित सभी लोगों ने समर्थन करते हुए यथा संभव सहयोग का आश्वासन दिया।मौके पर श्रीकांत ओझा,अंकित पाण्डेय,राजीव ओझा,जयप्रकाश ओझा,अजय ओझा,डब्लू ओझा,रामबिहारी ओझा पवन पांडेय,देवकुमार ओझा,प्रमोद झा,भगवती रंजनपांडे, बच्चन कुमार पाठक, शिवम वत्स, सतीश ओझा, उज्वल पाण्डेय, आलोक ओझा व दर्जनों की संख्या में ओझा टोली ग्रामवासी उपस्थित थे।

# बरहरवा स्टेशन परिसर से आरपीएफ ने किया अवैध विदेशी शराब जब्त

देशप्राण संवाददाता




**बरहरवा (साहिबगंज) :** बरहरवा स्टेशन प्लेटफार्म संख्या एक से बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ पदाधिकारी ने एक बिट्ठू बैग एवं एक सफेद रंग का झोला से अवैध विदेशी शराब जप्त किया है। जिसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि रविवार को तकरीबन 10:00 बजे सुबही गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ शराब तस्करों के द्वारा अवैध विदेशी शराब बिहार ले जाने के जुगाड़ में है। सूचना के आलोक में सभी प्लेटफार्म पर पर्याप्त जवान को तैनात किया गया, वहीं छानबीन के दौरान स्टेशन एक नंबर प्लेटफार्म एफओबी के नीचे एक काले रंग का पिट्ठू बैग एवं एक सफेद रंग का प्लास्टिक झोला संदिग्ध अवस्था में पाया गया, काफी देर तक उक्त झोला के करीब कोई नहीं पहुंचा, तदुपरांत उक्त बैग व झोला की जांच की गई, जिसमें जांच के दौरान काले रंग का पिट्ठू बैग से 19 बोतल 'रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की' (750 मिली) जिसका बजार मुल्य 14,820/ और झोला से 14 बोतल 'ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की' (750 मिली) जिसका बाजार मूल्य 8,260 रुपए हैं, जिसकी कुल कीमत तकरीबन 23080 रूपए बताए जाते हैं। काफी पड़ताल के बावजूद उक्त समान किसकी है जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी तब विधिवत जप्त किया गया। तदुपरांत आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जिला मद्य निषेध विभाग को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया है। उक्त कार्रवाई में मुख्य रूप से अवर निरीक्षक एल.बी.माझी, एएसआई बी.एन.टुडू, कांस्टेबल अनिल कुमार साह, एस.के.भारती सहित अन्य शामिल थे।

# सखी मंडलों के बीच 57 लाख ऋण वितरित

देशप्राण संवाददाता



**गोड्डा, 22 जून :** गोड्डा प्रखंड अंतर्गत सस्ती पंचायत के सुस्ती संकुल भवन मेंआज भारतीय स्टेट बैंक महेशपुर शाखा के द्वारा एक मेगा लोन वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिला स्वंय सहायता समूहों को स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सुस्ती संकुल के 19 सखी मंडलों को कुल 57 लाख की ऋण राशि वितरित की गई। यह राशि महिला समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि सोमेश कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक राजीव मिश्रा, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, बसंतराय आलोक रंजन मिश्रा, क्रेडिट मैनेजर, गोड्डा प्रमोद कुमार, शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक महेशपुर के साथ-साथ सुस्ती संकुल की पदाधिकारी दीदी एवं अनेक सखी मंडल की दीदियाँ मौजूद थीं। कार्यक्रम में सभी ने सामूहिक रूप से महिला सशक्तिकरण एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिबद्धता जताई।

## खबरकोना

### पोड़ैयाहाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन



**गोड्डा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 'योग संगमः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आधारित एक विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास किया। इस सत्र का उद्देश्य न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाना था बल्कि यह भी दशार्ना था कि योग एक ऐसा माध्यम है जो संपूर्ण धरती और मानवता को स्वास्थ्य के सूत्र में बांधता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे तथा समुदाय में योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास किया। बताया गया कि इस सत्र का उद्देश्य न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाना था, बल्कि यह भी दशार्ना था कि योग एक ऐसा माध्यम है जो संपूर्ण धरती और मानवता को स्वास्थ्य के सूत्र में बाँधता है। वहीं विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन में प्रखंड विकास पदाधिकारी पोड़ैयाहाट, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पोड़ैयाहाट, चिकित्सा पदाधिकारी, उप-प्रमुख सुमन भगत, विधायक प्रतिनिधि अजय शर्मा, संतोष भगत, डब्लू भगत, गजाधार सिंह, स्वास्थ्य कर्मी एवं ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे तथा समुदाय में योग के लाभ को प्रचारित करेंगे।

### साहिबगंज के सैकड़ो कृषक मित्र कृषि मंत्री आवास के समक्ष आज देंगे धरना



**बरहरवा (साहिबगंज) :** साहिबगंज जिले के सैकड़ो कृषक मित्र सोमवार को रांची कृषि मंत्री के आवास के समक्ष एकदिवासी धरना प्रदर्शन हेतु वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रांची रवाना होंगे। उक्त जानकारी कृषक मित्र संघ के जिला अध्यक्ष अवनीत कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि विभिन्न मांगों के समर्थन में रांची में प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के बैनर चले कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के आवास के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया पिछले 27 मई से कृषक मित्रों का हड़ताल जारी है, वही ना सरकार और ना ही कृषि विभाग के द्वारा अभी तक कोई सकारात्मक वार्ता हो पाई हैं। बताते चले कि साल में एक बार मिलने वाला प्रोत्साहन राशि भी इस बार लभभग पिछले 18 महीने से नहीं मिलने से कृषक मित्रों का आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो चुकी हैं !जिससे कृषक मित्र काफी आहत और नाराज में हैं। लगातार कृषि विभाग के सभी कार्य तय समय सीमा और ईमानदारी पूर्वक करने के बाद भी इस हाल में रहना समझ से परे हैं, वहीं प्रदेश के सभी कृषक मित्रों के हड़ताल में रहने से कृषि कार्य भी पूरी तरह से ठप हो चुका है, यह बात आंकड़ों से पता चला हैं। यह बातें विभाग और सरकार भी भली भांति जान चुके हैं। हमें हमारा हक चाहिए तभी आगे काम करेंगे यह निर्णय प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के द्वारा लिया गया हैं। कृषि मित्र शिल्पी नेहा तिर्की के आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन में साहिबगंज जिले के विभिन्न प्रखंड के तकरीबन एक सौ कृषक मित्र शामिल होंगे।

### साहिबगंज का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को जिला प्रशासन करेगा सम्मानित

**साहिबगंज :** वर्ष 2024 एवं 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रौशन करने वाले सभी खिलाड़ियों को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया जाएगा । इस बाबत पर्यटन,कला,संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,झारखंड,रांची के निदेश के आलोक में जिला खेल कार्यालय ,साहेबगंज द्वारा साहेबगंज जिला ओलंपिक संघ के सहयोग से 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर ओलंपिक के मूल्यों से अवगत कराने तथा खेल के प्रति जागरूक करने हेतु खेल के लिए 23 से 26 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस बाबत 23 जून, 2025 सिदो कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज में संध्या 4:30 बजे से फुटबॉल, पुरुष वर्ग हेतु फ्रैंडली फुटबॉल मैच, फूलों झानो इनडोर स्टेडियम, साहेबगंज में कबड्डी, महिला वर्ग फ्रैंडली कबड्डी मैच, पुरुष वर्ग फ्रैंडली कुश्ती मैच, महिला वर्ग फ्रैंडली कुश्ती मैच, 24 जून 2025 संध्या 4:30 बजे सिदो कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज, एथलेटिक्स पुरुष वर्ग 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर,1500 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, महिला वर्ग 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, लंबी कूद, शॉटपुट, साइक्लिंग महिला एवं पुरुष वर्ग 25 जून 2025, 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह एवं कार्यशाला। 26 जून 2025 संध्या 4:30 बजे से योगा कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# डीपीएस पाकुड़ के छात्र का आईआईटी एडवांस्ड परीक्षा में चयन

देशप्राण संवाददाता



**पाकुड़ :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड के परिणाम में डीपीएस के छात्र सत्यम सोनी ने 4599 वीं रैंक के साथ सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होकर आईआईटी में प्रवेश के लिए योग्यता प्राप्त की है। यह उपलब्धि सत्यम सोनी की मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उनके इस चयन से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय समुदाय को गर्व महसूस हो रहा है। आईआईटी में प्रवेश प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और हमें विश्वास है कि सत्यम सोनी अपनी प्रतिभा और लगन से न केवल आईआईटी में बल्कि भविष्य में भी उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। डीपीएस, पाकुड़ परिवार सत्यम सोनी सुपुत्र संतोष कुमार,निवासी हिरणपुर, पाकुड़ को उनकी इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपूर्ति विभाग की समीक्षा कर दिये निर्देश




**गोड्डा :** उपायुक्त अंजली यादव के द्वारा आज खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ के क्रियान्वयन हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों के बाहर सूचना पट्ट लगाने, ई-पॉस मशीन के माध्यम से ही राशन का वितरण करने, गोदाम में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करने, अग्निशमन यंत्र, डाकिया योजना, भंडारण में प्रकाश की व्यवस्था, वरीय पदाधिकारियों को गोदाम का निरीक्षण करने सहित जिला आपूर्ति से अन्य कार्यों को करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पिछले 3 महीने से जिस राशन कार्ड से खाद्यान्न का उठाव नहीं हो रहा हो उसका भौतिक सत्यापन करते हुए उनका नाम हटाने का निर्देश दिया ताकि योग्य लाभुकों का नाम सूची में जोड़ा जा सके।

उन्होंने गोदाम में खाद्यान्न सामग्री का भंडारण एवं रखरखाव अलग-अलग रखने का निर्देश दिया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## सुंदर डैम का होगा पर्यटन विकास

# उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों ने सौंदर्यीकरण को लेकर डैम का लिया जायजा

देशप्राण संवाददाता



**गोड्डा, 22 जून :** बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत सुंदर डैम के सौदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज उपायुक्त श्रीमती अंजली यादव, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दुबे एवं डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर पवन बाघ द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुंदर डैम में पार्क निर्माण, बाउंड्री वॉल, झूला, कनेक्टिंग ब्रिज, इको टूरिज्म विलेज, भवन निर्माण, पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ विमर्श किया गया।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के द्वारा सुंदर डैम के इको टूरिज्म भवन एवं कैचमेंट एरिया का भ्रमण किया गया। डैम में किसी तरह का अतिक्रमण नहीं हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निदेश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त सहित अधिकारियों ने पहाड़ी पर चढ़ कर सुंदर डैम के विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया और बताया कि गोड्डा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। सुंदर डैम के विकास होने से जहां एक ओर शैलानियों का आवागमन बढ़ेगा।

वहीं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को प्रोत्साहन तथा बड़ी संख्या में रोजगार के साधन भी उत्पन्न होंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त को जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई कि डैम का जल स्तर फिलहाल खतरे के निशान से नीचे है। उपायुक्त के द्वारा सुंदर डैम की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं विजली की जांच की गई।

उन्होंने जिले में स्थापित कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखने के निर्देश देते हुए अत्यधिक बारिश को देखते हुए सुंदर डैम में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए एनडीआरएफ की टीम के साथ-साथ स्थानीय लोगों के सहयोग लेने के निर्देश दिए। इस दौरान उपाधीक्षक मुख्यालय जेपीएन चौधरी, जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी पथरगामा सहित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

